आज का मौसम

23.0° अधिकतम तापमान

13.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.54 सूर्यास्त 05.51

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

माघ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 03:39 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 168, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं - 12





एसबीआई चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा- बैंक जमा निवेश पर समान कर हो लागू - 12



अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास एलान से तनाव- 13



दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगी यूपी - 14

# उद्योग जगत उत्तर प्रदेश की खुशहाली का सबसे बड़ा साझेदार: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने उद्योग बंधु को प्रभावी बनाने और समस्याओं के त्वरित समाधान के दिए सख्त निर्देश

- कहा- यूपी में निवेश राष्ट्रहित में किया गया निवेश है, सीएसआर से विकास में सहभागी बनें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल किसी एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प और प्रदेश की समग्र खुशहाली में उद्योग जगत सरकार का सबसे बड़ा साझेदार है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने समेत हर समस्या का समयबद्ध समाधान करने के सख्त निर्देश दिए।

उद्योग बंधु की एनेक्सी में शनिवार को राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ हुई विशेष बैठक में योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को केवल निवेशक नहीं, बल्कि विकास की साझेदारी का अभिन्न हिस्सा मानती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रशासन तीनों स्तरों पर अपने साथ खड़ा पाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्योग समूहों से सीएसआर के माध्यम से प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अधोसंरचना जैसे क्षेत्रों में उद्योगों का योगदान प्रदेश के समावेशी विकास को नई गति दे सकता है। एमएसएमई सेक्टर पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नवाचार, पैकेजिंग, डिजाइनिंग और एक्सपोर्ट प्रमोशन को मजबूत किए बिना वैश्विक प्रतिस्पर्धा संभव नहीं है। उन्होंने उद्योग समूहों से इन क्षेत्रों में व्यावहारिक सुझाव देने और सरकार के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। टेक्सटाइल और रेडीमेड गारमेंट्स सेक्टर में महिलाओं की बड़ी भागीदारी का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं के लिए और अधिक रोजगार अवसर सृजित किए जाने चाहिए।



उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ आयोजित विशेष बैठक में मुख्यमंत्री योगी।

### यूपी की औद्योगिक उड़ान

- देश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का लगभग 55% यूपी में, कुल लंबाई करीब 1225 किमी।
- प्रदेश में चार अंतर्राष्ट्रीय सहित 16 हवाई अड्डे संचालित, जेवर एयरपोर्ट निर्माणाधीन।
- वर्ष 2023-24 में निर्यात बढ़कर 1.86 लाख करोड़, 100% से अधिक वृद्धि।
- पंजीकृत फैक्ट्रियां : 2003 में 8,980 अब लगभग 27,000।
- 4 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए 15 लाख करोड़ से अधिक निवेश का क्रियान्वयन।
- अगले दो वर्षों में 5,000 करोड़ से 185 औद्योगिक क्लस्टरों का उन्नयन।

### मंडल व राज्य स्तर पर नियमित बैठकें अनिवार्य

योगी ने निर्देश दिए कि उद्योग बंधु की हर माह जिलों की बैठक में डीएम-एसपी रहेंगे, जबकि उद्योग बंधु की राज्यस्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे। अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी आयोजित की जाए। कमिश्नरी स्तर पर मंडलायुक्त एवं एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित होगी। इन बैठकों में संबंधित मंत्री गणों के साथ इन्वेस्ट यूपी के सीईओ व अवस्थापना और औद्योगिक विकास से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं राज्यस्तर पर प्रत्येक तिमाही बैठक मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी।

### इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध होगा

योगी ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों के अनुरूप इंसेंटिव का वितरण पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोषित प्रोत्साहनों का लाभ उद्योगों तक बिना देरी पहुंचे, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खिलौना उद्योग की व्यापक संभावनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए प्रदेश में टॉय पार्क के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिए कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग की जा रही भूमि पर अनावश्यक कर न लिया जाए, ताकि नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# आज से पान मसाला, तंबाकू बीड़ी, सिगरेट पर नया टैक्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर





- नया स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर चुकाना होगा
- तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क भी लगेगा
- हर फैक्टरी का अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य

**अमृत विचार:** पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट पर रविवार एक फरवरी से उद्यमियों को नया स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर चुकाना होगा। कानपुर पान मसाला कारोबार का हब है, इसलिए यह निर्देश यहां के उद्यमियों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पादन शुल्क भी लागू किया जा रहा है। इसके लिए एक फरवरी से पंजीयन के लिए आवेदन करना होगा। हर फैक्टरी का अलग-अलग पंजीयन कराना अनिवार्य है।

पान मसाला कारोबार हमेशा से संवेदनशील की सूची में रहा है। माना जाता है कि इसके उद्यमी अपने उत्पादन के सही आंकड़े घोषित नहीं करते। इसी वजह से सरकार को सही राजस्व भी नहीं मिलता। इसके चलते इस उद्योगों से पूरा राजस्व वसूलने के लिए कर को बढ़ाया भी गया और नियम भी कड़े किए गए। इसी के तहत अब एक फरवरी से जीएसटी, केंद्रीय उत्पाद शुल्क में स्वास्थ्य व राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर के नाम से नया उपकर लागू किया जा रहा है। इसके साथ ही जीएसटी में राज्यों को क्षतिपूर्ति देने वाला पुराना उपकर एक फरवरी से समाप्त हो जाएगा। एक फरवरी से ही पंजीयन के लिए आवेदन करना होगा। हर फैक्ट्री का पंजीयन अलग होगा। आवेदन आटोमेशन आफ सेंट्रल एक्साइज के सर्विस टैक्स पोर्टल पर करना होगा। किस फैक्ट्री में कितनी मशीनें हैं, उद्यमी को इसकी घोषणा करनी होगी। सात दिन में मशीनों की अधिकतम स्पीड भी बतानी होगी। इसके आधार पर ही उपकर की गणना होगी।

### फैक्ट्री में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य

निर्देश में साफ कहा गया है कि जीएसटी और एक्साइज विभाग के अधिकारी इस घोषणा के 90 दिन के अंदर मशीनों का भौतिक सत्यापन करेंगे। पान मसाला, तंबाकू, बीड़ी व सिगरेट पर लगाया गया यह उपकर हर महीने की सात तारीख से पहले जमा करना होगा। यदि इसे समय से जमा नहीं कराया तो 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगेगा। इस आदेश में महत्वपूर्ण हिस्सा यह भी है कि फैक्ट्री में सीसीटीवी कैमरे भी उद्यमी को लगाने होंगे। ये मशीनों की रफ्तार और उन पर बनाए जा रहे उत्पादों की हर पल निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं उद्यमियों को इन कैमरे के फुटेज दो वर्ष तक सुरक्षित भी रखने होंगे ताकि कभी विभाग उनकी जांच करना चाहे तो उद्यमी से फुटेज मांग सके। यह उपकर जीएसटी व एक्साइज के अलावा अलग से चुकाना होगा।

### जीएसटी 12 प्रतिशत बढ़कर 40 प्रतिशत होगी

अभी तक पान मसाला, सिगरेट, तंबाकू, सिगार, हुक्का जर्दा व सुगंधित तंबाकू उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी व क्षतिपूर्ति उपकर लागू है। अब एक फरवरी से इन पर जीएसटी को 12 प्रतिशत बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जा रहा है। इसके अलावा उत्पाद शुल्क अतिरिक्त रूप से लगेगा। साथ ही क्षतिपूर्ति व उपकर भी लगेगा। इसके चलते इनकी कीमत भी बढ़ेंगी। इसलिए कर अपवंचना भी बढ़ने की आशंका है। जान लें, कानपुर में 90 पान मसाला इकाइयां स्थापित हैं। इन इकाइयों का सालाना टर्नओवर 12 हजार करोड़ रुपये का है।





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, युवाओं का नया गणित बचत पीछे, खर्चे आगे व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### रैगिंग में एमबीबीएस के आठ छात्र निलंबित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के प्रथम वर्ष के एक छात्र की रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की रैगिंग रोधी समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया। एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के छात्रों नवदीप चौधरी, प्रकाश बावरिया, विक्रम सिंह मीणा, धर्मेंद्र कुशवाह, केशव गौतम, सुदीप जायसवाल, नवनीत कुशवाह और रवि मीणा को छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया है और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# घने कोहरे और बर्फीली हवा के साथ फिर लौटी कड़ाके की ठंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तीन दिन बारिश के आसार, कई जिलों में घना कोहरा, दृश्यता 10 मीटर तक घटी



**अमृत विचार :** प्रदेश में शनिवार को एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ लिया। कोहरे और बर्फीली हवा के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। लखनऊ समेत कई जिलों में सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई। मौसम विभाग ने रविवार से अगले तीन दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश की संभावना भी जताई है।

बारिश और ओलावृष्टि के बाद ठंड का असर और तेज हो गया है। लखनऊ, कानपुर, आगरा, बरेली, गाजियाबाद सहित कई जिलों में शनिवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। अनेक स्थानों पर दृश्यता घटकर मात्र 10 मीटर तक रह गई। बर्फीली हवा के कारण न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। सुबह और शाम गलन बढ़ गई है, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेते नजर आए। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 जनवरी तक कोहरे में और बढ़ोतरी हो सकती है तथा कुछ क्षेत्रों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फरवरी के पहले सप्ताह में एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से एक से तीन फरवरी के बीच प्रदेश के दोनों संभागों में बारिश हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार इस दौरान दिन के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी संभव है, जिससे कोहरे से आंशिक राहत मिलेगी। हालांकि चार फरवरी से तापमान में फिर हल्की गिरावट के आसार हैं। शुक्रवार को न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बुलंदशहर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जबकि अधिकतम 21.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ आगरा सबसे गर्म दर्ज किया गया।

### मौसम विभाग का इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने कई जिलों कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं में घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और वाहन चालकों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

# महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

- अजित पवार के निधन के चौथे दिन ली शपथ, नहीं पहुंचे शरद पवार

मुंबई, एजेंसी

राकांपा के दिवंगत अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को मुंबई में एक समारोह में महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे चुकीं सुनेत्रा को यहां लोकभवन में एक संक्षिप्त समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इससे पहले दिन में, उन्हें औपचारिक रूप से राकांपा विधायक दल का नेता चुना गया। भाजपा, एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राकांपा के घटक वाली 'महायुति' सरकार में अजित पवार उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे। उनकी 28 जनवरी को बारामती में एक विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई। सुनेत्रा पवार जब शपथ लेने के लिए उठीं तो 'अजित दादा अमर रहें' जैसे नारे लगाए गए। सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार और उनकी पत्नी भी शपथग्रहण समारोह में मौजूद थीं। सुनेत्रा राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन की सदस्य नहीं हैं। उनके बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है जो अजित के निधन से खाली हुई है। चर्चाओं से दूर रहने वाली सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।



### प्रधानमंत्री मोदी व सीएम योगी ने दी बधाई

**नई दिल्ली/लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर सुनेत्रा पवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि वह राज्य के लोगों की भलाई के के साथ दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को पूरा करेंगी। वहीं, मुख्यमंत्री योगी ने भी सुनेत्रा अजित पवार को हार्दिक बधाई।

## कोडीन कफ सिरप : भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी/सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने अवैध नशीले कफ सिरप मामले में शनिवार को वाराणसी में भोला जायसवाल और उसके परिजनों की कुल पांच करोड़ 77 लाख से अधिक की संपत्ति कुर्क की। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक वर्मा ने बताया कि राबर्ट्सगंज पुलिस थाने में पंजीकृत अभियोग के तहत अभियुक्त भोला प्रसाद जायसवाल के वाराणसी के मडौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्रों में 4.55 करोड़ रुपये की कुल सात अचल संपत्तियां और 51.16 लाख रुपये मूल्य के चार वाहन कुर्क किये गए हैं। इसके अलावा बैंक खातों में जमा 70,99,228 रुपये को भी कुर्क किया गया है। कुर्क की गई चल-अचल संपत्तियों की कुल कीमत 5,77,17,990 रुपये बताई गई है।

# सीतारमण आज पेश करेंगी 9वां आम बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

- बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर होंगीं निगाहें



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी डिजिटल रूप से पेश करेंगी।

आम बजट 26 में वे प्रमुख रूप से जिन आंकड़ों पर नजर होगी उनमें मुख्य रूप से राजकोषीय घाटा शामिल है। सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है।

चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है। बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है।

# रिबाकिना ने सबालेंका को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता

मेलबर्न, एजेंसी



एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को हराकर शनिवार को आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम है। रिबाकिना ने 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज करके 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों यहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

जीत के बाद 26 वर्ष की रिबाकिना ने कहा मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है । चेहरे से भले ही पता नहीं चले लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। मॉस्को में जन्मी लेकिन कजाखस्तान के लिये खेले वाली इस खिलाड़ी ने कहा मेरे पास यह अच्छा मौका था और मैंने इसे भुनाया। दो दिन पहले सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराने वाली रिबाकिना ने चार साल पहले आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहला सेट जीता था लेकिन तीन सेट में हार गई थी।

इस बार पहला सेट जीतने के बाद वह दूसरा सेट हारी और तीसरे में 0-3 से पीछे थी, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। पांचवीं वरीयता प्राप्त रिबाकिना का यह दूसरा ग्रैंडस्लैम है जिन्होंने 2022 में विम्बलडन जीता था ।

साक्षात्कार


केंद्रीय मंत्री ने कहा- भारत और ईयू एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद

# ईयू के बाद अब अमेरिका की बारी, जल्द होगी दमदार ट्रेड डील : गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों देश इसे जल्द पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने भरोसा जताया कि निकट भविष्य में इस मोर्चे पर अच्छी खबर दी जाएगी।

गोयल ने एक साक्षात्कार में कहा, हर मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अपनी शर्तों और खूबियों पर टिका होता है। हमारी बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। अमेरिका में मेरे समकक्ष और मेरे बीच बहुत ही शानदार कामकाजी संबंध और व्यक्तिगत मित्रता है। हम इस समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि मदर ऑफ ऑल डील्स (भारत-ईयू समझौता) के बाद अब भारत और अमेरिका के बीच फादर ऑफ ऑल डील्स कब तक हकीकत बनेगी, तो उन्होंने कहा कि व्यापार समझौतों के लिए कभी कोई समय सीमा तय नहीं की जाती। इन्हें दोनों देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए सही समय पर अंतिम रूप दिया जाएगा। एफटीए से यूरोप को भारतीय निर्यात पांच वर्षों में बढ़कर दोगुना होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह वाशिंगटन की अपनी निर्धारित यात्रा से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के साथ व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों और रक्षा सहित द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख आयामों पर चर्चा की। उम्मीद है कि वह अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। क्या रूसी तेल की खरीद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट का कारण है, कहा, मुझे नहीं लगता कि यह कोई बाधा या अड़चन है। कुछ गलतफहमियां हो सकती थीं, जिन्हें काफी हद तक सुलझा लिया गया है।



### केंद्रीय वाणिज्य मंत्री बोले- मां 28 बच्चों का ख्याल रखेगी

**नई दिल्ली।** पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) अगले पांच वर्षों में यूरोप को होने वाले देश के निर्यात को दोगुना कर देगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक समझौते को मदर ऑफ ऑल डील्स करार देते हुए कहा कि मां दयालु और प्रेममयी होगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इसके सभी 28 बच्चों (भारत और यूरोपीय संघ के 27 देश) को इस समझौते से लाभ हो। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए को व्यापक रूप से मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। दोनों पक्षों ने घोषणा की है कि समझौते के लिए बातचीत पूरी हो चुकी है और इसके इसी साल लागू होने की संभावना है। गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ को होने वाले वस्तु और सेवा निर्यात में भारत पहले से ही व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अब, समझौते के लागू होने के पहले ही दिन से भारत के 99 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। इससे अगले पांच वर्षों में देश का निर्यात दोगुना होने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का वस्तु निर्यात 76 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 46 अरब डॉलर था।

अमृत विचार

अयोध्या, रविवार, 1 फरवरी 2026



## न्यूज ब्रीफ

### रविदास जयंती पर योगी ने दीं शुभकामनाएं



**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि रविदास की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ही संत रविदास जी का जन्म हुआ था, इसलिए यह तिथि आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रखती है। मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा पर संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के सुख, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की तथा स्वच्छता, अनुशासन और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील की।

### राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 31 मार्च तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में देशभर में राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 31 मार्च तक प्रभावी रहेगा। अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का मध्यस्थता के माध्यम से त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण कर न्याय प्रक्रिया को सुलभ और समयबद्ध बनाना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, उपभोक्ता, वाणिज्यिक एवं अन्य उपयुक्त मामलों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाएगा। नागरिकों से अभियान में सहभागिता की अपील की गई है।

### मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व कार्यपालक अध्यक्ष/वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उप्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 22 फरवरी को लखनऊ में वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में किया जाएगा। सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मलखान सिंह के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। शिविर का उद्देश्य समाज के निर्बल, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना तथा विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच पर प्रदान करना है।

### लखनऊ में जुटेंगी दिग्गज फार्मा कंपनियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को देश का प्रमुख फार्मास्यूटिकल और मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की ठान ली है। 3 फरवरी को राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में "फार्मा कॉन्क्लेव 1.0 : इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन उत्तर प्रदेश" का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियां आएंगी और निवेश के नए अवसरों पर मंथन होगा। एफएसडीए के सचिव एवं आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कॉन्क्लेव का आयोजन उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और इन्वेस्ट यूपी द्वारा किया जा रहा है। कॉन्क्लेव का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन-उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा वीडियो संदेश के माध्यम से निवेशकों को संबोधित करेंगे।

### पीएम सूर्य घर योजना में 10.94 लाख आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से यूपी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। राष्ट्रीय पोर्टल के अनुसार, देशभर में अब तक 58.36 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से अकेले उत्तर प्रदेश से 10.94 लाख से अधिक आवेदन दर्ज किए गए हैं। योगी सरकार की सक्रिय नीतियों और यूपीनेडा व वितरण कंपनियों के समन्वित प्रयासों से प्रदेश में अब तक 3.57 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। इससे राज्य की कुल स्थापित सौर क्षमता 1,227 मेगावाट से अधिक हो गई है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को अब तक 2,440 करोड़ से अधिक केंद्रीय सब्सिडी और लगभग 600 करोड़ की राज्य सब्सिडी दी जा चुकी है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर दो ग्राम पंचायतों के नाम बदले

- फिरोजाबाद और हरदोई की पंचायतों के नाम परिवर्तन को मिली मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में दो ग्राम पंचायतों के नाम परिवर्तित किए गए हैं। राज्य सरकार ने स्थानीय जनभावनाओं और प्रशासनिक प्रस्तावों के आधार पर यह निर्णय लिया है।

सरकारी आदेश के अनुसार, फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत वासुदेवमई में स्थित ग्राम उरमुरा किरार का नाम परिवर्तित कर अब हरिनगर कर दिया गया है। इसी प्रकार हरदोई जनपद के विकास खंड भरावन की ग्राम पंचायत हाजीपुर का नाम बदलकर सियारामपुर किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार के अनुसार, नाम परिवर्तन का उद्देश्य स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देना और ग्राम पंचायतों की पहचान को और सुदृढ़ करना है। नाम परिवर्तन से संबंधित सभी प्रशासनिक अभिलेखों, राजस्व रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेजों में आवश्यक संशोधन किए जाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।




फिल्म 'गोदान' के निर्माता-निर्देशक ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया।

## योगी से मिले 'गोदान' फिल्म के निर्माता-निर्देशक, ट्रेलर लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमाता के संरक्षण, भारतीय संस्कृति में उसके महत्व और पंचगव्य आधारित वैज्ञानिक दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बनी फिल्म गोदान के निर्माता-निर्देशक ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने कहा कि प्रदेश में गो-रक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जो ठोस, व्यापक और जमीनी स्तर पर कार्य हुआ है, वही इस फिल्म के निर्माण की सबसे बड़ी प्रेरणा बना। फिल्म में पंचगव्य से "पंच परिवर्तन" की अवधारणा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है। विनोद चौधरी द्वारा निर्मित व निर्देशित फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी को देशभर में एक साथ रिलीज होगी। निर्माता ने मुख्यमंत्री को फिल्म की विषयवस्तु, उद्देश्य और सामाजिक संदेश से अवगत कराते हुए कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गोमाता, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का समग्र दस्तावेज है।

# एटा का 'पटना पक्षी अभयारण्य' रामसर साइट सूची में शामिल

## वेटलैंड दिवस से पहले यूपी को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, बना 11वां रामसर स्थल

- पीएम मोदी और सीएम योगी ने दी बधाई, जैव विविधता संरक्षण को लेकर बड़ी उपलब्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** विश्व वेटलैंड्स दिवस (2 फरवरी) से पहले प्रदेश को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। केंद्र सरकार ने एटा जनपद स्थित पटना पक्षी अभयारण्य को रामसर साइट्स की सूची में शामिल कर लिया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या 10 से बढ़कर 11 हो गई है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद से आर्द्रभूमि, वन्यजीव और जैव विविधता संरक्षण के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का यह परिणाम माना जा रहा है। 108.86 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला पटना पक्षी विहार एक लाख से अधिक जल-पक्षियों की संरक्षण क्षमता रखता है। सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है। वर्ष 1990 में इसे अभयारण्य घोषित किया गया था, जिसका नाम जलेसर तहसील के पटना गांव के नाम पर रखा गया।

यह अभयारण्य 178 प्रजातियों के पक्षियों का आश्रय स्थल है। यह क्षेत्र 44 से अधिक जल-पक्षी प्रजातियों और चार आर्द्रभूमि पक्षी प्रजातियों- सरकिडियोर्निस मेलानोटस, अनहिंगा मेलानोगास्टर, मारेका स्ट्रेपेरा और एंसर की वैश्विक जैव-भौगोलिक आबादी के एक प्रतिशत से अधिक का संरक्षण करता है। गर्मियों में आसपास की आर्द्रभूमियों के सूख जाने पर यह स्थल सारस क्रेन का प्रमुख आश्रय बन जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को वैश्विक पहचान मिल रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इसे जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



### प्रदेश के रामसर स्थल

नवाबगंज (उन्नाव), पार्वती अरगा (गोंडा), समान (मैनपुरी), समसपुर (रायबरेली), सरसई नावर (इटावा), सांडी (हरदोई), सूर सरोवर (आगरा), बखीरा (संतकबीर नगर), ऊपरी गंगा नदी (बुलंदशहर), हैदरपुर वेटलैंड (मुजफ्फरनगर) और पटना पक्षी अभयारण्य (एटा)।

### वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल कल से

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व आर्द्रभूमि (वेटलैंड) दिवस के अवसर पर 2 फरवरी को ललितपुर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरुआत प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। आयोजन का उद्देश्य वेटलैंड संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता और पक्षी संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाना है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार ने शनिवार को अरण्य भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बर्ड फेस्टिवल में देशभर से पक्षी प्रेमी, पर्यावरणविद् और विशेषज्ञ भाग लेंगे। मंत्री ने पटना पक्षी विहार को रामसर साइट घोषित किए जाने पर विभागीय अधिकारियों की भी सराहना की।

# बजट पर टिकीं आम आदमी की नजरें

## महंगाई, टैक्स और रोजगार पर राहत की सबसे बड़ी उम्मीद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** यूनियन बजट 2026 को लेकर इस बार प्रदेश के आम लोगों की उम्मीदें पहले से कहीं अधिक बढ़ गई हैं। लगातार बढ़ती महंगाई, सीमित रोजगार के अवसर और रोजमर्रा के खर्चों के दबाव ने आम परिवारों की आर्थिक चुनौतियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर शहरों से गांवों तक चर्चा है। आम आदमी को उम्मीद है कि इस बार बजट में केवल बड़े आंकड़ों और घोषणाओं के बजाय उसकी रोजमर्रा की परेशानियों पर ठोस फैसले लिए जाएंगे।

हर वर्ग चाहे वह किसान हो, युवा हो, नौकरीपेशा हो या मध्यम वर्ग की नजरें 1 फरवरी के बजट पर टिकी हैं। सबको उम्मीद है कि यह बजट केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि आम आदमी की जेब और भविष्य दोनों को संबल देने वाला साबित होगा। लखनऊ, कानपुर, बरेली, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर और मेरठ जैसे बड़े शहरों में नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग की सबसे बड़ी अपेक्षा इनकम टैक्स में राहत को लेकर है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के बीच टैक्स स्लैब में छूट और मानक कटौती बढ़ाए जाने से उनकी जेब पर पड़ रहा दबाव कुछ कम हो सकता है। साथ ही सीनियर सिटीजन के लिए रेलवे रियायतों की बहाली और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त प्रावधान की मांग भी सामने आ रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक, बजट में कृषि आपूर्ति श्रृंखला, कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग और परिवहन लागत घटाने पर जोर दिया गया, तो इसका सीधा लाभ यूपी को मिलेगा, क्योंकि देश की बड़ी आबादी और कृषि उत्पादन यहीं केंद्रित है। सरकारी नौकरियों पर निर्भरता कम करते हुए एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती देना जरूरी है।

### रोजगार और शिक्षा पर युवाओं की निगाहें




प्रदेश के युवाओं की निगाहें रोजगार और शिक्षा पर टिकी हैं। बुंदेलखंड, पूर्वांचल और तराई क्षेत्रों के युवाओं का कहना है कि बजट में रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। औद्योगिक निवेश के साथ-साथ कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने से युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सकता है। युवाओं की यह भी अपेक्षा है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किए जाएं।

### किसानों को चाहिए सब्सिडी और एमएसपी

ग्रामीण इलाकों और किसान परिवारों के लिए भी यह बजट बेहद अहम माना जा रहा है। पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक किसानों को खेती की बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम और सिंचाई खर्च की चिंता है। किसान चाहते हैं कि कृषि क्षेत्र के लिए सब्सिडी, न्यूनतम समर्थन मूल्य और कृषि अवसंरचना पर बजट में ठोस कदम उठाए जाएं। इसके साथ ही ग्रामीण रोजगार, सिंचाई परियोजनाओं और गांवों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की भी मांग उठ रही है।

### दैनिक उपयोग की वस्तुओं में राहत की उम्मीद

महंगाई से जूझ रही गृहिणियों और आम परिवारों को रसोई गैस, खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में राहत की उम्मीद है। लोगों का कहना है कि यदि बजट में महंगाई नियंत्रित करने के उपायों और बचत को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं की घोषणा होती है, तो आम आदमी को वास्तविक राहत मिल सकती है।

# पांच आईएएस अफसरों का तबादला

- नगेंद्र प्रताप बने आगरा मंडल के कमिश्नर, एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार, कई जिलों को मिले नए सीडीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए पांच वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और एक प्रमुख सचिव को अतिरिक्त प्रभार के आदेश दिए हैं। नगेंद्र प्रताप, जो अब तक यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात थे, उन्हें आगरा मंडल का आयुक्त (कमिश्नर) नियुक्त किया गया है।

वहीं, मऊ के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रशांत नागर को फिरोजाबाद का नगर आयुक्त बनाया गया है। इसके साथ ही उन्हें फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में उप सचिव के पद पर तैनात विवेक कुमार श्रीवास्तव को मऊ का नया मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। मथुरा के मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा को स्थानांतरित करते हुए यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी जगह गाजियाबाद में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत डॉ. पूजा गुप्ता को मथुरा का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद को उनके वर्तमान पद के साथ-साथ आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### पांच पीसीएस अधिकारियों के तबादले राजेश वर्मा बने बरेली के नगर मजिस्ट्रेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने पीसीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल किया है। जारी सूची के अनुसार कुल पांच अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है। जालौन के नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को नगर मजिस्ट्रेट बरेली बनाया गया है। इसी पद तैनात अलंकार अग्निहोत्री को गणतंत्र दिवस के दिन सरकार विरोधी कृत्यों को लेकर निलंबित करके डीएम शामली कार्यालय से संबद्ध किया जा चुका है। जारी आदेश के अनुसार, उप जिलाधिकारी प्रयागराज सुनील कुमार को नगर मजिस्ट्रेट, जालौन बनाया गया है। अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा के पद पर कार्यरत कमलेश चन्द्र को उप सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में राजेश कुमार यादव-I, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा को अपर आयुक्त, देवीपाटन मंडल, गोंडा के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा नंद प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी महाराजगंज को अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), मथुरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने और विभिन्न जिलों एवं मंडलों में कार्य संतुलन बनाए रखने की दिशा में कदम माना जा रहा है।

# गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 से

## तीन दिवसीय अभियान में 300 केंद्रों पर लगेंगे शिविर, मिलेगा नि:शुल्क इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन (एनएमओ) अवध एवं गोरक्ष प्रांत तथा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास की ओर से गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 की शुरुआत की जा रही है। तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा से सटे सुदूर, थारू बाहुल्य और सीमावर्ती क्षेत्रों में डॉक्टरों की टीमें पहुंचकर लोगों को निःशुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएंगी।

स्वास्थ्य सेवा यात्रा की शुरुआत 5 फरवरी को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री असीम अरुण और संघ के प्रचारक सहित अन्य अतिथि लोहिया संस्थान से करेंगे। यात्रा की जानकारी शनिवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केंद्र में आयोजित प्रेसवार्ता में दी गई। इस मौके पर श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, एनएमओ अवध प्रांत अध्यक्ष डॉ. संदीप तिवारी, केजीएमयू के डॉ. विजय कुमार और मीडिया प्रभारी डॉ. कपिल देव शर्मा मौजूद रहे।

डॉ. संदीप तिवारी और डॉ. एमएलबी भट्ट ने बताया कि यात्रा की रवानगी के बाद डॉक्टरों की टीमें लखीमपुर, पीलीभीत, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के सीमांत इलाकों में पहुंचेंगी। सभी क्षेत्रों में 6 फरवरी को सुबह 9 बजे से स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ऑनलाइन माध्यम से इन शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

उन्होंने बताया कि 6 और 7 फरवरी को 300 केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जबकि 8 फरवरी को विशाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निःशुल्क जांच, दवा वितरण और विशेषज्ञ परामर्श की सुविधा दी जाएगी। इस बार ढाई लाख से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में केजीएमयू, एम्स, एसजीपीजीआई, बीएचयू सहित देश के 70 मेडिकल कॉलेजों के एक हजार से अधिक डॉक्टर हिस्सा लेंगे। राजस्थान, महाराष्ट्र समेत अन्य राज्यों से भी चिकित्सक इस अभियान में सहयोग करेंगे। शिविरों में एक्स-रे, कैंसर, मोतियाबिंद सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की जाएगी। साथ ही चश्मा वितरण, आयुष्मान कार्ड बनवाने जैसी सुविधाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जाएंगी।




लखनऊ : विश्व संवाद केंद्र में पत्रकारों को जानकारी देते श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. एमएलबी भट्ट, साथ में अन्य।

**पहल** | उप्र. और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच एमओयू

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी का होगा इस्तेमाल

- यूपी-बिहार मिलकर करेंगे महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** खेती को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने की दिशा में उप्र. और बिहार ने एक अहम पहल की है। डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश और बिहार के महिला किसान संगठनों के बीच राजधानी लखनऊ में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

यह एमओयू उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ भूस्वामिनी और बिहार के पहले एफपीओ महासंघ बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच हुआ। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों की क्षमता वृद्धि, आधुनिक तकनीक आधारित खेती को प्रोत्साहन, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा खरीद-बिक्री की संगठित व्यवस्था विकसित करना है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे महिला किसान वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित निर्णय ले सकेंगी। साथ ही बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर प्रैक्टिसेज अपनाने पर विशेष जोर रहेगा। एमओयू के माध्यम से उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान संयुक्त रूप से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार आधारित कार्यक्रम संचालित करेंगी। इससे महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, जलवायु अनुकूल खेती और संसाधनों के बेहतर उपयोग की जानकारी मिलेगी।



मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में महिला किसानों को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर कृषि आधारित उद्यमिता, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केट लिंकेज से जोड़ा जा रहा है। कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए एक पारदर्शी और सशक्त तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे महिला किसान संगठनों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

# आपदा राहत कार्यों को मिली रफ्तार

- वर्ष 2025-26 में 710.12 करोड़ रुपये जारी, बाढ़ राहत पर सर्वाधिक खर्च

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर और मानव-जीव संघर्ष जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए राहत आयुक्त कार्यालय लगातार सक्रिय हैं। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान आपदा राहत मद में कुल 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई, जिससे प्रदेश में राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों को नई गति मिली है।

जारी की गई धनराशि में सबसे अधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास के लिए आवंटित किए गए। यह राशि मुख्य रूप से सरयू, गंगा और घाघरा नदी से प्रभावित इलाकों में बचाव कार्यों, क्षतिपूर्ति और पुनर्वास पर खर्च की गई। इसके अलावा चक्रवात व आंधी-तूफान से हुई क्षति के लिए 14.13 करोड़ रुपये, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़ रुपये और अग्निकांड से प्रभावितों को सहायता के लिए 14.63 करोड़ रुपये जारी किए गए। शीतलहरी से बचाव को लेकर सरकार ने विशेष प्रयास किए, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिला। ठंड से निराश्रितों की सुरक्षा के लिए 50.72 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की गई। इसके अंतर्गत कंबल वितरण के लिए 45.51 करोड़ रुपये और अलाव जलाने के लिए 3.51 करोड़ रुपये खर्च किए गए। प्रदेश के सभी जनपदों में 27,027 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई, जिनमें अब तक 1,69,834 अलाव जलाए जा चुके हैं।

राहत आयुक्त कार्यालय के अनुसार, अब तक 5,89,689 कंबल गरीबों और निराश्रितों को वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही प्रदेश भर में 1,242 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहां 64 हजार से अधिक लोगों को ठंड से राहत मिली है।

न्यूज ब्रीफ

## दवा वितरण के लिये एक ही खिड़की होने से मरीज परेशान

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल में दवा वितरण की अव्यवस्था के चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां दवा वितरण के लिये मात्र एक ही खिड़की होने के कारण महिला व पुरुष मरीजों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। हाल ही में डॉ.आकांक्षा वर्मा ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला है। उन्होंने बताया कि इस समस्या से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, और जल्द ही दवा वितरण के लिये अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था की जायेगी।

## तनाव प्रबंधन के लिए योग व मेडिटेशन शिविर

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रसूलपुर टोल प्लाजा पर शनिवार को योग एवं मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों ने टोल कर्मियों को



तनाव प्रबंधन (स्ट्रेस मैनेजमेंट), एकाग्रता और बेहतर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग कराया व योग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षकों ने मेडिटेशन क्रिया कराते हुए सभी प्रतिभागियों से कुछ समय शांतिपूर्वक ध्यान में बैठने का आग्रह किया। इस अवसर पर गोमती हाईवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर वी. थंगादुरई, कॉरिडोर मैनेजर रवि राय, सेफ्टी मैनेजर सचिन सिंह और मेंटेनेंस मैनेजर आदित्य दुबे सहित कई अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घटतौली का खुला खेल बांट-माप विभाग मौन

**गोसाईंगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** तहसील सदर अंतर्गत गोसाईगंज नगर सहित आसपास के ग्रामीण व कस्बाई बाजारों में घटतौली का खेल खुलेआम जारी है। सब्जी, फल, गल्ला, तेल, मिर्च-मसाले, खोवा, चीनी व मिष्ठान जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं की खरीदारी करने वाले उपभोक्ता लगातार शोषण का शिकार हो रहे हैं, जबकि संबंधित बाट-माप विभाग पूरी तरह मौन बना हुआ है। गोसाईंगंज बाजार, तेलियागढ़, कटरा रामगंज सहित समदा, किशनपुर आदि क्षेत्रों में दुकानदार 100 से 150 ग्राम तक और कहीं-कहीं 200 ग्राम तक कम वजन देकर सामान थमा रहे हैं। गोकर्ण कौशिक, एस.एन. विश्वकर्मा, जसवंत, सिद्धार्थ, जमीर हसन, चांद बाबू सहित अन्य ने जिला प्रशासन और बाट-माप विभाग से सघन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। विभाग से संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं मिल सका।

## पंप चालक को बनाया बड़ा बाबू

**गोसाईंगंज, अमृत विचार। अमृत विचार :** लंबे समय से रिक्त चल रहे बड़े बाबू के पद पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी (ईओ) सीमा राय ने पंप चालक शिव शंकर वर्मा को नगर अधिनियम के तहत बड़े बाबू (लिपिक) के पद की जिम्मेदारी सौंपी है। वर्ष 2008 से अब तक कोई नई स्थायी भर्ती नहीं हुई है। ऐसे में प्रशासनिक कार्यों का संचालन संविदा और ठेका कर्मियों के माध्यम से किया जा रहा था, जिससे कार्यों के निस्तारण में दिक्कतें सामने आ रही थीं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया। शिव शंकर वर्मा को बडे बाबू का कार्य सौंपे जाने पर कुछ सवाल भी उठे, जिनका जवाब देते हुए ईओ सीमा राय ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह नियमसंगत प्रक्रिया है।

# राम मंदिर निर्माण में अब तक खर्च हुए 1900 करोड़ रुपये

**30 अप्रैल तक निर्माण एजेंसियों को परिसर खाली करने के निर्देश ■ मार्च में परिसर के अन्य मंदिरों में दर्शन कराएगी ट्रस्ट**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण पर लगभग 1900 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, जिसमें ट्रस्ट निर्माण एजेंसियों को जीएसटी के साथ 1600 करोड़ का भुगतान कर चुका है। अब 30 अप्रैल के पहले अन्य प्रपत्रों को पूरा करने के साथ परिसर को खाली करने का भी निर्देश दे दिया गया है। हालांकि इस दौरान निर्माण संस्था की एक यूनिट अगले तीन वर्ष तक देख रेख करेगी। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने सभी निर्माण कार्यों को अगले एक माह में पूरा करने के साथ मार्च में सभी कार्यों से संबंधित प्रपत्र को पूरा कर ट्रस्ट को हैंडओवर के लिए समय तय कर दिया है।



मंदिर निर्माण समिति की बैठक के बाद शनिवार को अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि एलएंडटी और टाटा कंसलटेंसी अपने स्टॉफ को धीरे-धीरे यहां से अन्य जगहों पर स्थापित करें। निर्माण संस्था को किसी भी हालत में 30 अप्रैल से आगे नहीं रखा जाएगा। इसलिए 31 मार्च से 30 अप्रैल तक सभी बिल भुगतान और कागजों के लेनदेन के लिए होगा। संस्था के द्वारा दिए गए परफॉर्मेंस गारंटी के तहत एक यूनिट मंदिर परिसर की देखरेख में रखी जाएगी, जो कि किसी प्रकार की समस्या या मेंटेनेंस के लिए होगी। कहा कि जिन अन्य संस्थाओं से काम लिया गया है उसे ट्रस्ट हैंडओवर करेगा, जो काम मार्च-अप्रैल से आगे बढ़ेगा। वह मुख्य रूप से ऑडिटोरियम का कार्य है। इसे भी नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। 30 अप्रैल के बाद परिसर की जिम्मेदारी ट्रस्ट निभाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक परिसर के सभी निर्माण में भुगतान 1600 करोड़ का हो चुका है। 1900 करोड़ व्यय हुए हैं।

### कैंसर हॉस्पिटल निर्माण की कवायद में एक माह का समय

अयोध्या कैंसर हॉस्पिटल खोले जाने के संबंध में नृपेंद्र मिश्र ने जानकारी दी है कि 5 से 8 एकड़ ज़मीन जो राजा अयोध्या को देनी थी वो अभी संभव नहीं हो पाई है, क्योंकि नए राजा के नाम पर अभी प्रॉपर्टी पर नाम चढ़ा है, उसमें थोड़ा समय लग रहा है। कुल मिलाकर एक महीने में कार्य उनका संपन्न हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जिस संस्था को वहां हॉस्पिटल बनाना है। उसने डिज़ाइन बना लिया है। इसके साथ नगर क्षेत्र में जो 300 बेड का सरकारी अस्पताल बनाया जाना था, उस पर 30 तारीख को दिल्ली में सुनवाई हुई है।

### रामनवमी के बाद ट्रस्ट परिसर भ्रमण की देगी अनुमति

रामनवमी के बाद राम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन करने के बाद परिसर के अन्य मंदिरों में भी दर्शन करने के लिए अनुमति प्राप्त होगी। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में आगामी श्रद्धालुओं के सुविधाओं के साथ उनके परिसर भ्रमण करने की इच्छा पूर्ति पर भी राम मंदिर ट्रस्टियों के साथ मंथन किया गया। निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र ने बताया कि 15 फरवरी से राम जन्मभूमि परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में दर्शन की सुविधा मिलनी चाहिए।

## अखंड हरिनाम महोत्सव 19 से, सीएम भी आमंत्रित

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** सात दिवसीय अखंड हरिनाम महोत्सव का आयोजन 19 फरवरी से अयोध्या में होगा। महोत्सव के दौरान महाराष्ट्र के बारकरी समाज सहित अन्य समाज से जुड़े दस हजार से ज्यादा लोगों के आने का दावा आयोजकों ने किया। यहीं नहीं कई प्रदेशों की रातनीतिक हस्तियां भी ज्ञानामृत का प्रसाद चखेंगी। उक्त जानकारी महाराष्ट्र से आए व्यवस्था प्रभारी महेंद्र राममूर्ति तिवारी ने प्रेस वार्ता में दी। हैदरगंज स्थित महाविद्यालय किरतूपुर पारा हथिगौ में उन्होंने बताया कि अयोध्या धाम के तीर्थ क्षेत्र पुरम में 19 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले श्री संत ज्ञानेश्वर महाराज सप्त शतकोत्तर के स्वर्णिम महोत्सव मे संत एकनाथ महाराज के 14वें वंशज के रूप मे कथा प्रवक्ता योगीराज महाराज होंगे। महोत्सव का आयोजन अखिल बारकरी समाज महाराष्ट्र बाल योगी सदानंद महाराज ज्ञानेश्वरी परायण महोत्सव समिति तीर्थ क्षेत्र परशुराम कुंड सहित श्री तुंगेश्वर पर्वत पालघर महाराष्ट्र के सहयोग से किया जा रहा है। बताया कि अखंड हरि नाम महोत्सव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अन्य उच्च राजनयिक को आमंत्रित किया गया है। व्यवस्था में सुभद्रा तिवारी महाविद्यालय परिवार के साथ प्रबंधक मूर्ति तिवारी, अध्यक्ष गायत्री तिवारी भी सहयोग कर रहे हैं।

# बिना चेकिंग बैरक में गए थे बंदी, डिप्टी जेलर समेत तीन और निलंबित

**अयोध्या जेल कांड**

**डीजी जेल ने की कार्रवाई, अब तक 14 पर गिर चुकी है गाज | चेकिंग की जिम्मेदारी डिप्टी जेलर राजदीप व उनकी टीम की ही थी**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** जिला कारागार की सुरक्षा में सेंध लगाकर दो बंदियों के फरार होने के मामले में डीआईजी जेल एसके मैत्रेय की रिपोर्ट पर डीजी जेल पीसी मीणा ने शनिवार को डिप्टी जेलर राजदीप, हेड वार्डर प्रभुनाथ कुमार व जेल वार्डर दीपक कुमार पांडेय को निलंबित कर दिया है। डीआईजी की जांच रिपोर्ट के अनुसार बुधवार की शाम बैरक में जाने से पहले बंदियों की चेकिंग नहीं की गई। इससे वह संबल व सरिया अपने साथ बैरक में लग गए थे। फिलहाल अभी तक फरार बंदियों के बारे में ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है।

ध्यान रहे कि गुरुवार 29 जनवरी को जिला कारागार में हत्या, डकैती, दुष्कर्म समेत गंभीर अपराधों में जिला कारागार के विशेष बैरक (तन्हाई) में निरुद्ध दो विचाराधीन बंदी शेर अली निवासी अमेरमऊ थाना करौली कला सुल्तानपुर व गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज निवासी मुसाफिरखाना थाना मुसाफिरखाना जिला अमेठी जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे। दोनों ने संबल व सरिया के सहारे बैरक के रोशनदान की ईंट निकालकर बाहर निकले थे। इसके बाद जेल की दीवार तक गए व वहां बाहर लगे इमली का एक सूखा पेड़, जिसकी डाल जेल के अंदर तक आई थी, उस पर कंबल व मफलर की रस्सी बनाकर उसके सहारे बाहर निकल गए। जांच के दौरान जेल की दीवार के बाहर कंबल की रस्सी व पेड़ पर भी इसका एक टुकड़ा भी मिला था।

घटना को गंभीरता से लेते हुए डीजी जेल पीसी मीणा ने तत्काल जेल अधीक्षक, जेलर व एक डिप्टी जेलर समेत 11 कर्मियों को निलंबित कर दिया था। घटना की जांच डीआईजी जेल एसके मैत्रेय को सौंपी गई थी। वहीं शनिवार की डीआईजी की रिपोर्ट पर डिप्टी जेलर, एक हेड वार्डर व वार्डर को और निलंबित कर दिया गया। वहीं, डीआईजी द्वारा शनिवार को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार बुधवार की शाम बैरक में जाते समय दोनों बंदी अपने साथ संबल व सरिया ले गए थे। इसी के सहारे उन्होंने रोशनदान की ईंट निकालकर बाहर जाने का रास्ता बनाया। इससे स्पष्ट होता है कि बैरक में जाने से पहले उनकी चेकिंग नहीं की गई। उस समय चेकिंग की जिम्मेदारी डिप्टी जेलर राजदीप उर्फ राजू, हेड वार्डर प्रभुनाथ व वार्डर दीपक पांडेय की थी। उन्होंने अपने कार्य में लापरवाही बरती।



शेर अली



गोलू अग्रहरि

### अब तक इनके खिलाफ हुई है कार्रवाई

मामले में शुरुआत में ही वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्रा, जेलर जितेंद्र कुमार यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, हेड वार्डर हरिहर प्रसाद व त्रिपुरारी मिश्र व जेल वार्डर सुरेश कुमार दुबे, जयप्रकाश यादव, सुनील कुमार, रमेश साहनी, रवि यादव व मनोज को निलंबित कर दिया गया था। वहीं, शनिवार को तीन और के खिलाफ कार्रवाई की गई। अब तक इस मामले में 14 के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की भी संस्तुति की गई है। सूत्रों के अनुसार अभी और कई पर भी गाज गिर सकती है।

### दोनों बंदियों का डाटा किया गया ऑनलाइन

नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय के नेतृत्व में दो व एक एसओजी की टीम दोनों फरार बंदियों की तलाश में जुटी हुई है। टीम में 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हैं। इसके अलावा एक टीम शहर का सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। वहीं, सर्विलांस की भी एक टीम भी फरार बंदियों के परिवारीजनों व रिश्तेदारों के मोबाइल फोन पर नजर लगाए हुए हैं। वहीं, जानकारी के अनुसार पुलिस ने दोनों फरार बंदियों का डाटा व फोटो को ऑनलाइन कर दिया है। जिससे पूरे देश की पुलिस अब इन पर निगाह रखे हुए हैं। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों की तलाश पुलिस टीमें लगी हुई है।

> मामले में एक और डिप्टी जेलर की लापरवाही उजागर हुई है। उनको निलंबित कर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> **- पीसी मीणा, डीजी जेल**

## माघ पूर्णिमा पर आज सरयू नदी में डुबकी लगाएंगे श्रद्धालु

**अयोध्या, अमृत विचार:** रामनगरी में रविवार को माघ पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाएंगे, जिसको लेकर देर रात्रि से ही श्रद्धालुओं के आने का क्रम शुरू हो गया है। प्रयागराज के संगम पर कल्पवास और विशेष अनुष्ठान का आयोजन करने की परंपरा चलती आ रही है। पूर्णिमा के दिन इस अनुष्ठान का अंतिम दिन होता है। कहा जाता है कि अयोध्या की पवित्र सरयू नदी में स्नान करने के बिना अधूरा रहता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज स्नान के बाद सीधे अयोध्या पहुंचते हैं। ज्योतिषाचार्य करुणा निधान शरण बताते हैं कि सुबह 5.50 बजे के बाद से ही पूर्णिमा का योग लग जाएगा, जो 2 फरवरी को सुबह 3.35 बजे तक रहेगा।

## अस्पताल परिसर में गंदगी देख नाराज हुए सीएमओ

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ड्यूटी रूम, प्रसव कक्ष, निष्प्रयोज्य रूम, एक्सरे कक्ष, जननी सुरक्षा योजना कक्ष को देखा। परिसर में फैली गंदगी पर उन्होंने नाराजगी जताई। अस्पताल में हेल्थ एटीएम खराब मिला, जिसे उन्होंने शीघ्र ठीक कराने का आश्वासन दिया। अस्पताल के कर्मियों के आवास जर्जर होने के बारे मे पूछने पर उन्होंने इसे विभागीय स्तर से पत्राचार कर ठीक कराने की बात कही। अस्पताल में महिला चिकित्सक व फार्मासिस्ट की कमी के बारे में पूछने पर उन्होंने शीघ्र इनकी तैनाती करने का आश्वासन दिया। अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता, डॉ. नन्हकू राम, डॉ सुनित कुमार, स्टाफ नर्स प्रियतमा दूबे, फार्मासिस्ट चंद्र प्रकाश वर्मा मौजूद रहे।



तारुन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण करते सीएमओ डॉ.देवेंद्र कुमार।

## जीएसटी डिप्टी कमिश्नर ने इस्तीफा लिया वापस

अयोध्या कार्यालय

● **27 जनवरी को सीएम योगी का सपोर्ट करते हुए दिया था इस्तीफा**

**अमृत विचार:** जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने इस्तीफा वापस ले लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो चार दिन बाद फैसले से पलटने वाले अफसर ने कहा, मेरे ऊपर किसी तरह का दबाव नहीं है। फिलहाल मैं अपने दफ्तर में काम कर रहा हूं। उन्होंने 27 जनवरी की दोपहर योगी का सपोर्ट करते हुए इस्तीफा दिया था।

अफसर ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य की टिप्पणी पर जवाब दिया था। कहा था- मैं योगी जी के बारे में एक शब्द नहीं सुन सकता। ठेला गाड़ी (पालकी) पर बैठकर कोई मुख्यमंत्री को उल्टा सीधा नहीं कह सकता। वो हमारे अन्नदाता हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहिए। ये समाज में गलत माहौल बनाते हैं। प्रशांत कुमार सिंह के इस्तीफे के बाद भाई विश्वजीत ने आरोप लगाते हुए कहा था, प्रशांत को दिव्यांग कोटे से नौकरी मिली थी। उनका दिव्यांगता प्रमाण पत्र फर्जी है। इस शिकायत के बाद प्रमुख सचिव कामिनी रतन चौहान ने राज्यकर आयुक्त नितिन बंसल से रिपोर्ट तलब की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रशांत कुमार सिंह ने भाई विश्वजीत सिंह पर गंभीर आपराधिक आरोप भी लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विश्वजीत, मुख्तार अंसारी के मऊ गैंग का सक्रिय सदस्य है। वह उसका फाइनेंशियल एडवाइजर भी रहा है। उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्वजीत ने अपने माता-पिता के साथ मारपीट की, जिस मामले में एफआईआर दर्ज है।

## प्रधानी चुनाव को लेकर बहस, चार पर केस

**पटरंगा, अयोध्या। अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बसौड़ी गांव में प्रधानी चुनाव को लेकर चल रही बातचीत के दौरान बुधवार शाम करीब सात बजे नोकझोंक हो गई । मामले में जगजीवन प्रसाद रावत की तहरीर पर पुलिस ने हरिओम यादव, शिव गोविंद यादव, सुनील कुमार, पुत्तीलाल पुत्र राम अवध और अंकित कुमार पुत्र पुत्तीलाल के खिलाफ गाली गलौज मारपीट धमकी व दलित उत्पीड़न एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया। बताया गया कि बसौड़ी गांव में प्रधानी चुनाव को लेकर वार्तालाप चल रही थी। इसी दौरान किसी बात पर जगजीवन व पुत्तीलाल के बीच कहासुनी बढ़ गई और दोनों पक्षों में नोकझोंक शुरू हो गई। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को समझा बुझाकर अलग कर दिया। घटना के बाद जगजीवन ने थाने पहुंचकर 4 लोगों को नामजद करते हुए तहरीर दे दी। प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि विवेचना की जा रही है।




दिवंगत आचार्य सत्येंद्र दास को श्रद्धांजलि देते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

## फैजाबाद सीट से चुनाव लड़ने से बृजभूषण का इन्कार

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनगरी में कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर के मुख्य पुजारी रहे दिवंगत आचार्य सत्येंद्र दास के प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि इन्होंने बहुत दिन तक रामलला की है। जब मंदिर का विवादित ढांचा टूटा तो भी पुजारी थे, और जब रामलला भव्य महल में विराजमान हुए तो भी पुजारी हुए थे। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर बृजभूषण शरण सिंह ने अयोध्या-फैजाबाद सीट से चुनाव लड़ने से साफ इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा अयोध्या से चुनाव लड़ने का कोई सवाल ही नहीं उठता। यहां से चुनाव लड़ने का पहला हक वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद विनय कटियार का है। यूजीसी पर सर्वोच्च न्यायालय का आभार जताया। उन्होंने कहा कि देश एक बड़े विवाद से बच गया है।

# वाइस प्रिंसिपल चेयर की दौड़ में तीन प्रोफेसर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में वाइस प्रिंसिपल की कुर्सी के लिए अब जोरदार कवायद शुरू हो गई है। तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य के महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा कार्यालय से संबद्ध होने के बाद यह पद खाली माना जा रहा है, जिसके चलते कॉलेज प्रशासन ने तीन वरिष्ठ प्रोफेसर के नाम प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के पास भेज दिए हैं। सूत्रों के अनुसार यह तीनों नाम एनॉटमी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अलका सिंह, ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. डीके सिंह व फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपक सक्सेना के हैं।

मेडिकल कॉलेज में हाल के महीनों में प्रशासनिक बदलावों का दौर जारी है। पहले पूर्व प्राचार्य पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद उन्हें हटाया गया था। फिर प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा पर भी शिकायतें आईं, जिसके चलते उन्हें



डीजीएमई कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया। अब नए प्रभारी प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया की नियुक्ति के साथ ही वाइस प्रिंसिपल का पद भी चर्चा में आ गया है। कॉलेज में यह पद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि वाइस प्रिंसिपल प्रशासनिक और अकादमिक दोनों स्तर पर प्राचार्य की सहायता करता है।

सूत्रों की मानें तो तीनों उम्मीदवारों में डॉ. अलका सिंह की स्थिति सबसे मजबूत है। वरिष्ठता के लिहाज से संभतः डॉ. सत्यजीत वर्मा के बाद उनका ही नंबर आता है। उन्हें न्यूट्रल और कार्य के प्रति पूरी तरह डेडिकेटेड माना जाता है। दूसरे दावेदार प्रो. डॉ. डीके सिंह उन छह प्रोफेसर्स में शामिल हैं, जिन्होंने पूर्व प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोला था। डॉ. डीके नवाचार व विभाग को आगे बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। ब्लड बैंक के सुचारू संचालन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका बताई जाती है। हालांकि उनकी पिछली सक्रियता के कारण कुछ लोग उन्हें विवादास्पद भी मानते हैं, लेकिन उनका अनुभव और ऊर्जा उन्हें मजबूत दावेदार बनाता है। तीसरे उम्मीदवार प्रो. डॉ. दीपक का नाम आगे आने के बाद से ही काफी चर्चा में है। पद की दौड़ में शामिल होने से उनकी प्रतिष्ठा में इजाफा हुआ है। डॉ. दीपक को मेहनती और सहयोगी स्वभाव का माना जाता है। कॉलेज के चिकित्सकों व कर्मचारियों में इस नियुक्ति को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। फिलहाल तीनों में डॉ. अलका की संभावनाएं सबसे अधिक बताई जा रही हैं, लेकिन अंतिम निर्णय शासन स्तर पर ही होगा।

> वाइस प्रिंसिपल पद पर प्रोफेसर की नियुक्ति का प्रपोजल हमने भेज दिया है, लेकिन अभी किसी का भी नाम डिस्क्लोज नहीं कर सकता हूं। - **डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया, प्रभारी प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज**

उम्मीद

**आम बजट को लेकर जिले के चिकित्सकों में भी उत्सुकता**

# टैक्स में छूट पर जोर, दवाओं के दाम किए जाएं कम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** आम बजट को लेकर जिले के चिकित्सकों में काफी उत्सुकता बनी हुई है। वित्तीय वर्ष के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने की उम्मीदें बढ़ रही हैं, खासकर रामनगरी में जहां हाल के वर्षों में सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की घोषणाएं और निर्माण कार्य तेज हुए हैं। स्थानीय डॉक्टरों का मानना है कि बजट में इन घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए पर्याप्त प्रावधान होने चाहिए, ताकि ग्रामीण और गरीब मरीजों को लखनऊ या अन्य बड़े शहरों की यात्रा न करनी पड़े।

### अयोध्या को एम्स स्तरीय अस्पताल की जरूरत: डॉ. वीरेंद्र



राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि पर्यटन वृद्धि के साथ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार भी जरूरी है। अयोध्या में एम्स स्तरीय अस्पताल और मोबाइल मेडिकल यूनिट की आवश्यकता बढ़ रही है। बजट पर्यटन फोकस के साथ-साथ स्वास्थ्य बजट का हिस्सा अयोध्या को विशेष पैकेज के रूप में मिले तो आदर्श होगा। इससे करोड़ों श्रद्धालु स्वस्थ और सुरक्षित रह सकेंगे। कुल मिलाकर बजट सकारात्मक दिशा में रहे और स्वास्थ्य प्राथमिकता बढ़नी चाहिए। सबसे अहम यह है कि दिल के मरीजों के लिए कैथ लैब की आवयकता है। उसके लिए सरकार को सोचना चाहिए।

### चिकित्सकों को मिलनी चाहिए राहत: डॉ. मेराज



जिले के प्रतिष्ठित लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. मेराज अहमद ने बजट में चिकित्सकों के लिए टैक्स राहत की मांग की है। उनका कहना है कि डॉक्टरों पर टैक्स का बोझ कम किया जाए, ताकि वे अधिक से अधिक गरीब मरीजों का इलाज सुलभ मूल्य पर कर सकें। डॉ. अहमद ने कहा कि गरीब और किसान परिवारों के लिए इलाज महंगा पड़ता है। सरकार को आयुष्मान भारत योजना में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करना चाहिए। इससे छोटे-मध्यम अस्पताल भी योजना से जुड़ सकेंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सेवाएं मिलेंगी। डॉ. अहमद ने यह भी जोर दिया कि टैक्स स्लैब में छूट से चिकित्सक अधिक रियायती दरों पर सर्जरी और उपचार दे सकेंगे।

### चिकित्सकों की संख्या बढ़नी चाहिए: डॉ. प्रवीण



आईएमए अयोध्या सचिव व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण मौर्य ने बताया कि अयोध्या के लिए सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही 300 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के निर्माण की बात की है। इसी तरह श्रीराम अस्पताल का विस्तारीकरण और अपग्रेडेशन चल रहा है, जिसमें कार्डियो यूनिट जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। बजट में इन परियोजनाओं के लिए तेज फंडिंग और समयबद्ध पूरा होने का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही जिले में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए। वर्तमान में विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को बाहर जाना पड़ता है।

### चिकित्सकीय उपकरण व दवा हों सस्ती डॉ.वर्मा



जिला चिकित्सालय के ईएमओ डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि चिकित्सकों की संख्या बढ़नी चाहिए। टैक्स स्लैब में छूट मिलनी चाहिए। आम बजट में चिकित्सकीय उपकरण व दवाएं सस्ते होने चाहिए। ये मांगें स्वास्थ्य क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताएं हैं, ताकि गरीब से गरीब मरीज को भी बिना किसी दिक्कत के उचित उपचार मिल सके। दवाएं सस्ती होंगी तो गरीब से भी गरीब मरीज अपना इलाज करा सकेगा। इसके साथ ही टैक्स में मेडिकल खर्चों पर ज्यादा छूट और उपकरणों पर जीरो जीएसटी जैसी मांगें पूरी हों तो गरीब मरीजों का उपचार वाकई सुगम होगा।



रुदौली मतदान केंद्र पर निरीक्षण करते एसडीएम संतोष कुमार। अमृत विचार

## एसडीएम के निरीक्षण में गैरहाजिर मिले बीएलओ

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** शनिवार को उपजिलाधिकारी संतोष कुमार ने हिंदू इंटर कॉलेज राजकीय कन्या इंटर कॉलेज व अन्य विद्यालयों में बूथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ की उपस्थिति की जानकारी ली। दो बीएलओ हिंदू इंटर कॉलेज और एक बीएलओ कन्या इंटर कॉलेज में अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई। सभी बूथों पर व्यक्तियों से फार्म 678 प्राप्त किया गया। एसडीएम ने बताया कि बूथ पर मतदाता सूची को पढ़ा जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति मतदाता बनने से वंचित रह गया है या मतदाता सूची में कोई उसके नाम में कोई त्रुटि है या कोई गलत नाम या मृत व्यक्ति की कोई एंट्री शेष रह गई है तो इसको फॉर्म 678 के माध्यम से निस्तारण कराया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ ने उठाई कैशलेस चिकित्सा की मांग

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अनुदानित अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत स्ववित्तपोषित शिक्षकों व स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ ने भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग उठाई है। स्ववित्तपोषित महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ अनन्त राम सिंह व महामंत्री डॉ त्रिभुवन नाथ मिश्रा ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री को मेल पर मांगपत्र भेज कर ध्यान आकृष्ट कराया है। अनुदानित महाविद्यालय स्ववित्तपोषित शिक्षक संघ के अध्यक्ष व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रान्तीय सदस्य डॉ जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने मांग किया है कि प्रदेश सरकार अविलम्ब कैशलेश चिकित्सा सुविधा में अनुदानित व स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों को शामिल कर सर्कुलर निर्गत करें।

### मुख्य कोषाधिकारी कक्ष में शोक सभा आयोजित

अयोध्या, अमृत विचार : जनवरी माह में दिवंगत पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की आत्मा की शान्ति एवं शोक संतप्त परिवारों को इस दु:ख की घड़ी में सम्बल प्रदान करने हेतु मुख्य कोषागार अधिकारी ममता सिंह के कक्ष में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में सभी उपस्थितजनों द्वारा दिवंगत पेंशनरों की आत्मा की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। दो मिनट का मौन भी रखा गया। शोकसभा में पेंशनर्स एसोसिएशंस जनपद अयोध्या के प्रतिनिधि अमरनाथ सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, भगौती प्रसाद, राम किशोर त्रिपाठी एवं सरजू श्रीवास्तव, कोषागार अयोध्या के लेखाकार दुर्गेश बिहारी, प्रशांत कुमार वर्मा, सुरेश कुमार एवं सहायक लेखाकार आलोक वर्मा भी उपस्थित रहे।

# एक माह में 2700 बिना हेलमेट वाहन चालकों का चालान

## सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या कम करने को चलाया गया था अभियान, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग ने की कार्रवाई

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अयोध्या मंडल में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भर में जनवरी 2026 को जीरो फेटेलिटी माह के रूप में मनाया गया। जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को शून्य तक लाना है। इस अभियान के तहत पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त टीमें मंडल के सड़कों पर उतरी व एक माह में ओवरस्पीडिंग पर 167 और बिना हेलमेट के 2753 चालान कांटे गए।

सड़क सुरक्षा माह के तहत जनवरी माह में जागरूकता अभियान के साथ प्रवर्तन की भी कार्रवाई की गई। अयोध्या परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त राजकुमार ने बताया कि इस अभियान का फोकस 4-ई मॉडल (शिक्षा, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग और आपातकालीन देखभाल) पर रहा। जिसमें जागरूकता, सख्त प्रवर्तन और हाई-रिस्क कॉरिडोर पर विशेष निगरानी शामिल है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसमें उन्होंने जनता को योगी की पाती के माध्यम से अपील की थी कि लापरवाही छोड़ें, जीवन बचाएं। कहा कि नियमों का पालन करके ही हम जीरो फेटेलिटी के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। कहा कि सरकार की यह नीतियां न केवल चालान काटने तक सीमित हैं, बल्कि प्रदेश की सड़कों को सुरक्षित बनाने और हर परिवार की रक्षा करने का संकल्प भी हैं।



उसरु स्थित गुरुनानक स्कूल में हेलमेट वितरित करतीं आरटीओ रितु सिंह व एआरटीओ प्रशासन डॉ. आरपी सिंह।

### मंडल के जनपदों में हुई कार्रवाई

| प्रकार | कार्रवाई |
|---|---|
| **जनपद अयोध्या** | |
| ओवरस्पीडिंग | 57 चालान |
| रॉन्ग साइड वाहन चलाने | 113 चालान |
| मोबाइल फोन प्रयोग | 93 चालान |
| ड्रंकन ड्राइविंग | 52 चालक पकड़े |
| बिना हेलमेट | 882 चालान |
| बना सीट बेल्ट | 212 चालान |
| **जनपद अंबेडकरनगर** | |
| ओवरस्पीडिंग | 12 चालान |
| रॉन्ग साइड वाहन चलाने | 17 चालान |
| मोबाइल फोन प्रयोग | 35 चालान |
| बिना हेलमेट | 270 चालान |
| ड्रंकन ड्राइविंग | 42 पकड़े |
| **जनपद अमेठी** | |
| ओवरस्पीडिंग | 35 चालान |
| रॉन्ग साइड वाहन चलाने | 10 चालान |
| मोबाइल फोन प्रयोग | 3 चालान |
| बिना हेलमेट | 717 चालान |
| ड्रंकन ड्राइविंग | 12 चालान |
| **जनपद बाराबंकी** | |
| ओवरस्पीडिंग | 24 चालान |
| मोबाइल फोन प्रयोग | 27 चालान |
| बिना हेलमेट | 272 चालान |
| बिना सीट बेल्ट | 74 चालान |
| **जनपद सुल्तानपुर** | |
| ओवरस्पीडिंग | 39 चालान |
| रॉन्ग साइड वाहन चलाने | 38 चालान |
| मोबाइल फोन प्रयोग | 106 चालान |
| ड्रंकन ड्राइविंग | 22 चालान |
| बिना हेलमेट | 612 चालान |
| बिना सीट बेल्ट | 199 चालान |

### रेडलाइट का रखो ध्यान नहीं तो कट जाएगा चालान

अयोध्या, अमृत विचार : सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत राजा मोहन गर्ल्स पीजी कॉलेज में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त छात्राएं, प्राध्यापिकाएं, व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। साथ ही सड़क सुरक्षा पर महाविद्यालय में क्विज , पोस्टर व प्रतियोगिता व रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो . मंजूषा मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाएं प्रो सुषमा पाठक,प्रो सुषमा शुक्ला,प्रो कविता सिंह,प्रो सुधा राय, डॉ ज्योतिमा सिंह , महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब की संयोजिका डॉ पूनम शुक्ला उपस्थित रहीं। रैली में बच्चों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन दुर्घटनाओं से अगर रखना है दूरी तो हेलमेट है सबसे जरूरी ,रेडलाइट का रखो ध्यान नहीं तो बेटा कट जाएगा चालान आदि के माध्यम से आम जन को जागरूक किया। महाविद्यालय की छात्राओं निशा,शिखा गुप्ता अंजलि यादव ,अनुपमा यादव, मनतासा, दीवता , आकांक्षा ने लघु नाटिका व रील के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया तथा जनपद स्तर पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# कपड़े के झोले के प्रयोग से कम होगा प्लास्टिक कचरा : महापौर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सहभागिता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चित्रगुप्त वार्ड में डस्टबिन एवं कपड़े के झोले वितरण कार्यक्रम का आयोजन रायबरेली रोड स्थित मंगलम गेस्ट हाउस में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप ने एसबीआई फाउंडेशन, एसबीआई कंजर्व तथा नगर निगम के सहयोग से किया।

मुख्य अतिथि महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि कपड़े के झोलों का उपयोग न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में व्यवहारिक समाधान भी प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि निखिल श्रीवास्तव एवं अभिषेक सिंह टोनू ने भी स्वच्छता अभियानों को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल ने बताया कि कचरा पृथककरण से बीमारियों की रोकथाम में सहायता मिलती है। प्रभारी अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन गुरु प्रसाद पांडेय ने कहा कि यह पहल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की मूल भावना, व्यवहार परिवर्तन और नागरिक सहभागिता को ज़मीन पर उतारने का सशक्त उदाहरण है।

चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप की ओर से आलोक सिंह राना एवं एकता भटनागर ने कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय किया। संस्थान की टीम से विमल कुमार, सुलभ मिश्र, आदर्श, नेहा एवं सुंदरी कुमारी की सक्रिय भागीदारी रही।



चित्रगुप्त वार्ड में डस्टबिन भेंट करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

# अनाज की कालाबाजारी में दो कोटेदारों पर एफआईआर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सस्ते गल्ले की दुकान से अनाज की कालाबाजारी करने के आरोप में दो दुकानदारों के खिलाफ डीएम के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि मिल्कीपुर के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बचे सिंह ने 28 जनवरी को दोपहर ढाई बजे के करीब विकासखंड अमानीगंज की ग्राम पंचायत डीली सरैया के उचित दर विक्रेता संतोष कुमार के यहां निरीक्षण किया था। यहां खाद्यान्न का मिलान किया गया, जिसमें कालाबाजारी मिली। थाना खंडासा में एफआईआर कराई गई है। वहीं पूर्ति निरीक्षक सोहावल पूजा सिंह द्वारा मसौधा विकास खंड की ग्राम पंचायत फतेहपुर सरैया में भाग्यदेई की दुकान पर निरीक्षण किया गया। स्टॉक का मिलान किया गया तो बड़ी गड़बड़ी पकड़ में आई। पता चला कि विक्रेता द्वारा 87.61 क्विंटल खाद्यान्न की कालाबाजारी कर ली गयी है। इसके साथ ही कार्डधारकों से अभद्र व्यवहार किया जाना आदि अनियमितता बरती गयी है। थाना कैंट में मामले में एफआईआर कराई गई है।




सभी सचिवों, जेई व कर्मचारियों को
77 वें गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

छेत्र पंचायत सदस्य
कौशिल्या देवी
पत्नी जगदीश यादव
जैतपुर वाड संख्या 83 ईमानदार और कर्मठी
हमारे तरफ से गांव और जनपद वासियो को बधाई हो

**सूचना**

श्री सन्त कुमार स्व0 राम दयाल पता–ग्राम कटरिया (विद्युतनगर) पोस्ट इल्तिफातगंज थाना इब्राहिमपुर तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकरनगर पिन कोड–224145 द्वारा अपने पिता स्व0 रामदयाल के स्थान पर मृतक आश्रित के कोटे सेवायोजन हेतु आवेदन किया गया है। स्व0 रामदयाल तकनीकी सहायक (TG-II) 33/11KV विद्युत उपकेन्द्र अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड अम्बेडकरनगर में तैनात थे। अतएव उक्त आवेदन के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो एक सप्ताह के अन्दर किसी कार्य दिवस में कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड अम्बेडकरनगर में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

पत्रांक:–314 / वि0वि0ख0 (अकबरपुर)
तत् दिनांक–28.01.2026

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत वितरण खण्ड
अम्बेडकरनगर



शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करते हैदराबाद के कलाकार । अमृत विचार

### राम मंदिर में शास्त्रीय नृत्य आराधना

अयोध्या : हैदराबाद की विभावरी नाट्यम अकादमी के 52 कलाकारों ने शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर की यज्ञशाला में मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। ट्रस्ट के मुताबिक उक्त अकादमी भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरत नाट्यम का एक संस्थान है। नाट्य गुरु एस माधवी रामानुजम के नेतृत्व में आए दल ने दो घंटे की नृत्य आराधना के पश्चात प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया।

# लघु उद्योग भारती अवध संभाग की बैठक में मुद्दों पर हुई चर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लघु उद्योग भारती के अवध संभाग की बैठक रघुकुल सदन देवकाली में हुई, जिसमे लखनऊ, गोंडा, हरदोई, अंबेडकर नगर एवं अयोध्या के सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता संभाग अध्यक्ष रामप्रकाश गुप्ता ने की। पदाधिकारियों का जिला अध्यक्ष संजीव गोयल ने स्वागत किया।

संभाग महामंत्री अरुण भाटिया ने पिछली सभा की कार्रवाई की पुष्टि की, जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष रीता मित्तल ने बताया कि फैसिलिटेशन काउंसिल के माध्यम से लघु उद्यमियों को करोड़ों रुपये का भुगतान दिलाया गया। अयोध्या मंडल के अध्यक्ष अविनाश चंद्रा ने अधिक से अधिक लघु उद्यमियों को लघु उद्योग भारती से जोड़ने एवं सक्रिय करने की अपील किया। बैठक में हरदोई से बालकृष्ण जिंदल, लखनऊ से सीए अनिल श्रीवास्तव, गोंडा से कृष्ण कुमार द्विवेदी, अयोध्या से अजय सिंघल ने विभिन्न प्रस्तावों और सुझावों को रखा। संगठन के मीडिया प्रभारी अरुण कुमार अग्रवाल ने बताया कि सर्वज्ञ सिंह, विक्रम मकीन, आशीष आनंद, विजय कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारियों ने सहभागिता किया।

**कार्यालयः नगर निगम अयोध्या, जोन– अयोध्या धाम।**

पत्रांक : 754/न0नि0अयो0जो0अयो0/2025–26 दिनांक: 31.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन भवनों पर पूर्व में दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा, जिसका विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामांन्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/2/69 | श्रीमती धुति पत्नी रंगनाथ शर्मा | स्वामी हरि प्रसन्नाचार्य उर्फ हरिप्रसाद अधिकारी पुत्र श्री लीलाधर | रजि0 हलफनामा |
| 2 | 15/2/3 | चन्द्रशेखर | पद्मिनी गुप्ता पत्नी स्व0 चन्द्रशेखर गुप्ता | वरासतन |
| 3 | 13/3/19 | सलामत अली पुत्र अमानत अली | असफाक अली, अकबर अली, इस्तियाक अली, मुख्तार अली, मासूक अली पुत्रगण स्व0 सलामत अली | वरासतन |
| 4 | 48/5/34 | मोतीलाल | सावित्री देवी पत्नी स्व0 मोतीलाल गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व0 मोतीलाल गुप्ता | वरासतन |
| 5 | 54/2/23 | पुजारी शिवशंकर चेला श्री सालिकराम दास | हनुमानदास चेला शिवशंकर दास | रजि0 तर्कुसरवराकरी |
| 6 | 30WHKP581/1 | ऊषा देवी पत्नी इन्द्रजीत | अम्बरीष सिंह पुत्र स्व0 रामबरन सिंह | रजि0 बैनामा |
| 7 | 18/1/21 | आशा पाण्डेय पत्नी श्री मुन्ना पाण्डेय | शालिनी, रूबी, शालू, पिंकी | वरासतन |
| 8 | 48/3/129 | पवन दास चे0 राम अनुग्रह दास | म0 जगदीश दास शास्त्री चे0 महन्त प्रेम नरायन दास | मा0 न्यायालय आदेश |

कर अधीक्षक
नगर निगम अयोध्या

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

### भारी पड़ रही है सर्वर की समस्या, नए मतदाता परेशान

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : चुनाव आयोग के निर्देश पर शनिवार को पोलिंग बूथों पर बीएलओ को फार्म 6 के साथ उपस्थिति सुनिश्चित की गई थी। बीएलओ भी उपस्थिति थे, लेकिन चुनाव आयोग का पोर्टल खुल तो रहा था लेकिन फॉर्म 6 लोड नहीं हुआ। जिसके चलते नया मतदाता बनने के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा। खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार अनुराग सिंह ने शान्तीपुर सहित दर्जन भर पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और निरीक्षण के दौरान पाया कि चुनाव आयोग की साइट पर फार्म 6 लोड नहीं हो रहा है और बूथ संख्या 337 प्राथमिक विद्यालय नरियावां का बीएलओ राम शंकर गायब मिले। शांतिपुर बूथ की बीएलओ गीता देवी ने बताया कि अब तक 22 फॉर्म 6 जमा हुआ, लेकिन चुनाव आयोग की साइट पर लोड नहीं हो पा रहा है। पोलिंग बूथ 326 सराय चैमल की बीएलओ विद्यावती ने बताया कि निर्वाचन आयोग का पोर्टल खुल नहीं रहा है। यही हाल पोलिंग बूथ कर्मा कोडरी, कछौली, अंकवारा, नरायनपुर, रामपुर सरधा, मित्रसेनपुर, अलावलपुर, ददेरा, सनेथू, खानपुर, ऐमीआलापुर, समाहा कला, बैसिंह, दुर्गापुर सहित अधिकांश पोलिंग बूथों का रहा।

# शिक्षक संघ ने आपत्ति के साथ किया कैशलेस चिकित्सा सुविधा का स्वागत

अयोध्या कार्यालय

**सुविधा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सरकार द्वारा परिषदीय शिक्षकों को प्रदान की गई कैशलेश चिकित्सीय सुविधा का स्वागत किया है लेकिन अस्पष्ट और अव्यवहारिक भी करार दिया।

जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने संगठन की बैठक में कहा कि सरकार द्वारा शिक्षकों को मिलने वाली चिकित्सीय सुविधा को विभिन्न मीडिया के माध्यम से यह बताया गया कि यह योजना राज्य कर्मचारियों की भांति है लेकिन सच्चाई कुछ और ही है। प्रदेश के राज्य कर्मचारियों को पण्डित दीन दयाल उपाध्याय नामक स्वास्थ्य योजना से आच्छादित किया गया है, जबकि बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को आयुष्मान योजना से आच्छादित किया गया है जिसका लाभ शिक्षक हीं नहीं बल्कि किसी भी नागरिक को प्राप्त होता है। आयुष्मान के लाभार्थियों को किसी आकस्मिक परिस्थिति में दर दर भटकना पड़ता है हर प्रकार की बीमारी और अनेक चिकित्सीय संस्थानों में इसको मान्य भी नहीं किया जाता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार की इस प्रकार की दोहरी नीति का कतिपय शिक्षकों ने छलावा करार देते हुए विरोध किया। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

### बैटरी रिक्शा पलटने से तीन लोग घायल

बारुन, अयोध्या। अमृत विचार : इनायतनगर थाना क्षेत्र के मेहदौना गांव में शनिवार देर शाम एक बैटरी रिक्शा पलटने से हादसा हो गया। इस दुर्घटना में निमंत्रण से लौट रहे एक परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक बच्चे का दाहिना पैर फ्रेक्चर हो गया। खिहारन निवासी मैमून बानो (50) पत्नी मोहम्मद अफजाल अपने परिवार की महिलाओं और बच्चों के साथ मेहदौना गांव में एक निमंत्रण में गई थीं। वापसी के दौरान, वे भरिया–बेलकसर संपर्क मार्ग से किराए के बैटरी रिक्शा से लौट रही थीं। मेहदौना कर्बला स्थल के पास ऊबड़–खाबड़ गड्ढों के कारण रिक्शा पलट गया। रिक्शा पलटने से परिवार के सदस्य उसके नीचे दब गए। दुर्घटना में मैमून बानो, उनकी बहू और नौ वर्षीय मोहम्मद अराफात घायल हो गए। मोहम्मद अराफात का दाहिना पैर फ्रेक्चर हो गया है। घायलों को निजी वाहन से जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया।


गणतंत्र दिवस एवं महा शिवरात्रि

की हार्दिक शुभकामनाएं
सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग को यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि विभागीय प्रयोगशाला को NABL मान्यता (NABL Accredited Laboratory) प्राप्त हो चुकी है। यह मान्यता प्रयोगशाला में संपादित की जा रही जांच प्रक्रियाओं की गुणवत्ता, सटीकता एवं विश्वसनीयता को प्रमाणित करती है। सेंट्रल पैथोलॉजी लैब में Fully Automatic आधुनिक मशीनें पूर्ण रूप से संचालित हैं, जिसके फलस्वरूप सभी जांच कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, शीघ्र एवं सटीक रूप से संपन्न हो रहे हैं तथा मरीजों को उनकी जांच रिपोर्ट समय से प्रदान की जा रही है। जननी सुरक्षा योजना (JSY) के अंतर्गत पंजीकृत मरीजों को जांच रिपोर्ट प्राथमिकता के आधार पर समयब) रूप से प्रदान की जा रही है, जिसके लिए आपातकालीन (Emergency) लैब सतत रूप से संचालित है। प्रयोगशाला के विस्तार के अंतर्गत भवन के तीसरे तल (3rd Floor) पर कार्य प्रगति पर है, जहाँ पर और भी जांच उपकरणों की स्थापना की जाएगी। वर्तमान में प्रयोगशाला में Cancer Marker Tests सहित विभिन्न आधुनिक एवं विशिष्ट जांच सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग गुणवत्ता, समयबद्धता एवं नवीनतम तकनीक के माध्यम से मरीजों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।
महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज अंबेडकरनगर

**तैयारी** | 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के यहां पहुंचेगे विद्युत मित्र

# हेलो आपका स्मार्ट मीटर कैसा है, बिलिंग ठीक है या नहीं

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आप बहुत परेशान हैं तो थोड़ा धैर्य रखिए, पावर कॉर्पोरेशन और स्मार्ट मीटर कंपनी के कारिंदे आपके घर आकर हेलो बोलेंगे। स्मार्ट मीटर को लेकर लगातार उपभोक्ताओं की शिकायतों को देखते हुए पावर कॉर्पोरेशन द्वारा अब आगामी नौ से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा चलाने जा रहा है। नौ फरवरी को इसका शुभारंभ होगा और लगातार टीमें कुंडी खटखटायेगी। इसके लिए पावर कॉर्पोरेशन ने स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं और शिकायत करने वालों को सूचीबद्ध करना शुरू कर दिया है।

पावर कॉर्पोरेशन द्वारा निर्देश जारी करते हुए कहा गया है कि 9 फरवरी से 23 फरवरी तक "स्मार्ट मीटर पखवाड़ा" का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाए। इस पखवाड़े के तहत बिजली विभाग की टीम घर-घर जाएगी। इस पखवाड़े के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर चेकिंग के साथ ही उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा। जिले में कुल 2 लाख 64 हजार 908 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब पौने दो लाख 43 मीटर प्रीपेड मोड में कार्यरत हैं। इनके साथ चेक मीटर भी स्थापित किए गए हैं, लेकिन उनकी मिलान रिपोर्ट आज तक नहीं भेजी गई। उपभोक्ता परिषद जिसकी शिकायत लगातार भारत सरकार और रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड से करता चला आ रहा है।



### 54 हजार उपभोक्ता नहीं देख पा रहे बैलेंस शीट

यहां 54 हजार से अधिक उपभोक्ता ऐसे हैं जो अपने स्मार्ट प्रीपेड मीटर का बैलेंस नहीं देख पा रहे हैं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 15 दिनों में सभी समेकित रिपोर्ट भेजनी होगी। पावर कार्पोरेशन द्वारा प्रदर्शन सत्र के दौरान अपनी सभी शिकायतें लिखित में देने की अपील की गई है। बताया जाता है कि पावर कार्पोरेशन द्वारा सभी जोन के अधिशासी अभियंता को नोडल अधिकारी बना कर पखवाड़े की मानीटरिंग करेगा। हर उप केन्द्र से दो और कंपनी की एक टीम क्षेत्र में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के यहां सत्र प्रदर्शन करेगी।

> स्मार्ट मीटर पखवाड़ा फरवरी में चलाया जाना प्रस्तावित किया गया है। सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। टीम का गठन किया जा रहा है। – **बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण**

# निपुण आकलन में वसूली पर बीएसए ने बनाया कंट्रोल रूम

**शिक्षकों की शिकायत के बाद जागा विभाग**

## डायट के डीएलएड प्रशिक्षुओं पर निपुण आकलन में वसूली का मामला उजागर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में डायट के प्रशिक्षुओं द्वारा किया जा रहा निपुण आकलन सवालों के घेरे में आ गया है। कतिपय परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों ने डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा स्कूल को निपुण साबित करने के लिए दो से तीन हजार रुपये की मांग की शिकायत की गई है।

इसे लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में खलबली मच गई है और निपुण आंकलन की प्रासंगिकता पर प्रश्न खड़ा हो गया है। एसआरजी अम्बिकेश त्रिपाठी को भेजी गई एक शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 29 जनवरी को शासन द्वारा निपुण आकलन के लिए चयनित डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा न तो बच्चों का अपेक्षित सहयोग किया, न ही समय पर आकलन किया। बच्चों को डराया भी अध्यापकों के साथ भी बदतमीजी से बात किया। बार-बार आग्रह करने पर अपेक्षित सहयोग के लिए पैसे की मांग की। यह भी बताया कि उनके द्वारा पूर्व में जहां आकलन किया था वहां से अपेक्षित सहयोग के रूप में पैसे भी मिले। आरोप है कि प्रशिक्षुओं का व्यवहार किसी भी एक अधिकारी से कम नहीं था। उनके द्वारा किया गया आंकलन हमें दिखाया भी नहीं गया। आकलन किया या नहीं किया बताया भी नहीं गया। प्राथमिक विद्यालय मिल्कीपुर महरौली के शिक्षक द्वारा शिकायत की गई है कि शासन द्वारा निपुण आकलन के लिए चयनित डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा न तो बच्चों अपेक्षित सहयोग किया किया गया, न ही समय पर आकलन किया गया। बार- बार अपेक्षित सहयोग के लिए आग्रह पर खर्चे की मांग की जा रही है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने कतिपय शिक्षक साथियों द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि विगत तीन दिनों से निपुण आकलन हेतु डायट अयोध्या से जो डीएलएड के प्रशिक्षु जा रहे हैं वे शिक्षक साथियों के साथ बहुत ही अनुचित व्यवहार कर रहे हैं। उनसे 1 हजार से लेकर पांच हजार तक की रुपयों की मांग की जा रही है। धनराशि न देने पर जबरन बच्चों को निपुण दिखा कर डराया जा रहा है।

### स्थापित किया गया कंट्रोल रूम

तारकेश्वर पांडेय –बीईओ मुख्यालय – आदर्श सिंह जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, अमित कुमार मिश्रा, एसआरजी, मनीष रस्तोगी, अम्बिकेश त्रिपाठी, धीरेन्द्र मिश्रा को कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी दी गई है। यह शिकायत सुनेंगे और उसका निस्तारण करेंगे।

> निपुण आकलन के दौरान कुछ शिकायतें सामने आईं हैं। यह बेहद आपत्तिजनक है। कंट्रोल रूम बना दिया गया है। जांच कराई जा रही है। – **लालचंद, बीएसए**

## सतत जल संसाधन प्रबंधन की आवश्यकता : नागेश कुमार

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव' विषय पर एक दिवसीय संवादात्मक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरू प्रो. डी. नागेश कुमार रहे। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा प्रतिरूप में परिवर्तन हो रहा है, जिसका प्रभाव सतह एवं भू-जल संसाधनों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने बाढ़ एवं सूखा जैसी चरम जल घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चर्चा करते हुए सतत जल संसाधन प्रबंधन की आवश्यकता बताई। प्रो. नागेश ने यह भी बताया कि जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रबंधन, ड्रेन एवं सफाई प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में सिविल इंजीनियरी एवं पर्यावरण विज्ञान के छात्रों के लिए भविष्य में विस्तृत कैरियर के अवसर उपलब्ध हैं। शुभारंभ अमित सिंह द्वारा किया गया। विषय परिचय डॉ. विनोद कुमार चौधरी ने कराया। समापन प्रो. संत सरण मिश्र द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।



जाम में फंसे लोग। अमृत विचार

## भीषण जाम से लोग व परीक्षार्थी हुए परेशान

**न्यौरी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** न्यौरी मुख्य चौक सहित अंडर पास एवं रामनगर मुख्य मार्ग, जलालपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार को भीषण जाम लगे होने के कारण विद्यार्थियों, यात्रियों और आम जनमानस को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बता दें कि महाविद्यालयों की परीक्षा होने के कारण परीक्षा देकर वापस लौट रहे विद्यार्थियों की एकाएक भीड़ आने के कारण न्यौरी चौक, अंडरपास, रामनगर मुख्य मार्ग, जलालपुर मुख्य मार्ग, अतरौलिया सर्विस मार्ग, बसखारी सर्विस मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा। पुलिस के समय पर ना रहने के कारण जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते सभी मार्गों पर भीषण जाम लग गया। भीषण जाम की सूचना व्यापारियों द्वारा थाना अध्यक्ष कटका को दी गई। जाम की सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष द्वारा मौके पर पुलिस भेजी गई पुलिस के जवानों द्वारा कई घंटे कड़ी मशक्कत के बाद परीक्षार्थियों और आम जनमानस को जाम के झाम छुटकारा मिल सका।

# एसएसवी स्कूल के शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष बने आशुतोष

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** एसएसवी इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित शिक्षक अभिभावक संघ की द्वितीय आमसभा बैठक में सर्वसम्मति से जीएसटी विभाग में कार्यरत आशुतोष मिश्र को संघ का अध्यक्ष मनोनीत कर दिया गया। योगेश कुमार यादव को संघ का नया कोषाध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्षता संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. घनश्याम यादव ने की। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बैठक का संचालन करते हुए नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मौजूद अभिभावकों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चयन किया है। अभिभावक जयशंकर प्रसाद, पिंकी मौर्या और सुमन तिवारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है जबकि संघ के सभी पूर्व अध्यक्षों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में संघ में शामिल किया गया है। नई कार्यकारिणी विद्यालय के उन्नयन और शैक्षिक



माहौल को बेहतर बनाए रखने में सहयोग प्रदान करेगी। बैठक के आरंभ में शिक्षक अरुण कुमार दुबे ने सदन के समक्ष पिछली कार्यवाही को रखा। आय–व्यय की समीक्षा के बाद अभिभावक अमीरुन निशा और आशुतोष मिश्रा सहित कई अभिभावकों व शिक्षक महेश नारायण यादव, डॉ.देवेंद्र मिश्रा, वारिज नयन शर्मा, रवि प्रकाश श्रीवास्तव, जग प्रसाद मौर्य, नंद किशोर उपाध्याय, श्रुति मिश्रा व आशीष द्विवेदी ने अपने- अपने विचार रखे। बैठक को पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय और जयसराज वर्मा ने भी संबोधित किया। पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय के प्रस्ताव पर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर संघ की ओर से प्रधानाचार्य डॉ.मणिशंकर तिवारी का अभिनंदन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मिश्रा, कोषाध्यक्ष यादव और अन्य पदाधिकरियों का माल्यार्पण से स्वागत हुआ। अभिभावक श्याम सिंह यादव, अरुण कुमार गौड़, रूपलता श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार गुप्ता, सुमन, संदेश कुमारी, अमरजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

# आरएसएस की स्थापना के 100 वर्षों की यात्रा पर डाला प्रकाश

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को आचारी का सगरा स्थित एक पैलेस में हुआ। शुभारंभ श्री वशिष्ठ गुरुकुल तिहुरा के बटुकों ने स्वस्ति वाचन कर कराया। अध्यक्षता समाज सेवी राजबक्श सिंह ने की।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी रामचंद्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में भारतीय स्वर्णिम इतिहास और आक्रमणकारी व विभाजनकारी शक्तियों के आक्रमण पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्रा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना काल से 100 वर्षों की यात्रा के विषय में विस्तार से बताया। अंत में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भारत माता की आरती कर समरसता भोज किया गया। महानगर प्रचारक सुदीप, संघ चालक सूबेदार, राम प्रकाश प्रजापति, प्रधान सुधाकर सिंह, योगेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता पटेल, प्रभा शंकर पांडेय, धर्मेंद्र तिवारी, रामजी सोनी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल ने बताया कि कोड़री चौराहा के पास एक पैलेस में रविवार सुबह 10 बजे हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा।



चित्र पर माल्यार्पण करते राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा व अन्य।

- **दर्शन नगर में हिंदू सम्मेलन एवं समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन**

## परिवार, समाज व देश हित में कार्य करने की अपील

**शाहगंज, अयोध्या।** विकासखंड बीकापुर क्षेत्र के कटारी किसानगंज में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं संघ सेवक संघ के मार्गदर्शन में महावा मंडल का विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक माता प्रसाद प्रजापति और संचालन सुशील पांडेय ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरएसएस के जिला संचालक श्यामा चरण ने सनातन धर्म से जुड़े हिंदू समुदाय के लोगों को स्वयं, कुटुंब, परिवार, समाज और देश के हित में कार्य करने की अपील की। डॉ प्रभाश ने कहा कि सभी सनातन धर्म के लोगों के भीतर राष्ट्र चेतना होना जरूरी है। डॉ दिनेश तिवारी ने लोगों में अपने धर्म और सुरक्षा के प्रति संवेदनशील होने की अपील की। भारत माता की आरती के बाद प्रसाद का वितरण भी हुआ। इस दौरान दिनेश कुमार, महावीर, घनश्याम तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

## 1279 करोड़ से बनेगा हाई-स्पीड फोरलेन रिंग रोड

**संवाददाता, आज़मगढ़। अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज़मगढ़ के लोगों को बड़ी सौगात दी है। आज़मगढ़ में 1279.13 करोड़ रुपये की लागत से 15 किलोमीटर लंबा फोरलेन रिंग रोड बनाने की मंजूरी दी गई है। इस रिंग रोड के बनने से शहर के अंदर भारी वाहनों को प्रवेश नहीं करना पड़ेगा। वे इस रिंग रोड के जरिए बाहर ही बाहर दूसरे शहरों की ओर निकल सकेंगे, जिससे आज़मगढ़ शहर को जाम की गंभीर समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। यह रिंग रोड जनपद के 23 गांवों से होकर गुजरेगा, जिसके लिए किसानों की करीब 94.5938 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पहले ही पूरा किया जा चुका है। इसे बंहौर के 184 चैनेंज पर जोड़ने का निर्णय लिया गया है। सर्वे कार्य पूरा होने के बाद एनएचएआई द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे अब अंतिम मंजूरी मिल गई है। इसकी जानकारी खुद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से दी।

- **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आज़मगढ़ के लोगों को दी बड़ी सौगात**

# डीएम ने बूथ केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने विधानसभा क्षेत्र सदर के पल्हनी ब्लॉक स्थित बूथों का औचक निरीक्षण किया।

पंचायत भवन किशुनदासपुर स्थित बूथ संख्या 44 पर बीएलओ शकुंतला शर्मा ने बताया कि यहां 129 नो-मैपिंग मतदाता चिन्हित हैं, जिनमें से 15 को नोटिस जारी किया जा चुका है। कुछ मतदाता-अतहर, राजू, मोहम्मद अमजद, रियाज और मोहम्मद आरिफ-विदेश में रह रहे हैं। इसके बाद डीएम ने प्राथमिक विद्यालय गोधपुर के बूथ संख्या 45 का निरीक्षण किया। यहां 164 नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिया गया है, जिनमें से 25 लोगों ने आवश्यक अभिलेख जमा कर दिए हैं और उनका विवरण ऑनलाइन अपडेट किया जा चुका है। डीएम ने बीएलओ और सुपरवाइजर व लेखपाल को निर्देश दिया कि सभी नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस देकर फोन से संपर्क करें तथा 13 आवश्यक अभिलेखों के साथ फार्म जमा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही प्राप्त आवेदनों को तत्काल पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल हो सकें।



पल्हनी ब्लॉक अंतर्गत बूथों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, ससुर और पति हिरासत में

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अशरफपुर भूआ गांव में शनिवार को 30 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गांव निवासी जगदीश वर्मा अपनी पत्नी और पुत्र सतीश के साथ खेत से गाजर उखाड़कर घर लाए थे। गाजर की धुलाई के दौरान पानी खत्म होने पर जगदीश वर्मा छत के दूसरे तले पर पानी लेने पहुंचे, जहां टीन शेड में उनकी बहू अर्चना वर्मा फंदे से लटकी हुई मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने महिला को फंदे से उतारकर तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही जलालपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू करते हुए मृतका के ससुर जगदीश वर्मा और पति सतीश वर्मा को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार अमरनाथ द्विवेदी की देखरेख में शव का पंचनामा कराया गया, जिसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## हिंदू ही देश की सभ्यता और संस्कृति की कर सकता है रक्षा : विजय प्रताप




हिन्दू सम्मेलन में मौजूद विहिप के अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** देश की अखंडता एकता को कायम रखना तथा भारत की स्वतंत्रता को शाश्वत बनाए रखने के लिए हिंदुत्व का होना आवश्यक है। संगठित हिंदू ही देश की सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा कर सकता है। सभी हिंदू भाई–भाई हैं, जातिवाद वर्ग बाद केवल बांटने का काम करते हैं और बाहरी ताकतें इन्हीं का नारा देकर हिंदुओं को आपस में बांट रहे हैं, हमें इससे सावधान रहना चाहिए। उक्त बातें पंडित महावीर प्रसाद आईटीआई कॉलेज सुरेंद्रनगर हजपुरा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अवध प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह ने कही। विहिप के जिला जिला अध्यक्ष हृदय मणि मिश्रा ने सभी हिंदू भाइयों का आवाहन करते हुए अपने पूर्वजों के त्याग बलिदान अपने देश की संस्कृति सभ्यता के साथ परिवार समाज तथा देश को आगे बढ़ाना है। अंत में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष ने 100 असहाय लोगों को कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ। चिल्ड्रन एकेडमी सुरेंद्रनगर हजपुरा के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना और देश गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप पांडे, संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, राम आशीष मिश्रा, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य राम प्रकाश यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मिथिलेश त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा, रमेश मिश्रा, वयोवृद्ध संत बाबा राघव दास, कार सेवक पूर्व प्रधान रामशरण राजभर, रमेश प्रजापति, पुजारी लाल साहू सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत, परिजनों में कोहराम

बसखारी, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** तालाब की रखवाली करने गए लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मामला बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामडीह सराय गढ़ा का है। जहां पर शुक्रवार की शाम गढ़ा में स्थित तालाब की रखवाली करने गए मछुआ समिति के सदस्य राम हरख उर्फ साधु निवासी रामडीह सराय गढ़ा का शव शनिवार की सुबह तालाब में पाए जाने से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि मछुआ समिति से जुड़े सदस्यों को तालाब की रखवाली करने की प्रतिरात अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई थी। शुक्रवार को तालाब की रखवाली करने की जिम्मेदारी साधु की थी। जो शुक्रवार की शाम तालाब की रखवाली करने गए हुए थे। बताया जाता है कि नाव पर बैठकर रखवाली कर रहे साधु की नाव पलट कर तालाब में समा गई और उनकी तालाब में डूबने से मौत हो गई। सुबह मछुआ समुदाय से जुड़े कुछ सदस्यों ने तालाब में उतर कर खोजबीन की तो साधु का शव तालाब से निकाला गया।

## करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जैतपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव में शनिवार सुबह मजदूरी करने गए पिता–पुत्र हादसे का शिकार हो गए। निर्माण कार्य के दौरान हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र बाल–बाल बच गया। थाना क्षेत्र के शेखपुरा परिवारी गांव निवासी सुक्कू (60) अपने पुत्र हरिराम के साथ मजदूरी करने के लिए सरैया गांव गए थे। दोनों सरैया गांव निवासी जितेंद्र दुबे के घर निर्माण कार्य में मजदूरी कर रहे थे। शनिवार सुबह करीब 9 बजे घर के निर्माण में उपयोग होने वाले सरिया को सीधा करते समय सरिया ऊपर की ओर उठ गया और पास से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन के संपर्क में आ गया। इसके बाद तेज करंट दौड़ गया। करंट का झटका लगते ही हरिराम दूर जा गिरा, जिससे वह बच गया, लेकिन पिता सुक्कू करंट लगने से मौत हो गई।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापारवाही बर्दाश्त नहीं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित कल्याणकारी योजनाओं, गतिविधियों, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, मातृ मृत्यु, परिवार कल्याण, आयुष्मान भारत योजना, कायाकल्प प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, आशा और लाभार्थी भुगतान, परिवार नियोजन, बायोमेडिकल वेस्टेज निस्तारण आदि गतिविधियों की गहन समीक्षा किया। जिलाधिकारी अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति ने माह फरवरी के आगामी दिवसों में संचालित होने वाले कार्यक्रमों राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस कार्यक्रम, एमडीए तथा एमआर मिजिल्स रूबेला कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर संचालित किए जाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बसखारी ब्लाक के किछौछा में एचआईवी जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाने, टीकाकरण कार्यक्रम में ओवर डियू समाप्त करने के लिए योजना बनाए जाने के साथ-साथ ब्लाक स्तर पर स्थापित निजी चिकित्सा इकाईयों को एचएमआईएस पोर्टल पर मैप कराने के लिए निर्देशित किया। जिससे चिकित्सालयों में दी जाने वाली सेवाओं की फीडिंग एचएमआईए पोर्टल पर की जा सके।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला।

## बाल श्रम और बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय : राजबहादुर

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव ने बाल श्रम जनपद मुक्त लक्ष्य एवं बाल विवाह मुक्त जनपद के उद्देश्य से संचालित जन–जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त जागरूकता रथ आगामी एक माह तक जनपद के समस्त विकास खण्डों, नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा। रथ के माध्यम से आम जनमानस को बाल श्रम निषेध अधिनियम, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तथा शासन द्वारा संचालित बाल संरक्षण एवं श्रमिक कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को वर्ष 2027 तक बाल श्रम मुक्त घोषित किए जाने की दिशा में ठोस प्रयास करना, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के प्रति समाज को सचेत करना तथा बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त अभियान के माध्यम से यह संदेश भी दिया जाएगा कि बाल श्रम और बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध हैं, बल्कि बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय भी हैं।



जन–जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादव।

**एसआईआर** | विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की मण्डलायुक्त ने किया गहन समीक्षा, बूथों पर पहुंचकर एसआईआर कार्यों का लिया जायजा

# पात्र नागरिक मतदाता सूची से न रहें वंचित : राजेश कुमार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को आयुक्त, रोल प्रेक्षक अयोध्या मण्डल राजेश कुमार ने जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक तथा विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर एवं विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर एसआईआर के कार्यों का निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त राजेश कुमार के जनपद आगमन पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से एसआईआर पर फीडबैक एवं सुझाव प्राप्त किया तथा एसआईआर में जारी नोटिसों की सुनवाई के दौरान मतदाताओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की, जिससे अधिक से अधिक मतदाता निर्धारित तिथियों पर सुनवाई स्थलों पर पहुंच सकें।



विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का निरीक्षण कर जानकारी लेते आयुक्त राजेश कुमार व साथ में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला।

### एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण

मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने तहसील अकबरपुर में विधानसभा क्षेत्र–281 अकबरपुर में नोटिसों के सुनवाई स्थलों यथा कार्यालय खंड विकास अधिकारी अकबरपुर और पंचायत भवन अन्नावा पर एसआईआर के अंतर्गत नो–मैपिंग वाले मतदाताओं की एईआरओ द्वारा की जा रही सुनवाई प्रक्रिया तथा एसआईआर के विशेष अभियान तिथि पर विधानसभा क्षेत्र–281 अकबरपुर के विभिन्न बूथों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के वाचन और फॉर्म 6, 7 व 8 के संकलन के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया।

## बिजली बिल राहत योजना की अवधि बढ़ी

**न्यौरी अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव की विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल राहत योजना के द्वितीय चरण को शासन द्वारा 5 फरवरी 2026 तक बढ़ा दिया गया है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि शासन द्वारा बिजली बिल राहत योजना के द्वितीय चरण में बकायेदार उपभोक्ताओं को शत प्रतिशत ब्याज में छूट के साथ मूलधन में भी 20% की छूट प्रदान की जा रही है। अधिशासी अभियंता आलापुर अवधेश कुमार यादव कहा कि शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल राहत योजना सम्मानित उपभोक्ताओं के लिए किसी वरदान से काम नहीं है। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी लोग उपभोक्ताओं को द्वितीय चरण के 5 फरवरी तक बढ़ाए जाने का व्यापक प्रचार प्रसार करें।

## घर में लटकता मिला युवती का शव

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** कटका थाना क्षेत्र के बलईपुर गांव में शनिवार सुबह विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर बेटी को प्रताडित्र करने और उसकी हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। बता दें कि बलईपुर गांव निवासी विजय लक्ष्मी 26 वर्ष पत्नी विकास पांडेय का शव शनिवार सुबह उनके घर के कमरे में लटकता मिला। बताया गया कि विजय लक्ष्मी रोज की तरह शुक्रवार रात अपने कमरे में सोने गई थी, लेकिन सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं आई तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा, जहां उसका शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी मिलते ही कटका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। विवाहिता की मौत को लेकर गांव में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं बेटी की ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से स्तब्ध मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष कटका राकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

न्यूज ब्रीफ

### साध्वी व साधु पर हमले में एसपी के आदेश पर केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** चांदा थाना क्षेत्र में साध्वी और एक साधु पर जानलेवा हमले का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। खरगीपुर स्थित परमहंस कबीर आश्रम की साध्वी संत मालती दास ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 23 जनवरी को वह साधु विनय दास के साथ आश्रम के कार्य से चांदा बाजार गई थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल खराब होने पर जब वे मिस्त्री के पास पहुंचे, तभी जैसलाल, मनोज पाल, प्रेमा देवी, राजकुमार और राकेश यादव लाठी-डंडा और कट्टे से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में साध्वी और साधु दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। साध्वी का आरोप है कि उक्त लोग आश्रम पर कब्जा करना चाहते हैं और पूर्व में भी कई बार मारपीट कर चुके हैं।

### घर से आभूषण व 45 हजार की नकदी चोरी

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया गांव में बीती 29/30 जनवरी की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और 45 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित नागमणि के घर में घुसकर चोरों ने दो बक्सों में रखे कीमती सामान को चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चोरों की तलाश की जा रही है।

### महिला से मारपीट व गर्भपात का आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कोड़री गांव निवासी रामतीरथ यादव ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 27 जनवरी की शाम करीब तीन बजे उसकी पत्नी सरोज के घर में घुसकर रानी पत्नी सालिकराम और उसकी बेटी आरती ने लात-घूंसे से मारपीट की। आरोप है कि हमले में सरोज के पेट में गंभीर चोट आई, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। परिजन महिला को तत्काल सीएचसी कूरेभार ले गए, जहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान दो माह का गर्भ गिरने की बात कही गई है। राम तीरथ ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। गोसाईगंज थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बार काउंसिल चुनाव: 83.43 प्रतिशत हुआ मतदान

## प्रत्याशियों की किस्मत मतपेटियों में बंद, कुल 3,264 मतदाताओं में से पहले दिन 1,279 तथा दूसरे दिन 1,444 अधिवक्ताओं ने डाला वोट

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के सदस्य पद हेतु दो दिवसीय मतदान प्रक्रिया शनिवार को सकुशल संपन्न हो गई। कुल 3,264 मतदाताओं में से पहले दिन 1,279 तथा दूसरे दिन 1,444 अधिवक्ताओं ने मतदान किया। इस प्रकार दो दिनों में 2723 अधिवक्ताओं ने मत डाले, जो कुल 83.43 प्रतिशत मतदान रहा।

शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर स्थित मतदान केंद्र पर सुबह से ही अधिवक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। पुलिस-प्रशासन की सतर्कता और चुस्त व्यवस्था के चलते मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। परिसर में विभिन्न प्रत्याशियों की प्रचार सामग्री भी खूब दिखी। नोडल अधिकारी एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर और एडीजे राकेश पांडेय लगातार मतदान प्रक्रिया की निगरानी करते रहे। चुनाव में समर्थकों के साथ कई दिग्गज अधिवक्ता सक्रिय दिखे, जिनमें बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष जय नारायण पांडेय, प्रशांत सिंह अटल, पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय, महेंद्र प्रसाद शर्मा, देवेंद्र मिश्र नगरहा के प्रतिनिधि विश्वंभर नाथ शुक्ल प्रमुख रहे। सभी अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव दिनेश कुमार दूबे, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, काशी प्रसाद शुक्ल, अखिलेश शुक्ल, अब्बास अहमद खान, संतोष पांडेय, बृजेंद्र द्विवेदी, विवेक श्रीवास्तव, अशोक शुक्ल,


उत्साह के साथ मतदान करने जाते अधिवक्तागण। ● अमृत विचार

राजन शुक्ल, रामजी गुप्ता, रमेश पांडेय सहित अनेक वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मत डालकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती प्रदान की। चुनाव में कुल 333 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें से 25 सदस्य चुने जाएंगे। दो दिनों की मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में कैद हो चुका है।

### कादीपुर में 345 वकीलों ने किया मतदान

**कादीपुर :** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर कादीपुर में अधिवक्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। संशोधित मतदाता सूची के अनुसार कुल 366 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें से 345 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया सिविल प्रवर खंड विश्वजीत सिंह तथा जूनियर डिवीजन संतोष वर्मा की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कोतवाल श्यामसुंदर के नेतृत्व में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरे मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रही।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मुसाफिरखाना-देवरा मार्ग पर बहुरांवा के निकट 25 जनवरी की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बल्दीराय थाना क्षेत्र निवासी शिवांक (21) पुत्र अशोक अग्रहरि मजदूरी के लिए जा रहा था, तभी साबुन से लदे एक डीसीएम वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल को सीएचसी बल्दीराय पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, जहां शुक्रवार शाम उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन शव को लेकर घर पहुंचे और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। बल्दीराय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कराया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गैर इरादतन हत्या में दोषी को 10 साल का कारावास

- 17 साल पूर्व कोतवाली देहात के मोहम्मदपुर में रमाशंकर की मौत से जुड़ा मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर में 17 साल पूर्व रमाशंकर की गैर इरादतन हत्या के मामले में दोषी लालजी वर्मा को सेशन जज सुनील कुमार ने 10 साल की जेल और 34 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

अभियोजन के अनुसार पांच सितम्बर 2009 की घटना में नन्हेलाल वर्मा ने पिता रमाशंकर की लाठी डंडे से पिटाई में मौत हो गई थी। मामले में आरोपी लाल जी वर्मा, उसके पुत्र संजय पत्नी गुड्डन तथा मां इसराजी पर मारपीट, गाली-गलौज व हत्या की धमकी के आरोप में केस दर्ज कराया था। उपचार के दौरान रमाशंकर की मौत हो जाने पर मुकदमे में गैर इरादतन हत्या की वृद्धि हुई जिसमें लालजी के पिता रामराज का नाम भी सामने आया। पुलिस ने आरोपी गुड्डन व इसराजी को क्लीनचिट दे दी थी। कोर्ट ने पूर्व में रामराज व संजय को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई थी। मुकदमे में बहस के बाद बचाव पक्ष के वकील ने लालजी के नाबालिग होने के आधार पर उसका विचारण किशोर न्याय बोर्ड को भेजने की मांग की जिस पर फाइल अलग कर बोर्ड को भेज दी गई। बाद में बोर्ड ने लालजी को व्यस्क मानते हुए फाइल फिर से सेशन कोर्ट को लौटा दी।

### दहेज हत्याकांड की पत्रावली सेशन कोर्ट के सुपुर्द, सुनवाई 13 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** थाना पीपरपुर क्षेत्र के डिहवा दुर्गापुर गांव में दो माह पूर्व हुए दहेज हत्याकांड की पत्रावली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत से स्थानांतरित होकर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार की अदालत में विचारण हेतु भेजी गई है। सेशन कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 फरवरी की तिथि निर्धारित कर दी है। एसपीओ शैलेश चतुर्वेदी के मुताबिक मृतका सपना वर्मा के पिता रामखेलार वर्मा निवासी अहिमाने, कोतवाली देहात ने थानाध्यक्ष पीपरपुर को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री सपना वर्मा की शादी 3 जून 2023 को डिहवा दुर्गापुर निवासी रवीन्द्र वर्मा से हुई थी। आरोप है कि कम दान-दहेज को लेकर ससुराल पक्ष उसे लगातार प्रताड़ित करता था। इसी प्रताड़ना के चलते 1 दिसंबर 2025 को उसकी हत्या कर उसे फांसी पर लटकाए जाने का झूठा रूप दिया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति रवीन्द्र वर्मा, देवर अरविन्द वर्मा और उसकी पत्नी गायत्री वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने अरविन्द वर्मा और गायत्री वर्मा को क्लीनचिट दे दी तथा पति रवीन्द्र वर्मा को ही प्रकरण का आरोपी मानते हुए उसके विरुद्ध चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी है। अब मामले की सुनवाई सेशन कोर्ट में होगी, जहां आगामी 13 फरवरी को प्रकरण पर विचार किया जाएगा।

### बीएसए के मुकदमे में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर :** जिले की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी के कार्यालय में घुसकर सरकारी काम में बाधा डालने, गाली गलौज तथा धमकी के मुकदमे में अभियोजन पक्ष के गवाह कांस्टेबल सहन कुमार की गवाही दोबारा दर्ज होने के कारण पत्रावली आरोपी के बयान में फिर से नियत की गई है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सन्तोष पाण्डेय ने बताया कि सीजेएम नवनीत सिंह की अदालत ने वकीलों के प्रस्ताव के कारण शनिवार को सुनवाई नहीं हो सकी। कोतवाली देहात के बेला मोहन निवासी निलंबित शिक्षक सुरेश प्रताप सिंह पर 22 फरवरी 2023 को मुकदमा दर्ज हुआ था।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान बूथों पर बीएलओ सक्रिय

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र में बूथों पर मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान शनिवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने बूथों पर मौजूद रहे और नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, त्रुटि नोटिस का सत्यापन, आपत्ति और अन्य पुनरीक्षण कार्यों को संपन्न किया। रवनिया बूथ संख्या 145 और 146 पर बीएलओ किरन देवी व सुरेंद्र पांडेय ने प्रत्येक ने पांच नए मतदाता आवेदन प्राप्त किए। इसी


बूथ पर कार्य करते बीएलओ।

तरह, सेवतरी बूथ संख्या 144 पर बीएलओ ईशरावती वर्मा ने पांच नए आवेदन स्वीकार कर अभियान को सफल बनाया। निगरानी के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी प्रभात कुमार सिंह ने कई बूथों का निरीक्षण किया और सभी बीएलओ को पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से सफल बनाने के निर्देश दिए।

# आर्म बॉक्सिंग फेडरेशन कप का आगाज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खेल जगत के उत्साहपूर्ण माहौल के बीच पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में अमैच्योर आर्म बॉक्सिंग फेडरेशन कप का भव्य शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय ने किया। उद्घाटन अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास पर जोर दिया।

प्रतियोगिता का आयोजन आर्म बॉक्सिंग के डायरेक्टर प्रेसिडेंट नसरुद्दीन, कोषाध्यक्ष आशुतोष शर्मा तथा विशिष्ट निर्णायक मंडल की निगरानी में किया जा रहा है। फेडरेशन कप में हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, गुजरात, बिहार और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया है। पहले दिन खेले गए मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। जूनियर वर्ग में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किए। मेजबान उत्तर


बाक्सिंग प्रतियोगिता का किया गया शुभारंभ। ● अमृत विचार

प्रदेश की टीम ने दबदबा बनाते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक जीते। जम्मू-कश्मीर को 1 रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जबकि महाराष्ट्र ने 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन एवं अमैच्योर आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

### धार्मिक स्थल क्षतिग्रस्त करने का आरोप, केस

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बल्दीराय थाना क्षेत्र के सेमरा मजरे बिरधौरा गांव में धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। गांव निवासी इलियास पुत्र इब्राहिम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी को सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि मेघमऊ थाना हलियापुर निवासी अनुज, अमन और दीपांशु द्वारा गांव स्थित कर्बला व मजार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। आरोप है कि इस घटना से गांव के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि धार्मिक स्थल को क्षतिग्रस्त करना समाज में सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और सख्त सजा की मांग की है। बल्दीराय थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# शाहपुर लपटा में बनेगा मिनी स्टेडियम

- आयेगी करीब सात करोड़ रुपये की लागत, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

अजय कुमार पांडेय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खेल अवस्थापना सृजन योजना के तहत सुलतानपुर जिले के मोतिगरपुर विकासखंड स्थित शाहपुर लपटा गांव में ग्रामीण मिनी स्टेडियम बनाए जाने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। जिला युवा कल्याण विभाग की करीब तीन एकड़ भूमि पर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम का प्रस्ताव मुख्यालय को भेज दिया गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलते ही चिन्हित भूमि पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

बताया जा रहा है कि इस अत्याधुनिक ग्रामीण मिनी स्टेडियम के निर्माण पर करीब सात करोड़ रुपये की लागत आएगी। स्टेडियम में एथलेटिक्स ट्रैक, फुटबॉल व कबड्डी सहित अन्य खेल सुविधाएं विकसित की जाएंगी।


इसी स्थान पर बनेगा अत्याधुनिक मिनी स्टेडियम।

इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल अभ्यास और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। मिनी स्टेडियम बनने से क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर मिलेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण खिलाड़ी जिला व प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए जल्द निर्माण शुरू होने की उम्मीद जताई है।

# सड़क सुरक्षा माह का समापन

- स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी में जमोली कूरेभार में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शासन एवं परिवहन आयुक्त के निर्देशों के क्रम में जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह का समापन शनिवार को स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी, जमोली कूरेभार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सुश्री अलका शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।


समापन कार्यक्रम में छात्र को सम्मानित करतीं एआरटीओ। ● अमृत विचार

समापन कार्यक्रम में बच्चों ने सड़क सुरक्षा पर आधारित गीत, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं स्काउट गतिविधियों के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय में संचालित वाहनों का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्ता, यात्री मालकर अधिकारी शैलेन्द्र कुमार तिवारी सहित विद्यालय एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य व प्रबंधन मौजूद रहे। आयोजकों ने सड़क सुरक्षा को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की।

# अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम हटाने को फर्जी आपत्तियां दाखिल करने का आरोप

लंभुआ, सुलतानपुर

- भाजपा बूथ अध्यक्ष बोले- अनजाने में दाखिल हो गई आपत्ति

**अमृत विचारः** मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान मुस्लिम और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फर्जी आपत्तियां (फॉर्म-7) दिए जाने का आरोप भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों पर लगा है। वहीं इस मामले पर सपा नेता जितेंद्र वर्मा उर्फ बाजीगर ने इसे प्रमुखता से उठाते हुए अधिकारियों से शिकायत की है।

मामला लंभुआ विकासखंड के ग्राम पंचायत मदनपुर पनियार का है, इस गांव में तीन 221,222 व 223 बूथ बनाए गए हैं जहां मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान विशेष रूप से मुस्लिम व अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों द्वारा 71 लोगों के विरुद्ध फर्जी आपत्तियां (फॉर्म-7) दिए जाने का आरोप है। जो 71 आपत्तियां दाखिल है उनमें 38 आपत्ति ओम प्रकाश ने दाखिल की जो भाजपा के बूथ अध्यक्ष है, ओम प्रकाश से पूछा गया आपने आपत्ति क्यों दाखिल की है तो उन्होंने बताया कि यह आपत्ति अनजाने में हमसे भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दाखिल कराया है, जिन मतदाताओं की आपत्ति दाखिल हुई वह सभी सही मतदाता है, वहीं गांव के ही छोटेलाल मिश्रा के नाम से 33 आपत्तियां दाखिल की गई है, छोटेलाल मिश्रा से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि वह गांव के बाहर है बाद में बात करेंगे इसके बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। वहीं गांव के ही मोहम्मद हारून व सिराज अहमद का आरोप है कि भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता द्वारा साजिश के तहत विशेष रूप से मुस्लिम समाज के लोगों का फॉर्म-7 भर कर वोट काटने के लिए आपत्ति भर रहे हैं। जबकि मतदाता सूची में सारे नाम सही है। बूथ संख्या 221 पर तैनात बीएलओ अनीता पाण्डेय व बूथ संख्या 222 पर तैनात बीएलओ अनीता मिश्रा ने आफ कैमरा बताया कि जो आपत्तियां मिली है उनकी जांच की जा रही है।

आयोजन | पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के तृतीय सोपान का समापन

# स्काउट प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने दिखाया कौशल

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बल्दीराय तहसील क्षेत्र स्थित राममिलन सालिकराम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज में शनिवार को आयोजित पांच दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के तृतीय सोपान का समापन बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ किया गया। समापन अवसर पर स्काउट के बच्चों ने अपनी प्रतिभा और प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

शिविर के दौरान बच्चों ने आर्मी टेंट की अलग-अलग टोलियां बनाकर आकर्षक ढंग से टेंट पिचिंग का प्रदर्शन किया। बद्रीनाथ टीम, महावीरन टोला, काशी विश्वनाथ सहित दर्जनों नामों से सजे टेंटों


बच्चों द्वारा बनाए गए टेंट का निरीक्षण करते मुख्य व विशिष्ट अतिथि। ● अमृत विचार

ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए मेले में भी रचनात्मकता और अनुशासन की झलक देखने को मिली। मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव तथा विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी बल्दीराय प्रवीण कुमार उपस्थित रहे। मुख्य ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट वीर विक्रम सिंह ने बताया कि 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान बच्चों को कंपास का प्रयोग, मैप बनाना, दूरी व दिशा का अनुमान लगाना, प्राथमिक चिकित्सा, टेंट पिचिंग, बिना बर्तन के भोजन बनाना, संकेत वार्ता एवं जासूसी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं, जो आपदा और आपात स्थितियों में उपयोगी सिद्ध होती हैं।

अतिथियों का स्वागत कलर पार्टी की नंदिनी सिंह, वंदना मौर्य, स्तुति दुबे तथा स्काउट आयुष मौर्य और प्रिंस द्वारा सलामी सम्मान के साथ किया गया। शिविर में स्काउट टीम के प्रशिक्षक महेंद्र कुमार वर्मा, मनीषा वर्मा, सुमित विश्वकर्मा, शिव सुंदर यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्मराज शर्मा, स्काउट काउंसलर दिग्विजय सिंह, रणविजय, आनंद दुबे, धर्मेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पुष्कर सुलतानपुरी, रामराज शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### सेवार्थम हर घर तक पहुंचाएगा गंगा जल

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** सेवार्थम वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू परिवार के घर तक मां गंगा का पवित्र जल नि:शुल्क पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। सेवार्थम फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत 01 फरवरी 2026 को की जाएगी। वाराणसी से आए पांच ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजन के साथ माँ गंगा की आरती कर "सेवार्थम गंगा रथ" का भव्य शुभारंभ कस्बे के मेला वाली बाग से प्रात: 10 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शुभारंभ अवसर पर वाराणसी से पधारे कलाकारों द्वारा भगवान भोलेनाथ का भव्य तांडव नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। डॉ. तिवारी ने कहा कि गंगा रथ के विधिवत उद्घाटन के पश्चात लम्भुआ विधानसभा क्षेत्र के सभी हिंदू परिवारों को नि:शुल्क गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

पहले मेरा नाम RAJU था अब मैने बदलकर अपना नाम RAJU AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे RAJU AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O, KALLU R/O, VILL SHAHABAD POST JARGAWAN BARABANKI 225416

**सूचना**

मैं शिव शंकर पांडे पुत्र नानमून पांडे निवासी ग्राम जानकी नगर तहसील व जिला गोंडा अपने छोटे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू पांडे के क्रियाकलापों से त्रस्त होकर अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरे पुत्र सुरेंद्र उर्फ रामू द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन के लिए मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे डाकघर बांगरमऊ से जारी राष्ट्रीय बचत पत्र संख्या – 06 Ma 491823 में मेरा नाम लखन तिवारी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व केवाईसी आदि दस्तावेजों में मेरा नाम तेजस्व तिवारी दर्ज है। तेजस्व तिवारी और लखन तिवारी दोनों मेरे ही नाम हैं। मुझे उपरोक्त दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। तेजस्व तिवारी पुत्र वरुण तिवारी निवासी मोहल्ला –गांधी नगर कस्बा – फतेहपुर चौरासी, जिला – उन्नाव

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप है जो मेरे शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स मे मेरा नाम आशीष कुमार पुत्र छोटे लाल अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य मे मुझको मेरे सही नाम आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप के नाम से जाना व पहचाना जाये। आशीष कुमार कश्यप पुत्र छोटे लाल कश्यप निवासी मकान नम्बर 8/286. सीताराम कालोनी, शुक्लागंज जिला उन्नाव–209861

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सुपुत्र लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI). के आधार संख्या 62673965777 में उसका नाम काव्य तिवारी दर्ज हो गया है। जबकि उसका वास्तविक नाम लक्ष्य तिवारी है। अब भविष्य में उसे लक्ष्य तिवारी (LAKSHYA TIWARI) के नाम से जाना–पहचाना व पुकारा जाए। एतद द्वारा मैं घोषित करता हूं कि उपरोक्त के संदर्भ में सभी औपचारिकताएं मेरे पास पूर्ण कर ली गई हैं। विवेक तिवारी, 544/1343 एकता नगर कैम्पबेल रोड़ बालागंज, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि विवाह के बाद मेरा नाम आंचल अग्रवाल हो गया था। किंतु अब विवाह विच्छेद के पश्चात अब मैने अपना नाम पुन: आंचल यादव कर लिया है। अब भविष्य में मुझे आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस –2 डी –1 1429, कानपुर रोड , एल0डी0ए0 व एव कॉलोनी लखनऊ के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं आंचल यादव पुत्री सुभाष कुमार यादव निवासिनी एस एस –2 डी –1 1429, कानपुर रोड , एल0 डी0ए0 कॉलोनी लखनऊ में मैने अपनी पुत्री का नाम पंखुड़ी से बदल कर कीर्ति कर लिया है। अब से उसे कीर्ति के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पिता मनोज कुमार सिंह ने दिनांक 28.07.2008 को मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी सं 218327611 कराई थी, पालिसी में मेरा नाम ANIVERSH SINGH लिखा गया था, जन्मतिथि 06.10.2007 था। पिता की मृत्यु के बाद मैंने अपना नाम बदलकर HARSH VARDHAN SINGH VISEN तथा जन्मतिथि 05–10.2007 कर दिया। यही नाम बैंक खाता, आधार व मार्कशीट में दर्ज हैं, पालिसी में हर्षवर्धन सिंह विसेन कर दिया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### हेलमेट वितरण और सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम आयोजित

**गोंडा, अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा वेंकटाचार्य क्लब, गोण्डा में हेलमेट वितरण एवं सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं बल्कि जीवन रक्षा का माध्यम है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से हेलमेट और चारपहिया चालकों से सीट बेल्ट का अनिवार्य प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के शतप्रतिशत पालन की शपथ दिलाई गई तथा हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सीओ विनय कुमार सिंह, आरटीओ आर.के. सरोज सहित परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### घघौवा नाले में मिला वृद्धा का शव

**रुपईडीह, अमृत विचार :** शनिवार सुबह घर से निकली कौड़िया के सरैया माफी गांव निवासिनी शिवपता (65) की लाश गांव के ही निकट घघौवा नाले में पाई गई। घटना की सूचना उनकी पुत्री रामदुलारी निवासिनी कोड़री द्वारा पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी थानाध्यक्ष राधेश्याम यादव, दारोगा राहुल प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षी विजयभान यादव, प्रेम प्रकाश व सरस्वती को मौके पर पहुंचे तथा घटना के बारे में जानकारी हासिल की। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका का मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था जिस कारण से वह आए दिन इधर-उधर घूमती रहती थी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# संतों व विचारकों ने राष्ट्र-संस्कृति और पर्यावरण पर रखे विचार

**विराट हिंदू सम्मेलन**

**कटरा बाजार, गोंडा**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कटरा बाजार नगर में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संघ के अवध प्रांत के सह सामाजिक सद्भाव प्रमुख दुर्गेश रहे, जबकि अध्यक्षता अयोध्या धाम से संत करपात्री महाराज ने की। दुर्गेश ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक पर्यावरण प्रदूषण विकसित देश करते हैं, जबकि भारतीय संत-महात्मा सदियों से पौधरोपण कर प्रकृति की रक्षा करते आ रहे हैं। भारतीय संस्कृति पर्यावरण संरक्षण के लक्षणों के लिए जानी जाती है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि उत्तराखंड के काठगोदाम क्षेत्र में अंग्रेजों ने हिमालयी वृक्षों को काटकर महंगी लकड़ी का भंडार बनाया था। साथ ही उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत पर चाहे जितने भी प्रतिबंध लगाए जाएं, देश उन्हें सहन नहीं करेगा और भविष्य में धरती डॉलर-मुक्त होकर रहेगी। संत करपात्री महाराज ने पतंजलि, कणाद और पराशर जैसे ऋषियों का स्मरण करते हुए कहा कि हमारे आराध्य श्रीराम एक ऋषि-प्रधानमंत्री की गोद में बैठकर अपने भव्य, दिव्य और नव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए सनातन समाज ने पांच सौ वर्षों तक तपस्या की है और हमें अपने आराध्य पर गर्व होना चाहिए। संत करपात्री महाराज ने कुरान की आयतों और अंग्रेजी उद्धरणों के माध्यम से भी श्रीराम के अस्तित्व की व्यापक व्याख्या की। सम्मेलन में अयोध्या धाम हनुमत सदन के दद्दन महाराज, जिला कार्यवाह अश्वनी, ज्योति पांडे, राम बहाल तिवारी, एसपी शुक्ल, नगर संघ चालक अमित रस्तोगी, देवब्रत, विष्णु भगवान, मोहित रस्तोगी, सचिव राजेश, नंदकुमार, बिपिन, शेष नारायण मिश्र, धुल्ली पांडे, पंकज, सुमित रस्तोगी, नितिन रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हिंदू सम्मेलन में मौजूद लोग। अमृत विचार


सम्मेलन को संबोधित करते करपात्री महाराज।

**पंच परिवर्तन से संगठित राष्ट्र का संकल्पः नवाबगंज, गोंडाः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शनिवार को श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज के मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संघ के संपर्क प्रमुख मनोज रहे, जबकि मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मनोज ने कहा कि संघ ने शताब्दी वर्ष में समाज और राष्ट्र के सकारात्मक परिवर्तन के लिए पंच प्रण (पंच परिवर्तन) का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन के अंतर्गत सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच प्रमुख बिंदु शामिल हैं। सामाजिक समरसता के माध्यम से भेदभाव समाप्त कर समाज को जोड़ने, परिवार संस्था को मजबूत करने, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और नागरिक दायित्वों के निर्वहन पर उन्होंने जोर दिया। विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि संघ का कार्य समाज को दिशा देने वाला है। सम्मेलन में प्रवीण, रवि, संघ चालक रामसुंदर, महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज, वेदप्रकाश दूबे, जनार्दन तिवारी, हर्षवर्धन पांडेय और बाबूलाल शास्त्री सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में खेलकूद स्पर्धा संपन्न

**गोंडा कार्यालयः** राजकीय पॉलिटेक्निक के खेल मैदान में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता 28 जनवरी से प्रारंभ हुई थी, जिसमें सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभागों के दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। समापन समारोह की अध्यक्षता संस्थान के प्राचार्य राकेश कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी डॉ. अभय कृष्ण यादव द्वारा किया गया। विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं शारीरिक-मानसिक फिटनेस का विकास होता है। इस अवसर पर संस्थान के विभागाध्यक्ष ओपी चौधरी, विभागाध्यक्ष अनुराग रावत, शोभराज, अभिषेक तिवारी, मनोज कुमार गुप्ता, सविता एवम अन्य शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


बूथ का निरीक्षण करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

### विशेष पुनरीक्षण अभियान दिवस का किया निरीक्षण

**गोंडा, अमृत विचार :** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद में आयोजित विशेष अभियान दिवस का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न मतदेय स्थलों का भ्रमण कर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने तथा पात्र नागरिकों, विशेषकर नए मतदाताओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को आवश्यक सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने मतदाताओं से संवाद कर आवेदन प्रक्रिया की जानकारी ली और अपील की कि पात्र नागरिक विशेष अभियान का लाभ उठाकर अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल होने को कहा।

## आरएएफ व पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचारः** आगामी त्योहारों एवं पंचायती राज चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। गृह मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशों तथा 91 वीं बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स के कमांडेंट जितेन्द्र कुमार ओझा के मार्गदर्शन में ए/91 आरएएफ द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में परिचितिकरण अभियान एवं फ्लैग मार्च चलाया जा रहा है। यह विशेष सुरक्षा अभ्यास 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 जनवरी तक जनपद गोंडा के लगभग सभी थाना क्षेत्रों में क्रमवार रूप से आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल एवं पुलिस उपाधीक्षक (नगर) आनंद कुमार राय के नेतृत्व में नगर के प्रमुख क्षेत्रों कोतवाली नगर एवं कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में आरएएफ और पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च एवं क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान सुरक्षा बलों ने आमजन से संवाद कर शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अभियान में कोतवाली देहात थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह तथा कोतवाली नगर थाना प्रभारी विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में ए/91 बटालियन आरएएफ लखनऊ के असिस्टेंट कमांडेंट श्री प्रेम प्रकाश, निरीक्षक चन्दन कुमार एवं मदन मोहन शर्मा सहित पुलिस व आएएफ के जवान मौजूद रहे।


फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

# बिना मंगलसूत्र व बेंदी रुखसत होंगी बेटियां

- **खेत बेचकर कन्याओं के 'हाथ पीले' करने को मजबूर हैं किसान, मजदूर और कामगार**

**संवाददाता गोंडा**

### यह सिर्फ महंगाई नहीं, सामाजिक पीड़ा है

मंगलसूत्र और बेंदी सिर्फ आभूषण नहीं, बल्कि संस्कृति, आत्मसम्मान और भावनात्मक सुरक्षा के प्रतीक हैं। जब ये विदाई से गायब होते हैं, तो सवाल सिर्फ कीमतों का नहीं, बल्कि समाज की संवेदनशीलता का भी होता है। जरूरत है कि नीतियां सिर्फ बाजार नहीं, बल्कि आम घरों की खुशियों को भी बचाएं, ताकि बेटियों की विदाई आंसुओं से नहीं, मुस्कान से हो।

**अमृत विचारः** एक ओर सरकार भारत को विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर देश की करीब 70 प्रतिशत आबादी सामाजिक-आर्थिक तबाही की कगार पर खड़ी है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि किसान, श्रमिक और मेहनतकश वर्ग अपनी बेटियों की शादी के लिए पुश्तैनी खेत-खलिहान बेचने को मजबूर हैं, फिर भी परंपरागत आभूषण तक नसीब नहीं हो पा रहे। बीते 12 महीनों में सोने और चांदी की कीमतों में बेतहाशा उछाल ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। जनवरी 2025 में जहां सोना 79 से 82 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था, वहीं अब इसकी कीमत करीब 2 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच चुकी है। यह अलग बात है कि शुक्रवार को यह कुछ हदतक धड़ाम हुई लेकिन जानकार मानते हैं कि मांग बढ़ते ही यह इसके मूल्य फिर आसमान छूने लगेंगे। इसी तरह चांदी 4 लाख रुपये प्रति किलो के पार जा चुकी है। परंपरागत रूप से विवाह में मंगलसूत्र, बेंदी और आभूषण सिर्फ गहने नहीं, बल्कि स्त्री सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक माने जाते हैं। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि बेटियां बिना मंगलसूत्र और माथे की बेंदी के विदा होने को मजबूर हैं। जिन हाथों में कभी खेतों की मिट्टी थी, आज वही हाथ जमीन के कागज गिरवी रखकर बेटी की शादी की जद्दोजहद में लगे हैं। यह स्थिति बताती है कि आर्थिक विकास के दावे और आम जनजीवन के हालात के बीच गहरी खाई बन चुकी है। यदि यही हालात रहे, तो आने वाले समय में शादियां रस्म नहीं, बोझ बन जाएंगी और सामाजिक ताने-बाने पर इसका गहरा असर पड़ेगा।

## ट्रेन में हृदय गति रुकने से अधेड़ की गयी जान

**करनैलगंज, अमृत विचार :** रोजगार के लिए दिल्ली जा रहे करनैलगंज क्षेत्र के एक व्यक्ति की ट्रेन में अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थाना कटरा बाजार क्षेत्र के ग्राम असरना डेलईपुरवा निवासी दक्षिणी कश्यप (50) पुत्र छोटेलाल बृहस्पतिवार की रात लखनऊ मेल से दिल्ली जा रहे थे। शहजहांपुर के पास अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। यात्रियों और ट्रेन स्टाफ की मदद से उन्हें तत्काल शहजहांपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शनिवार को डेलईपुरवा में उनका अंतिम संस्कार किया गया। दक्षिणी कश्यप दिल्ली के करोल बाग में ठेला लगाकर किसी तरह परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। उनकी असमयिक मौत ने पत्नी ज्योति की दुनिया उजाड़ दी। बेटे रौनक और करन तथा बेटी काजल पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। काजल विवाह योग्य है। घर की आर्थिक रीढ़ टूट जाने से पूरे परिवार में मातम पसरा है।

### शिक्षक पवन सिंह बने प्रांतीय संयुक्त मंत्री

**मनकापुर, गोंडा :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर शिक्षक संघ के पवन सिंह को प्रान्तीय संयुक्त मंत्री के पद पर जीत मिलने पर शिक्षकों में खुशी की लहर है। शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल संघ का त्रिवर्षीय प्रांतीय अधिवेशन 25 जनवरी को फरुखाबाद में हुआ। जिसमें शिक्षक पवन सिंह प्रांतीय संयुक्त मंत्री के पद पर जीत मिली। इस जीत की खुशी में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुनौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलहरवा में शुक्रवार को भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित प्रांतीय संयुक्त मंत्री पवन सिंह का स्वागत किया। राधे श्याम गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, उमेश चौबे, हरि कृष्ण पांडेय, रंजीत कुमार, महेश शुक्ल, दिनेश कुमार वर्मा, चन्द्र प्रकाश वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, अनिल कुमार, अरुण सिंह, राम गोपाल, सारिका, कुमारी अंकिता यादव, जितेन्द्र वर्मा ने उन्हें जीत की बधाई दी।

### बच्चों को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



आत्मरक्षा का प्रशिक्षण लेते बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** उप्रावि बेलवा नोहर में शनिवार को बच्चों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक अखिलेद्र सिंह ने बच्चों को जूडो कराटे, कोहनी, मुट्ठी, उंगलियों, बचाव तकनीकों, आदि के बारे में प्रशिक्षित किया। शिक्षक मनोज कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में खुद की रक्षा करने के योग्य बनाना इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। बताया कि मीना मंच के अवसर पर बच्चों ने कॉमिक पोस्टर स्पर्धा में भी प्रतिभाग किया जिसमें सर्वश्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह ने कहा इससे बच्चे अपनी सुरक्षा स्वयं कर सकेंगे। इस अवसर पर अखिलेश कुमार व महेश कुमार उपस्थित रहे।


करनैलगंज में मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा। अमृत विचार

### एसडीएम ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**करनैलगंज, अमृत विचार :** एसडीएम नेहा मिश्रा ने करनैलगंज के एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया गया और बीएलओ को निर्देश दिए गए कि छूटे हुए मतदाताओं के फॉर्म को सूची में शामिल किया जाए। एसडीएम ने कंपोजिट स्कूल, कन्हैयालाल इंटर कॉलेज, नगर पालिका सहित लगभग सभी बूथों का निरीक्षण करते हुए मतदाताओं के फॉर्म को स्कैन कर सूचीबद्ध करने का काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि कोई त्रुटि पाई गई तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उधर, भाजपा पदाधिकारी मुकेश कुमार वैश्य भी एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण कर मतदाताओं के सामने आ रही कठिनाइयों को दूर कराने के लिए बूथ लेवल ऑफिसरों से मिलकर फॉर्मों को सूची में शामिल करवाया।



प्रशिक्षण शिविर में किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### मनकापुर में किसानों को मिला आधुनिक खेती का ज्ञान

**मनकापुर, गोंडा :** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लिए कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता कर आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस.के. वर्मा ने कृषकों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि कृषि रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती ही टिकाऊ और लाभकारी कृषि का भविष्य है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राम लखन सिंह ने रबी फसलों में समसामयिक कृषि कार्य, फसल अवशेष प्रबंधन तथा प्राकृतिक व जैविक खेती की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उद्यान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कद्दू वर्गीय सब्जियों की वैज्ञानिक खेती के गुर बताए। वहीं डॉ. अजीत सिंह वत्स ने रबी फसलों में कीट व रोग प्रबंधन तथा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन की जानकारी दी।

## संपत्ति बैनामा कराने के दबाव में युवक पर हमला

**नवाबगंज, गोंडाः** वजीरगंज थाना क्षेत्र के तुरकाडीहा गांव निवासी हरिभजन सिंह उर्फ शनि सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि शुक्रवार दोपहर 1:30 बजे उनके चचेरे भाई प्रदीप सिंह पुत्र सुरेश सिंह को विपक्षी लालजी उर्फ बिजली पुत्र राम सहाय तथा उसका भाई लल्लू जबरन अयोध्या से अपने गांव चकिया, बालापुर, नवाबगंज ले आए। आरोप है कि दोनों ने प्रदीप सिंह पर अपनी सम्पूर्ण संपत्ति का बैनामा करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे प्रदीप सिंह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

### नायब तहसीलदार को दी गयी विदाई


सेवानिवृत्ति पर नायब तहसीलदार को सम्मानित करते एसडीएम। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा :** तहसील प्रशासन में अपनी सेवाएं देने वाले नायब तहसीलदार अनिल कुमार तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। कर्मचारियों ने उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, सहयोगी एवं जनहित में कार्य करने वाला अधिकारी बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान भावुक होते हुए नायब तहसीलदार ने कहा कि मनकापुर तहसील में उन्हें अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और क्षेत्रीय जनता से जो स्नेह व सम्मान मिला वह उनके पूरे सेवाकाल की अमूल्य धरोहर है। शासन की मंशा के अनुरूप उन्होंने सदैव ईमानदारी से कार्य किया और सभी का भरपूर सहयोग मिला। उपजिलाधिकारी अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि विदाई की बेला सदैव दुखदायी होती है, लेकिन सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि अपने कार्य के प्रति समर्पित और सहयोगी अधिकारी को लोग हमेशा याद रखते हैं।

# आरोपः बिचौलियों के माध्यम से खरीद रहे बाहरी गन्ना

**कटरा बाजार, गोंडा**


मैजापुर मिल। अमृत विचार


मिल के बाहर गन्ना लादकर खड़े वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कटरा बाजार स्थित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की मैजापुर इकाई एक बार फिर विवादों में घिर गई है। स्थानीय किसानों ने मिल प्रबंधन पर आरोप लगाया है कि उन्हें जान-बूझकर दरकिनार कर बिचौलियों के माध्यम से बाहरी क्षेत्रों का गन्ना खरीदा जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जबकि क्रय केंद्रों पर ट्रालियों की लंबी कतारें लगने के बावजूद स्थानीय उपज की खरीद में भारी देरी की जा रही है। शुक्रवार को आक्रोशित किसानों ने मिल परिसर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि उनकी गन्ना पर्चियां नहीं खोली जा रहीं, जबकि बाहरी ट्रालियों को प्राथमिकता देकर तुरंत तौल और पेराई कराई जा रही है। किसान मथुरा प्रसाद ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन बिचौलियों के जरिए बाहरी गन्ना मंगवा रहा है और स्थानीय किसानों को टालमटोल कर परेशान किया जा रहा है। अरविंद नामक किसान ने बताया कि मिल के आसपास के किसानों की पर्चियां जानबूझकर लंबित रखी जा रही हैं, ताकि बाहर से गन्ना मंगवाकर मिल अपना कोटा पूरा कर सके। सबसे गंभीर आरोप सुनील तिवारी ने लगाए। उन्होंने कहा कि गन्ना सीडीओ की कथित मिलीभगत से एक पूरा सिंडिकेट काम कर रहा है, जिसमें मिल के अधिकारी भी शामिल हैं। कथाकथित किसानों का गलत सर्वे कराकर पर्चियां बनवाई जाती हैं और फिर कम दामों पर अन्य जिलों से गन्ना लाकर पेराई की जाती है। किसानों का दावा है कि जीएम गन्ना पेराई के आंकड़े बढ़ाने के लिए बाहरी गन्ने को तरजीह दे रहे हैं। नीरज पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान में मिल में बहराइच जनपद और बजाज क्षेत्र से गन्ना मंगवाकर पेराई की जा रही है। किसान अशोक पाण्डेय ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि मिल का यही रवैया रहा तो किसान गन्ने की खेती छोड़कर अनाज की खेती करने को मजबूर होंगे। चचरी के एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उसने एक बाबू से संपर्क कर गन्ना बिकवाया। वहीं सोनौली निवासी सत्यम राजपूत ने कहा कि उसका क्षेत्र रोजा गांव है, लेकिन "सेटिंग" के सहारे वह यहां गन्ना बेच रहा है। गौरतलब है कि स्थानीय विधायक बावन सिंह ने भी दिसंबर माह में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर किसानों के साथ हो रहे भेदभाव की शिकायत की थी, इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं दिख रहा है। उधर, जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ऐसी शिकायत अभी उनके संज्ञान में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को समस्या है तो वह लिखित शिकायत दर्ज कराए, मामले की जांच कराई जाएगी।

## सेवानिवृत्त सात पुलिसकर्मी सम्मानित

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचारः** जनपद पुलिस से अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के उपरांत शनिवार को एक निरीक्षक, तीन उपनिरीक्षक तथा तीन मुख्य आरक्षी सेवानिवृत्त हो गए। पुलिस लाइन स्थित सभागार में विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को शॉल, फूल-मालाएं भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में आयोजित समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें छाता व धार्मिक पुस्तकें भी भेंट की गईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने अपने सेवाकाल के दौरान पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ पुलिस विभाग की सेवा की है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सेवानिवृत्ति के उपरांत भी वे समाज और पुलिस विभाग को अपना मार्गदर्शन देते रहेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन्स शिल्पा वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिवारीजन भी समारोह में शामिल हुए। सभी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त होने वालों में रेडियो निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव, उपनिरीक्षक सुनील कुमार तिवारी, रघुपति उपाध्याय एवं केदार राम शामिल हैं। वहीं मुख्य आरक्षी के पद से लल्लू राम, रामायण यादव तथा रमापति उपाध्याय सेवानिवृत्त हुए। समारोह के अंत में सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

**न्यूज ब्रीफ**

### कर्नलगंज-हुजूरपुर मार्ग पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** थाना कटरा बाजार क्षेत्र के गोड़वा गांव के पास कर्नलगंज- हुजूरपुर मार्ग पर शनिवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला, जिससे अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेदी ने बताया कि गोड़वा गांव के प्रधान राजेश तिवारी ने सड़क किनारे शव पड़े होने की जानकारी दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने आवश्यक पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों को सूचना देने के साथ ही शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### लुधियाना में गोंडा के युवक की मौत, शव पहुंचते ही मचा कोहराम

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बछईपुर के मजरा बुचियापुर निवासी युवक चंद्रशेखर वर्मा की लुधियाना में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को जब एंबुलेंस से उनका शव पैतृक गांव पहुंचा, तो घर-परिवार में कोहराम मच गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए। परिजनों के अनुसार चंद्रशेखर वर्मा करीब तीन वर्ष पूर्व रोजी-रोटी के सिलसिले में लुधियाना गए थे और वहीं रहकर काम कर रहे थे। बीते 28 तारीख की रात उनके कमरे में उनकी मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची लुधियाना पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि चंद्रशेखर की पत्नी का करीब दस वर्ष पूर्व निधन हो चुका था। उनके परिवार में 14 वर्षीय पुत्र राज वर्मा है। पिता की मौत की खबर से बेटे और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शनिवार को ही पैतृक गांव में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष समेत दो दोषियों को 15 वर्ष की कठोर कैद

## 14 साल पुराने हत्या के प्रयास के मामले में सख्त फैसला, 50-50 हजार अर्थदंड भी

संवाददाता, गोंडा



● जुर्माने की आधी राशि पीड़ित को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश

**अमृत विचार :** हत्या के प्रयास से जुड़े एक चर्चित और लंबे समय से लंबित आपराधिक मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय गोंडा ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाया है।

जिला सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायण सिंह की अदालत ने नगर पालिका परिषद गोंडा के पूर्व अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव उर्फ रूपेश कुमार तथा उनके सह-आरोपी त्रियुगी नारायण गुप्ता को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 15-15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मोतीगंज थाना क्षेत्र के काजीदेवर निवासी एवं वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सुशील कुमार शुक्ला ने 11 सितंबर 2012 को थाना मोतीगंज में तहरीर दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 10 सितंबर 2012 की रात उनके छोटे भाई गौरव शुक्ला पर बाइक सवार हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया। इस हमले में गौरव शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें लंबे समय तक चिकित्सकीय उपचार कराना पड़ा। घटना के संबंध में पुलिस ने राजा मोहल्ला निवासी निर्मल श्रीवास्तव उर्फ रुपेश कुमार तथा रानी बाजार स्थित सुनार गली निवासी त्रियुगी नारायण गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। करीब 14 वर्षों तक चले इस मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य एवं अन्य परिस्थितिजन्य प्रमाणों का गहन परीक्षण किया। सभी तथ्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी मानते हुए शनिवार को सजा का ऐलान किया।

न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि वसूले गए जुर्माने की आधी राशि पीड़ित गौरव शुक्ला को प्रतिकर के रूप में प्रदान की जाए। फैसले के बाद जिला पंचायत सदस्य सुशील कुमार शुक्ला ने कहा कि भले ही न्याय मिलने में समय लगा, लेकिन अदालत के इस निर्णय से न्याय की जीत हुई है और आमजन का न्यायिक व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

### दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नाबालिगों के साथ होने वाले यौन अपराधों के विरुद्ध न्यायालय ने एक बार फिर कड़ा संदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, बलरामपुर ने बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 5,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अपराध न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि समाज की नैतिकता और मानवीय मूल्यों पर भी गंभीर प्रहार करते हैं। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। अदालत ने अपने निर्णय में यह भी कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और उनके खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण को समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### विश्वविद्यालय की नीति पर हाईकोर्ट की मुहर

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मां पाटेश्वरी विवि की परीक्षा केंद्र सूची को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। राम तेज भगवती प्रसाद महाविद्यालय व राजा भैया मेमोरियल महिला महाविद्यालय द्वारा स्वयं को परीक्षा केंद्र न बनाए जाने के विरोध में याचिकाएं दाखिल की गई थीं।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने सुनवाई के दौरान कहा कि परीक्षाएं 20 जनवरी 2026 से प्रारंभ हो चुकी हैं, ऐसे में इस स्तर पर हस्तक्षेप से परीक्षा प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि चल रही परीक्षा व्यवस्था में दखल देना न्यायोचित नहीं है। इस आधार पर हाईकोर्ट ने याचिकाओं को निरस्त करते हुए परीक्षा प्रक्रिया को यथावत जारी रखने का आदेश दिया। विवि के परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मौर्य ने बताया कि शासनादेश के अनुरूप परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति तैयार की गई थी, जिस पर उच्च न्यायालय ने भी अपनी सहमति प्रदान की है। उन्होंने बताया कि 16 जनवरी 2026 को परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति की बैठक हुई थी, जिसमें प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर केंद्र निर्धारण के मानक तय किए गए। नीति के तहत न्यूनतम 60 छात्राएं अथवा 120 या अधिक छात्रों की संख्या, साथ ही परीक्षार्थियों को नजदीकी परीक्षा केंद्र आवंटित करने जैसे प्रावधान शामिल किए गए थे।

# पूछताछ तेज, दस्तावेज खंगालने में जुटी जांच टीम

**आंगनबाड़ी भर्ती रिश्वत कांड का मामला**

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नियुक्ति दिलाने के नाम पर रिश्वत वसूली के मामले में गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों से पुलिस द्वारा गहन पूछताछ की जा रही है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने के बाद आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मामले को लेकर संबंधित विभागों में भी हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि भर्ती प्रक्रिया में और कौन-कौन लोग शामिल थे तथा वसूली गई राशि किन माध्यमों से ली गई। पुलिस टीम आरोपियों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इसी तरह की अन्य नियुक्तियों में भी कहीं अनियमितता तो नहीं हुई। इस प्रकरण के सामने आने के बाद आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आमजन का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयों से गरीब और जरूरतमंद अभ्यर्थियों का विश्वास टूटता है, जिन्हें सरकारी योजनाओं में अवसर मिलने की उम्मीद होती है।

प्रशासनिक स्तर पर भी भर्ती से जुड़े अभिलेखों की समीक्षा की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मामले में जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में और भी तथ्य सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चांदपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत गिरजा पुरवा में शनिवार की सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिलस। गांव निवासी सोनू गौतम (25) पुत्र मयाराम गौतम का शव गांव के पास स्थित एक खेत के किनारे लगे चिलबिल के पेड़ से मफलर के सहारे लटका मिला।

युवक के पिता मयाराम गौतम ने बताया कि उनका पुत्र सोनू सुबह शौच के लिए घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। घर से कुछ दूरी पर स्थित उनके भाई के खेत के पास चिलबिल के पेड़ से सोनू का शव लटकता मिला। घटना की जानकारी पिता ने कोतवाली देहात पुलिस को दी। कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर हल्का दरोगा को भेजा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का करें पालन

**अपील**

● सड़क सुरक्षा माह के समापन पर डीएम ने बांटे हेलमेट

संवाददाता, बलरामपुर



बाइक सवार को हेलमेट प्रदान करते डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद बलरामपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 का समापन किया गया। इस अवसर पर उतरौला रोड पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी ज्योति राय एवं एआरटीओ बृजेश कुमार ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए तथा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। दुर्घटना की स्थिति में हेलमेट पहनने वाले व्यक्ति के सुरक्षित बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

डीएम ने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, रेड लाइट जंपिंग से बचने तथा चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता और अनुशासन से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

अधिकारियों ने आमजन से सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया।

### विद्यालय से लौट रहे छात्र पर हमला

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** पुरानी रंजिश को लेकर विद्यालय से पढ़कर लौट रहे एक छात्र को रास्ते में रोककर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन नामजद समेत एक अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल छात्र को इलाज के लिए सीएचसी भेज दिया है। पृथ्वीनाथ चौराहा निवासी चंद्रमणि गोस्वामी ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह श्री गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज खरगूपुर से हाईस्कूल की पढ़ाई कर घर लौट रहा था। इसी दौरान बस स्टॉप के पास रंजिश को लेकर प्रदीप जायसवाल, सुधांशु जायसवाल, अभय सिंह तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे रोका और गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने बताया कि तीन नामजद व एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तीन टीमें अगले दौर में

बभनान, गोंडा

**अमृत विचार :** आरपी किसान इंटर कॉलेज मंडफ में शुक्रवार को तीन दिवसीय चंद्रभान सिंह स्मारक महिला व पुरुष प्रांतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आरपी इंटर कॉलेज मंडफ, गोरखपुर, अचलपुर व शंकरपुर की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रभात कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि अजीत कुमार पांडेय ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। पहला मुकाबला आरपी किसान इंटर कालेज मंडफ व चंद्रभान महा विद्यालय की टीम के बीच हुआ। इसमें आरपी मंडफ ने चंद्रभान महाविद्यालय को 2 -1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरे मुकाबले में अचलपुर की टीम ने विक्रमजीत की टीम को 2-1 से पराजित किया। एक और मुकाबले में शंकरपुर की टीम ने मनकापुर टीम को 2-0 के अंतर से पराजित किया।

गोरखपुर की टीम ने कादिराबाद की टीम को 2-0 के अंतर से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के व्यवस्थापक जितेंद्र नारायण प्रताप सिंह व आयोजक जिला पंचायत सदस्य बृजेश प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 18 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। कार्यक्रम कासंचालन शेषराम भारती ने किया। जिला विद्यालय निरीक्षक राम चन्द्र, सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, पूर्व प्रमुख यूपी सिंह, पूर्व प्रमुख बाबूराम यादव, उपनिदेशक लेखा परीक्षा अधिकारी देवी पाटन मंडल शेषनाथ सिंह, आनंद सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### रामनगर व रजडेरवा ने दर्ज की जीत

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** रजडेरवा स्थित अजीजुर रहमान क्रिकेट मैदान में आरपीएल क्रिकेट प्रीमियम लीग टूर्नामेंट में दो मैच खेले गए।

पहला मैच मोतीपुर क्रिकेट क्लब और रामनगर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोतीपुर की टीम 53 रन पर ऑल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए रामनगर क्रिकेट क्लब ने मात्र 4.3 ओवर में एक विकेट खोकर 54 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इरशाद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरा मुकाबला क्रिकेट क्लब रजडेरवा और क्रिकेट क्लब रतनपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए रतनपुर की टीम 82 रन पर सिमट गई। जवाब में रजडेरवा टीम ने दो विकेट पर 83 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस मैच में साहिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# एमजे एक्टिविटी स्कूल में सजा बाल मेला



बाल मेले में मस्ती करते नन्हे-मुन्ने। ● अमृत विचार

उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार :** एमजे एक्टिविटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में शनिवार को रंगारंग एवं भव्य बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सैयद समीर रिज़वी की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा 22 प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी रुचि दिखाई।

मनोरंजन के लिए मेले में लगभग 30 प्रकार के खेल एवं गतिविधि काउंटर लगाए गए, जो बच्चों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बने रहे। टोकन प्रणाली के माध्यम से खानपान व खेलों की व्यवस्था की गई।

डायरेक्टर सैयद समीर रिज़वी ने बताया कि बाल मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को मंच देना, रचनात्मक सोच विकसित करना तथा स्वरोजगार की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु धर द्विवेदी ने कहा कि बाल मेला बच्चों को ईमानदारी, टीमवर्क और व्यावसायिक समझ सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। मेले में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं बच्चों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम पूरी तरह सफल एवं यादगार बन गया।

### 12.66 लाख बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की तैयारी बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (10 फरवरी 2026) के सफल आयोजन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाधिकारी बिपिन कुमार जैन ने की। बैठक का उद्देश्य अभियान को प्रभावी, सुव्यवस्थित एवं शत-प्रतिशत कवरेज के साथ संपन्न कराना रहा। सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जनपद में कुल 12,66,835 बच्चों को कृमि मुक्ति हेतु एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जो बच्चे निर्धारित तिथि 10 फरवरी को दवा सेवन से वंचित रह जाएंगे, उन्हें मॉप-अप राउंड के अंतर्गत 13 फरवरी को दवा दी जाएगी। डीएम ने स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पंचायती राज सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार, दवा वितरण की सतत निगरानी तथा बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने के लिए अपनी-अपनी जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

### विश्व आर्दभूमि दिवस पर इमलिया कोडर बनेगा पर्यावरण चेतना का केंद्र



आयोजन स्थल थारू संग्रहालय इमलिया कोडर। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विश्व आर्दभूमि दिवस (2 फरवरी) के अवसर पर नानाजी देशमुख की तप :स्थली इमलिया कोडर पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक समन्वय का प्रमुख केंद्र बनेगी। "आर्दभूमियां और परम्परागत ज्ञान" विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वानों, शिक्षाविदों एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिलेगी। बलरामपुर फर्स्ट के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को आर्दभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के माध्यम से थारू जनजाति के परम्परागत ज्ञान और आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण का सार्थक संगम प्रस्तुत किया जाएगा। बलरामपुर फर्स्ट के संयोजक सर्वेश सिंह ने बताया कि आर्दभूमियां जैव विविधता, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की "वन डिस्ट्रिक्ट-वन वेटलैंड" योजना को संरक्षण की दिशा में प्रभावी पहल बताया। इमलिया कोडर स्थित थारू संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश प्रसारित होगा।

**बैठक** | एसपी विनीत जायसवाल को व्यापारियों ने किया सम्मानित

# पुलिस-व्यापारी तालमेल को मिली मजबूती

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** सर्राफा एसोसिएशन करनैलगंज एवं पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में गेस्ट हाउस करनैलगंज में समन्वय बैठक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों और पुलिस के बीच आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए अपराध नियंत्रण एवं बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करना रहा।





एसपी को सम्मानित करते सराफा एसोसिएशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्राफा एसोसिएशन करनैलगंज के अध्यक्ष महेश कुमार मिश्रा, पिंटू मिश्रा ने की, जबकि संचालन सचिव मोहम्मद सलीम सिद्दीकी ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी करनैलगंज अभिषेक दावाच्या तथा एसडीएम नेहा मिश्रा उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज नरेंद्र प्रताप राय, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक बृजराज प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी व महिला आरक्षी कार्यक्रम में शामिल हुए। सर्राफा एसोसिएशन की ओर से जनपद में अपराध नियंत्रण, व्यापारिक सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की गई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक को भी बेहतर कानून-व्यवस्था, प्रभावी पुलिसिंग और नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### साइबर अपराध से बचाव के दिए टिप्स

सम्मान समारोह के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने ऑपरेशन साइबर कवच के तहत व्यापारियों एवं नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल लेन-देन में सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस व साइबर हेल्पलाइन पर देने का आह्वान किया। एसपी ने व्यापारियों से अपनी दुकानों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने और उन्हें सक्रिय रखने की अपील की, ताकि अपराधों की रोकथाम और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।





कार्यक्रम में सम्मानित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### राष्ट्र जागरण महायज्ञ के कार्यकर्ता हुए सम्मानित

**गैंसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा गैंसडी में आयोजित राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने में श्रमदान व योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं के सम्मान हेतु 31 जनवरी को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधेश्याम गुप्ता ने सपत्नी देव पूजन के साथ किया। परिव्राजक रामकुमार द्वारा मातृ वंदना प्रज्ञा गीत से वातावरण भक्तिमय हो गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाबचंद भारती ने कहा कि संगठन की आत्मा उसके कर्मठ कार्यकर्ता होते हैं। गायत्री परिवार के जिला संयोजक सत्यप्रकाश शुक्ल ने वर्ष 2026 को माता भगवती देवी शर्मा जी एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के रूप में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने 15 व 16 फरवरी को गैंसडी पहुंचने वाली ज्योति कलश रथ यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। समारोह में सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गायत्री मंत्र पट्टिका, तिलक व चंदन के साथ सम्मानित किया गया। मंच संचालन संदीप जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

**न्यूज ब्रीफ**

### चीनी मिल ने 9 करोड़ 37 लाख का भुगतान किसानों को भेजा

**जरवल रोड (बहराइच) :** आईपीएल चीनी मिल जरवल रोड की ओर से दस दिन के भुगतान में 9 करोड़ 36लाख 95 हजार रुपए किसानों के खाते में भेजा गया है। चीनी मिल प्रबंधक टीएस राणा ने बताया कि 2 जनवरी से 11 जनवरी तक 10 दिन का गन्ना मूल्य का भुगतान 9 करोड़ 36 लाख 95 हजार रुपए का भुगतान किसानों के खाते में पहुंच गया है श्री राणा ने यह भी बताया कि 11 नवंबर से 11 जनवरी तक टोटल गन्ना मूल्य का भुगतान 56 करोड़ 80 लाख 74 हजार रूपया का भुगतान हो चुका है।

### भूपगंज में सजा बाबा श्याम का दरबार

**पयागपुर (बहराइच) :** नगर के मालगोदाम चौराहा स्थित भूपगंज बाजार में आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरी रात खाटू नरेश के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान रहा और भक्त बाबा के भजनों पर झूमते नजर आए कार्यक्रम का शुभारंभ पुरोहित श्याम बिहारी द्वारा बाबा की दिव्य ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। ज्योति जलते ही उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में "जलती रहे श्याम बाबा, ज्योति तेरी जलती रहे" का सामूहिक गान किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बाबा को श्रद्धापूर्वक छप्पन भोग लगाया गया और भव्य श्रृंगार के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा कार्यक्रम में भजन का शुभारंभ मनोज अग्रवाल द्वारा गणेश वंदना से हुई इसके बाद प्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। मुख्य रूप से भजन गायक पप्पू शर्मा व श्याम बिहारी तथा अमित किंग एंड पार्टी, विजय निषाद व राहुल सोनी गायकों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्याम भक्त पूरी रात थिरकते रहे। बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव भी पहुंचे, जिन्होंने मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से मनोज विश्वकर्मा, पदुम विश्वकर्मा, अंकित गुप्ता, विनोद चौरसिया, दिलीप राठौर, अनूप सोनी, मुन्नन रस्तोगी, अमित उपाध्याय, मनीष अग्रवाल, नितिन माहेश्वरी, नीरज तिवारी, सोनू तिवारी और लवकुश यादव सहित समस्त श्याम प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

# पयागपुर क्षेत्र के विकास को लगेंगे पंख

## तालाब बघेल झील बनेगी भव्य ईको-पर्यटन केंद्र, विधायक सुभाष त्रिपाठी ने किया शिलान्यास

**पयागपुर (बहराइच)**



भूमि-पूजन करते विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर बहराइच जनपद को नई ऊंचाइयां देने की दिशा में शनिवार को एक बड़ा अध्याय जुड़ गया। पयागपुर विधानसभा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित तालाब बघेल झील ईको-पर्यटन विकास परियोजना का विधिवत शुभारंभ हो गया।

क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने शनिवार को दोपहर में फूलमती घाट पर पुरोहित राम जी शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन एवं शिलान्यास संपन्न कराया। इस विकास कार्य की आधारशिला रखते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि यह परियोजना कैसरगंज सांसद करन भूषण सिंह और उनके निरंतर प्रयासों का फल है। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस झील के कायाकल्प की मांग कर रहे थे। अब इस परियोजना के साकार होने से पयागपुर तहसील न केवल कृषि बल्कि पर्यटन के क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगी ईको-पर्यटन योजना के तहत झील के चारों ओर व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे झील के प्राकृतिक स्वरूप को छेड़े बिना इसके पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा पर्यटकों के बैठने के लिए बेंच, पैदल पथ (वॉकिंग ट्रैक), और लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी आगंतुकों के लिए भ्रमण की विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिससे दूर-दराज से आने वाले पर्यटक यहां समय बिता सकें। इस परियोजना को केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं देखा जा रहा है। जानकारों का मानना है कि पर्यटन केंद्र बनने से नाव चलाने वालों, गाइडों और स्थानीय दुकानदारों के लिए आय के नए स्रोत बनेंगे तथा पर्यटन बढ़ने से आसपास की सड़कों और परिवहन सेवाओं में सुधार होगा। इसका लाभ क्षेत्र के छोटे उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को अपने उत्पाद बेचने का बड़ा मंच मिलेगा।

इस परियोजना पर काम कर रही जेई पर्यटन शिवांगी सिंह ने बताया कि यह परियोजना 2 करोड़ 85 लाख 42 हजार रुपये लागत की है।

कार्यक्रम में प्रमोद पांडेय मंडल अध्यक्ष पयागपुर, संतोष तिवारी सभासद प्रत्याशी, संचित शुक्ल, आनंद पाण्डेय, बिरला पंडित, सोनू मिश्र, विपिन त्रिपाठी, कपीश सिंह, राज कुमार शुक्ल, सौरभ शुक्ल, उमाशंकर तिवारी, राम जनक सिंह, प्रभु दयाल साहू, भयंकर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### परियोजना प्रकृति प्रेमियों के लिए बनेगी आकर्षण का केंद्र: निशंक त्रिपाठी

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी ने कहा कि इस परियोजना की शुरुआत 2017 में ही हो गयी थी। कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विकास कार्य पयागपुर की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उपहार है। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत किया। इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद तालाब बघेल झील न केवल पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी, बल्कि यह जिले की अर्थव्यवस्था के लिए एक "ग्रोथ इंजन" साबित होगी।

# सम्पूर्णता अभियान-2.0 का हुआ शुभारंभ

**संवाददाता, बहराइच**



दीप प्रज्ज्वलित कर लांचिंग सेरेमनी का शुभारंभ करते विधायक सुभाष त्रिपाठी, विधायक रामनिवास वर्मा व मौजूद अन्य। अमृत विचार

**आयोजन**

- विधायक सुभाष त्रिपाठी ने गोल्ड मेडल प्राप्त करने की जताई इच्छा

**अमृत विचार।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में सम्पूर्णता अभियान-2.0 की लांचिग के अवसर पर कपूरथना परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी व विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर विधायक ने कहा कि उन्हें आशा की नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व एवं मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में 14 अप्रैल 2026 तक चलने वाले सम्पूर्णता अभियान-2.0 में जनपद को गोल्ड मेडल प्राप्त होगा। विधायकद्वय ने सम्पूर्णता अभियान-2.0 के लिए सभी सम्बन्धित विभागों एवं फ्रंटलाईन वर्कर्स को शुभकामनाएं दी।

इससे पूर्व विधायकगण ने अधिकारियों के साथ आडिटोरियम परिसर में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, कृषि एवं उद्यान, पशुपालन, ओडीओपी तथा स्वयं सहायता समूहों द्वारा सजाये गये प्रदर्शनी पण्डालों का अवलोकन किया। उद्यान विभाग के स्टाल निरीक्षण के दौरान कृषक सियाराम, जीवन लाल मौर्य, लालता प्रसाद, त्रिलोकी तथा राजकीय पौधशाला द्वारा उत्पादित की जैविक सब्ज़ी ब्रोक्ली गोभी, लाल गोभी के बारे में जानकारी प्राप्त की। वहीं डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह व डीटीओ डॉ. पीयूष नायक ने बताया कि आकांक्षी जनपद प्रोग्राम (एडीपी) के अन्तर्गत 05 सूचकांकों स्वास्थ्य एवं पोषण के अन्तर्गत 14 अप्रैल 2026 तक अभियान संचालित किया जाना है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने कहा कि सम्पूर्णता अभियान-1.0 में जनपद ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर देश में अपना रोशन किया था। उन्होंने कहा कि मुढे विश्वास है अभियान-2.0 में जिले के सभी सम्बन्धित अधिकारी व फ्रंटलाईन वर्कर्स जिलाधिकारी के नेतृत्व में ऐसा प्रयास करेंगे कि हम जनपद व ब्लाक कैटेगरी में गोल्ड में अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया कि पिछले अभियान से सीख लेते हुए इस अभियान हेतु फुल प्रूफ कार्ययोजना बनाकर नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों के साथ-साथ केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं प्रथम स्थान कर प्रदेश के अग्रणी जनपदों में बहराइच को पहुंचाने का प्रयास करें। सीडीओ ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प के अनुसार 2047 तक विकसित राष्ट्र का सपना पूरा करने के लिए हमें स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करनी होगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी घासी राम सहित अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के फ्रंटलाईन वर्कर्स मौजूद रहे।

### सरकारी हैंडपंप को चोरी कर बेंच दिया

**जरवल रोड (बहराइच)।** जरवल के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और चोरी से उसे बेचने का मामला सामने आया है। गांव के ही एक व्यक्ति पर सरकारी इंडिया मार्क-2 हैंडपंप को उखाड़कर अवैध रूप से बेचने का आरोप लगा है। इस संबंध में ग्राम प्रधान ने खंड विकास अधिकारी और थाना प्रभारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के प्रधान अबू सहिमा ने थाने और विकास खंड कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी ने सरकारी हैंडपंप को उखाड़ लिया और चोरी छिपे उसे बेच दिया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि हैंडपंप बेचने की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। जिसे पुलिस को दे दिया गया है। वहीं प्रधान अबू सहिमा ने शनिवार को खंड विकास अधिकारी जरवल को पत्र देकर मामले से अवगत कराया है। साथ ही थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# मासूम को तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, मौके पर मौत



दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। अमृत विचार

**संवाददाता, बहराइच**

- सड़क पार करते समय हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन ने 6 साल के मासूम को टक्कर मार दी । हादसे में बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया । लोग जब तक मासूम को इलज के लिए लेकर जाते उसकी मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज वाहन की तलाश में जुटी हुई है ।

फखरपुर थाना क्षेत्र में स्थित चक सौगहना ग्राम के रहने वाले ग्रामीण मुजुबुद्दीन का पुत्र अब्दुर्रहमान उम्र 6 वर्ष शनिवार की सुबह करीब दस बजे घर के सामने बनी सड़क पार कर रहा था। तभी अचानक एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। चीख सुनकर आस पास के ग्रामीण व परिजन दौड़े लेकिन तब तक चालक वाहन समेत फरार हो गया। हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर फखरपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि आस पास लगे सी सी टी वी कैमरों को देखा जा रहा है । जिससे दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाया जा सके ।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज थाना अंतर्गत नेशनल हाईवे पर अपेक्स स्कूल के निकट मोटरसाइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को एक कार ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजू चौहान पुत्र संतोष कुमार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम झुकिया थाना जरवल रोड मोटरसाइकिल पर सवार होकर कैसरगंज की ओर आ रहे थे कि अपेक्स स्कूल के निकट एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं थानाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गोंडा-बुढ़वल रेल खंड पर मेगा ब्लॉक, 18 फरवरी से 8 मार्च तक 45 ट्रेनें रद, 35 के मार्ग बदले गए

**जरवलरोड (बहराइच)।** गोंडा–बुढ़वल रेलवे सेक्शन में तीसरी लाइन के निर्माण कार्य को लेकर रेलवे प्रशासन ने मेगा ब्लॉक की घोषणा की है। यह मेगा ब्लॉक 18 फरवरी से 8 मार्च तक लागू रहेगा। इस अवधि में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, मेगा ब्लॉक के दौरान 45 ट्रेनों को पूर्णतः रद्द किया गया है, जबकि 35 ट्रेनों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। इसके अलावा 11 ट्रेनें नियंत्रित गति से चलाई जाएंगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह कार्य यात्रियों की सुविधा और रेल यातायात को अधिक सुरक्षित व तेज बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। हालांकि, निर्माण अवधि के दौरान यात्रियों को अस्थायी असुविधा सहनी पड़ेगी। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले भारतीय रेलवे की वेबसाइट/ऐप पर ट्रेन की स्थिति अवश्य जांच लें, समय से स्टेशन पहुंचें तथा संभव हो तो वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस रेल खंड पर ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो सकेगी।

### खेलते समय छत से गिरी बच्ची, गंभीर


**खैरीघाट।** थाना खैरीघाट अंतर्गत महाराजगंज निवासी सहरे आलम की पुत्री मुस्कान उम्र लगभग 8 वर्ष अपने मामा राजन अली निवासी ग्राम पंचायत रखौना के मजरा खम्हरिया के यहां घूमने आई थी। सुबह करीब 9 बजे वह छत पर खेल रही थी तभी अचानक वह नीचे गिर गई जिसके बाद परिजन द्वारा बच्ची को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक ने बताया कि बच्ची के सिर में अधिक चोटें आने के कारण बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

### चार को आएंगीं राज्य महिला आयोग की सदस्य

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या चार फरवरी को जिले में पहुंचकर महिलाओं की समस्या की जन सुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुमताज ने बताया कि महिला आयोग की सदस्य सुबह साढ़े नौ बजे भिनगा स्थित सर्किट हाउस पहुंचकर महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी। इसके बाद पुलिस लाइन सभागार में सुबह 11 बजे महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उसका निस्तारण करेंगी। साथ ही पीएचसी व सीएचसी तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी करेंगी।

### सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक उत्सव संपन्न

**नानपारा (बहराइच)।** रामनारायण मदेशिया सरस्वती शिशु मंदिर, नानपारा का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार दिनांक 31 जनवरी 2026 को भव्य एवं गरिमामय वातावरण में राज पैलेस होटल एंड रिसॉर्ट, स्टेशन रोड पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ किया गया, जिसमें विभाग प्रचारक कृष्णकुमार जी, नगर प्रचारक बलजीत सिंह, विद्यालय अध्यक्ष सुरेश दत्त शुक्ला, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय मदेशिया तथा प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे। वार्षिकोत्सव में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने न केवल उनकी प्रतिभा को उजागर किया बल्कि अभिभावकों और अतिथियों से खूब सराहना भी बटोरी। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष सुरेश दत्त शुक्ला, प्रबंधक ओम प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप नारायण जायसवाल, आशीष पाण्डेय, हनुमान सिंह, बैकुंठ नाथ अवस्थी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिव कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी ने सभी अतिथियों, अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ समापन

**बहराइच।** बीते एक माह से चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आज समापन हुआ। इस अवसर पर नगर में स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में परिवहन विभाग व यातायात विभाग की ओर से आम जनमानस को जागरूक करने को लेकर आयोजन किया गया, इस मौके पर सदर विधानसभा से विधायिका अनुपमा जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व संभागीय परिवहन अधिकारी ओ पी सिंह समेत बड़ी संख्या में आम जनमानस व पुलिस कर्मी मौजूद रहे। इस मौके पर सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल ने लोगों से हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर सुरक्षित यात्रा करने की बात कही । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन अधिकारी ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान 130 लोगों को निशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाने से दुर्घटना के समय होने वाली जनहानि से बचा जा सकता है। इस अवसर पर नगर क्षेत्रधिकारी नारायण दत्त मिश्रा यातयात प्रभारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जैतापुर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**रूपईडीहा (बहराइच)।** सीमावर्ती विकास खंड नवाबगंज के ग्राम पंचायत जैतापुर में शनिवार को विशाल भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अक्ष्यवरलाल गौड़ रहे। कार्यक्रम का संयोजन भाजपा मंडल रुपईडीहा के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह के सुपुत्र आकाश सिंह उर्फ हैप्पी द्वारा किया गया, जबकि संचालन श्री रामजानकी इंटर कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक आनंद श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत जैतापुर के खेल मैदान में किया गया, जिसमें क्षेत्र भर से भाजपा कार्यकर्ता तथा जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बैजू भैया, श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, पूर्व सहकारी समिति अध्यक्ष घनश्याम सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि रुपईडीहा अश्वनी कुमार वैश्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराजदीन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा, सर्वेश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष कन्हैया वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बहादुर सिंह, इंजीनियर राजेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू भैया शिवपुर मोहनियां प्रधान राजकुमार गुप्ता ( पिंटू ) भगोले सिंह राकेश कुमार सिंह धर्मेंद्र कौशल राजकुमार गुप्ता, अमित कौशल सहित विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।




अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान करते आयोजक।

# जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों का लिया जायजा

**संवाददाता, बहराइच**



मतदेय स्थलों की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।

**निरीक्षण**

**अमृत विचार।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत आयोग द्वारा घोषित तृतीय विशेष अभियान तिथि के अवसर पर जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित शिविर के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची तथा गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में मार्क किये गये निर्वाचकों की सूची यथा अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृतक/डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची को पढ़कर सुनाया गया। शिविर के सफल संचालन हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी के साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय अमीरमाह में स्थापित बूथों का निरीक्षण कर बूथ लेबिल अधिकारियों व अन्य सम्बन्धित स्टाफ तथा मौके पर मौजूद नागरिकों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। अमीरमाह विद्यालय के निरीक्षण के दौरान भाग सं. 115 की बीएलओ राजदा बेगम सहायक अध्यापक, 116 की बीएलओ सोनिया भारती, 117 की बीएलओ फात्मा बेगम तथा 118 की बीएलओ विद्या उपस्थित पाई गईं।

**डीएम ने चल रहे एसआईआर का किया निरीक्षण, श्रावस्तीः** निर्वाचन आयोग की ओर से चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत शनिवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का वाचन किया गया। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने निर्वाचन कार्य को परखने के लिए बूथों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा के उच्च प्राथमिक विद्यालय पांडेयपुरवा के बूथ संख्या-148 का डीएम ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची पढ़वाई। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम बढ़वाने, कटवाने व संशोधन कराने के लिए सभी बीएलओ के पास फार्म उपलब्ध हैं। इसका लाभ लेते हुए लोग मतदाता को त्रुटिविहीन बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

**आयोजन** सीएमओ सभागार में परिवार नियोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को किया गया सम्मानित

# जागरूकता से ही बनेगा स्वस्थ और संतुलित समाज : सीएमओ

**संवाददाता, बहराइच**



स्वास्थ्य कर्मियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित करते सीएमओ डॉ. संजय कुमार।

**अमृत विचार।** जनपद में परिवार नियोजन कार्यक्रम को मजबूती देने में अहम भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों एवं सहयोगी संस्थाओं के लिए सीएमओ सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के सहयोग से उम्मीद परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा कि उम्मीद परियोजना के अंतर्गत परिवार नियोजन में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को वर्ष में दो बार सम्मानित किए जाने का प्राविधान है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला सम्मान समारोह अप्रैल से सितंबर 2025 की उपलब्धियों के आधार पर आयोजित किया गया। छह माह बाद फिर से बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन केवल सेवा नहीं बल्कि समाज के संतुलित विकास की नींव है। आशा, एएनएम, सीएचओ से लेकर चिकित्सकों तक की टीम जब समन्वय से काम करती है तभी समुदाय में भरोसा बनता है और लोग स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाते हैं। क्योंकि जागरूकता से ही स्वस्थ और संतुलित समाज बनेगा।

कार्यक्रम में एसीएमओ डॉ. आरबी वर्मा ने कहा कि सम्मान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक प्रतिबद्धता के साथ काम करते हैं। उन्होंने बताया कि एचएमआईएस पोर्टल के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से 20 दिसंबर 2025 तक जनपद बहराइच में परिवार नियोजन के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले में कुल 22 पुरुष नसबंदी, 2200 महिला नसबंदी, 9935 आईयूसीडी, 20515 पीपीआईयूसीडी तथा 44007 अंतरा सेवाएँ लाभार्थियों को प्रदान की गईं। कई ब्लॉकों में पीपीआईयूसीडी और आईयूसीडी सेवाएँ अपेक्षा से बेहतर रही हैं, उन्होंने कहा कि समुदाय में स्थायी व अस्थायी साधनों को लेकर स्वीकार्यता बढ़ी है। यह सफलता फील्ड स्तर पर कार्यरत टीमों के समर्पण और बेहतर काउंसलिंग का परिणाम है।

सम्मान समारोह में परिवार नियोजन सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आशा कार्यकर्ता, आशा संगिनी, एएनएम, सीएचओ, स्टाफ नर्स, परिवार नियोजन परामर्शदाता, बीएचडब्ल्यू, बीसीपीएम, बीपीएम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, आईसीटीसी काउंसलर, फार्मासिस्ट, सीएचसी अधीक्षक, सर्जन, एआरओ, डीएचईआईओ, डीपीएम, एफपी-एलएम इंचार्ज, चीफ फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय, एम्बुलेंस ड्राइवर सहित यूपी टीएसयू, सीफार एवं पीएफआई के प्रतिनिधियों सहित कुल 61 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, परियोजना प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### संजय सेतु की मरम्मत के लिए का सर्वे पूरा

**जरवलरोड (बहराइच)।** लखनऊ–गोंडा–बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित घाघरा घाट का संजय सेतु एक बार फिर बड़े मरम्मतीकरण कार्य को लेकर चर्चा में है। पुल की लगातार खराब होती स्थिति को देखते हुए एनएचआई द्वारा इसके मरम्मतीकरण की तैयारी पूरी कर ली गई है।

एनएचआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि संजय सेतु के मरम्मतीकरण कार्य के लिए सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा ठेकेदार का गठन भी कर दिया गया है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से अप्रूवल मिलते ही मरम्मतीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि संजय सेतु पर मरम्मत कार्य को लेकर जिला स्तर पर निर्णय संभव नहीं है। यह मामला रूट डायवर्जन और वैकल्पिक व्यवस्था से जुड़ा हुआ है, जिसका अंतिम निर्णय शासन स्तर से लिया जाएगा।



जो कुझ साडे अंदर वस्से
ज़ात असाडी सोई
जिस दे नाल मैं न्योंह
लगाया ओही जैसी होई

बुल्ले शाह कहते हैं, जो हमारे अंदर बस रहा है, अब तो वही हमारी जात है। अब तो हालत यह है कि जिसके साथ हमने प्रेम किया है, हम उसी जैसे हो गए हैं।

# वर्तमान हमारे अतीत का ही विस्तार है

गांधी जी जीवित होते तो आज 156 साल के होते। दो दिन पहले उनकी पुण्यतिथि थी। वे बहुत गहराई से याद किए गए। उन्होंने विश्व इतिहास में हस्तक्षेप किया और काल की अखंड सत्ता को प्रभावित किया। काल है भी अखंड सत्ता। सारी घटनाएं समय के भीतर होती हैं। अथर्ववेद (19.53-54) में भृगु कहते हैं, 'काल-अश्व विश्व-रथ का संवाहक है। काल ही पिता है, वही आगे पुत्र होता है। काल में प्राण हैं, मन हैं, सारे नाम हैं, काल की अनुकूलता ही आनंद है। काल स्वयंभू है। काल के द्वारा ही भूत और भविष्य पैदा हुए हैं आदि आदि।' समय पकड़ में नहीं आता। घटनाएं घटती हैं, घटना अतीत है। अतीत की घटनाओं का यथातथ्य संकलन इतिहास है। प्राचीन राष्ट्र की घटनाएं करोड़ों की संख्या में होती हैं।

भारत ऐसा ही राष्ट्र है। मूलभूत प्रश्न है कि घटनाओं के संकलन में संकलनकर्ता की रुचि क्या है? रुचि क्यों है? कुछेक विद्वान युद्ध प्रिय होते हैं, वे युद्धों का इतिवृत्त संकलित करते हैं। कुछ विद्वान प्रकृति प्रेमी होते हैं, वे प्राकृतिक परिवर्तनों के संकलन को इतिवृत्त का विषय बनाते हैं। मार्क्सवाद सोच के विद्वान उत्पादन पद्धति की विवरणी का संकलन करते हैं। इतिहास अतीत का दर्पण होता है, लेकिन इतिहास लेखन या संकलन की कोई भी शैली प्राचीन समाज या राष्ट्र का संपूर्ण विवरण नहीं हो सकती। जैसे समुद्री लहरों की गणना असंभव होती है, वैसे ही इतिहास संकलन का काम भी बड़ा जटिल है, इसलिए इतिहास का रूप स्वरूप और इतिहास खोजना बहुत कठिन काम है।

> भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्यव्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती।

भारत में 'इतिहास के इतिहास' पर बहसें चलती हैं। यूरोपीय विद्वान भारत पर इतिहास की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। मैक्समूलर ने लिखा, 'हिंदू दार्शनिकों की एक जाति थी। उनका संघर्ष विचारों का संघर्ष था। उनका अतीत सृष्टि की समस्या थी, उनका भविष्य अस्तित्व का प्रश्न था। यह कहना सही है कि विश्व के राजनीतिक इतिहास में भारत का कोई स्थान नहीं है।' मैक्समूलर को वैदिक और पौराणिक सहित प्राचीन इतिहास में राज्य व्यवस्था नहीं दिखाई पड़ती। एलफिंसटन को सिकंदर के हमले के पूर्व किसी भी घटना का निश्चित समय नहीं दिखाई पड़ता। उन्होंने 1839 में लिखा, 'भारतीय इतिहास में सिकंदर के आक्रमण के पूर्व किसी सार्वजनिक घटना की तिथि निश्चित नहीं की जा सकती है।' विटरनिट्ज यहां काव्य, नायकत्व और इतिहास का घालमेल देखते हैं। अलबरूनी के आरोप ज्यादा सख्त है कि 'हिंदू चीजों (घटनाओं) के ऐतिहासिक क्रम पर अधिक ध्यान नहीं देते। वे अपने सम्राटों के काल क्रमानुसार उत्तराधिकार के वर्णन में लापरवाह हैं।'



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

गांधीजी को यह सब खासा बुरा लगा था। राष्ट्रबोध की वास्तविक शर्त सच्चा इतिहास बोध है। गणित, ज्योतिष, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां विश्वख्यात थीं। भारत ने इतिहास संकलन की अपनी विशेष परंपरा विकसित की थी, लेकिन यूरोपीय तर्ज के इतिहासविद् भारत को इतिहासविहीन बता रहे हैं। गांधी जी राजाओं के विवरण को सच्चा इतिहास नहीं मानते थे। उन्होंने हिंद स्वराज में लिखा, 'इतिहास जिस अंग्रेजी शब्द (हिस्ट्री) का तरजुमा है और जिस शब्द का अर्थ बादशाहों या राजाओं की तवारीख होता है। हिस्ट्री में दुनिया के कोलाहल की ही कहानी मिलेगी। राजा लोग कैसे खेलते थे? कैसे खून करते थे? कैसे बैर करते थे, यह सब हिस्ट्री में मिलता है।' गांधी जी ने यूरोपीय इतिहास की अंतर्वस्तु को ठीक ही सिर्फ खूनखराबे का संग्रह बताया है।

अतीत और वर्तमान दो नहीं हैं, वर्तमान अतीत का ही विस्तार है। अतीत निर्जीव सत्ता नहीं है, वर्तमान बीते प्राणवान समय का ही चेहरा है, इसलिए पुराने समय के पर्वत, वन उपवन, पशु, पक्षी और ग्रहदशा तथा गीत, नृत्य भी वर्तमान काल में किसी न किसी रूप में मौजूद रहते ही हैं। इतिहास और वर्तमान का संबंध अविच्छिन्न है। इतिहास में मनुष्य के कर्म अनुभव होते हैं। भूलें चूकें और जय पराजय होती हैं। मनुष्य उनसे सीखता है।

वर्तमान की वस्तुनिष्ठ व्याख्या का उपकरण भी इतिहास ही है। इतिहास मनुष्य जीवन की प्रयोगशाला है। समाज इसी प्रयोगशाला के निष्कर्षों के अनुसार सही, गलत, करणीय या अकरणीय और अनुकरणीय कार्यों विचारों की सूची बनाता है, इसलिए इतिहास संकलन का काम वैज्ञानिक जैसा है, लेकिन दोनों के लक्ष्य में आधारभूत अंतर हैं। विज्ञान प्रकृति का विश्लेषण करता है, उसके निष्कर्ष अंतिम नहीं होते। प्रकृति विराट है, यहां अनंत रहस्य हैं। विज्ञान द्वारा जाना गया कोई भी तथ्य संपूर्ण या अंतिम सत्य नहीं होता। इतिहास 'हो चुके' का विवरण है। अतीत में अब कुछ भी नया होने की संभावना नहीं है, जो हो गया, उसी का तथ्यगत संकलन इतिहास है।

गांधी जी इतिहास निर्माता थे, लेकिन स्वयं एक अच्छे इतिहास लेखक भी थे। अनेक विद्वानों ने गांधी जी की लिखी 'दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास' पुस्तक की प्रशंसा की है। गांधी जी की इस किताब का पहला अध्याय है 'भूगोल'। इतिहास की घटनाएं एक खास भूक्षेत्र पर घटित होती हैं। भूक्षेत्र का रूप-स्वरूप स्थायी नहीं रहता। उत्पादन के साधनों में भी परिवर्तन होते हैं, इसलिए इतिहास के सम्यक् अध्ययन में भूगोल की महत्ता है। वैदिक कवि भी अपने परिवेश, नदियों, पर्वतों का दिल खोल कर वर्णन करते थे। साथ में तत्कालीन अर्थव्यवस्था का काव्य बिम्ब भी खींचते थे।

गांधी जी ने भी दक्षिण अफ्रीका के तत्कालीन अर्थतंत्र का वर्णन किया- दक्षिण अफ्रीका के गाय और बैल हिंदुस्तान के गाय-बैलों से से अधिक बड़े और मजबूत होते हैं।' दक्षिण अफ्रीका में अंगूर हैं, अन्य मीठे फल हैं। आम भी है, लेकिन गांधी जी के अनुसार आमों की गुठलियां हिंदुस्तानी ही ले गए थे। गांधी जी ने इतिहास लेखन में भाषा को भी प्रमुख स्थान दिया है। मार्क्सवादी चिंतक डॉ. रामविलास शर्मा ने याद दिलाया है 'जो लोग नस्लवादी दृष्टि से इतिहास लिखते हैं, उनके लिए अफ्रीका का इतिहास काले आदमियों का इतिहास है। गांधी जी का दृष्टिकोण इससे भिन्न है। वह काले आदमियों में उनकी भाषाओं और जातियों की पहचान करते हैं।'

अध्ययन के सभी विषयानुशासन मनुष्य के गढ़े हैं, मनुष्य के लिए हैं। वृहत्तर मानवता का लोकमंगल ही सभी विषयों के ज्ञान का लक्ष्य है। इतिहास में लोकमंगल साधने का कर्मयोग और व्यवहार शास्त्र पसरा हुआ है। स्वाभाविक ही इतिहास लेखन, संकलन और अध्ययन का कार्य लोकमंगल के लक्ष्य से जुड़ा होना चाहिए। मूलभूत प्रश्न यह है कि भारतीय उपमहाद्वीप की इतिहास देखने की प्राचीन दृष्टि क्या थी? क्या मिथकीय ही थी? क्या तथ्यों को झुठलाने की लत थी? क्या महाकाव्यों पुराणों और उसके भी पहले रचे गए वैदिक साहित्य के नायक काल्पनिक ही हैं? पूर्वजों की ऐसी ही इतिहास दृष्टि क्यों थी?

आधुनिक इतिहासकारों का एक वर्ग इतिहास में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सही और जरूरी मानता है। इस दृष्टिकोण से वैदिक साहित्य-इतिहास में क्या खामियां हैं? क्या मार्क्सवाद इतिहास लेखन ही वैज्ञानिक है? इस तरह तो कार्ल मार्क्स के पहले का समूचा इतिहास लेखन अवैज्ञानिक होगा? ऐसी प्रश्नावली बड़ी हो सकती है। मसलन क्या पुरातात्विक साक्ष्य ही प्रमाण है? शब्द अनुभूति श्रुति स्मृति क्यों बकवास हैं? उसी कालखंड का प्रेमपूर्ण समाज क्यों महत्वपूर्ण नहीं है?

## क्या टूटी सड़कें ही गांव से गुजरेंगी!

हर गांव की सांसें उसके रास्तों से जुड़ी होती हैं। यह रास्ते केवल मिट्टी और पत्थरों का बंधा हुआ मार्ग नहीं होते, बल्कि उससे गुजरने वाले हजारों लोगों के जीवन की धड़कन होते हैं। वे उनकी दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों और भविष्य की उम्मीद का मिश्रण होते हैं। बात जब गांव की सड़कों विशेषकर उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों के ग्रामीण क्षेत्रों की होती है, तो इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

गांव के लोग कहते हैं कि उनकी आवाज नीति निर्धारकों तक पहुंच नहीं पाती, जिसके कारण वह अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की दौड़ में पीछे छूट जाते हैं। उनके प्रयासों का परिणाम केवल टूटी राहों के रूप में मिलता है, न कि बेहतर जीवन की रूपरेखा के रूप में। रेत तथा पत्थरों से ढंकी इन ऊंची-नीची धूल भरी सड़कों ने गांव के लोगों के दैनिक जीवन को कठिन बना दिया है। घरों से बुजुर्ग, युवा और बच्चे प्रत्येक दिन उसी दर्द को झेलते हैं, जिसमें सड़कें अक्सर गड्ढों से भरी रहती हैं। हर साल बारिश के मौसम में यह दिक्कत और भी बढ़ जाती है। कई बार इन मार्गों पर से होकर गुजरना इतना खतरे भरा हो जाता है कि लोग अस्पताल पहुंचने में देरी का सामना करते हैं, ज़िंदगी से जूझते हुए घर लौटते हैं, या बुनियादी चीज़ों तक नहीं पहुंच पाते।



आंचल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं, लेकिन इन कड़ियों की मजबूती रोज़मर्रा की आवश्यकता बनती जा रही है, उसी तरह लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है। गांव की सड़कों पर अधूरे काम, गड्ढों और कमजोर निर्माण के कारण यह कड़ी अक्सर टूटती नजर आती है। जहां सरकार की योजनाओं के तहत कई परियोजनाएं उत्तराखंड में ग्रामीण मार्गों को जोड़ने और सुधारने के लिए चल रही हैं, वहां हकीकत और लोगों की दास्तान अक्सर विपरीत रहती है।

> उत्तराखंड का भौगोलिक स्वरूप पहाड़ों, घाटियों और संकरी दरारों से बना है। ऐसे में सड़कें हर गांव को जोड़ने की एक जीवनदायिनी कड़ी होती हैं। लोगों को अपने घर से शहर तक पहुंचने, इलाज कराने, बच्चों को स्कूल भेजने और रोजगार के साधन खोजने की अपेक्षा बढ़ती जा रही है।

वर्ष 2025 में भारी बारिश से 166 ग्रामीण सड़कें बंद हो गईं थीं और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे ग्रामीण जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इस तरह की कठिन परिस्थितियों के चलते गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना एक बड़ा सवाल बन जाता है। अस्पताल जाने के लिए कई किमी ऊबड़-खाबड़ रास्तों को पार करना पड़ता है, जिससे संभावित जीवन-संघर्ष और तनाव का सामना करना पड़ता है। उत्तराखंड में अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ही परिस्थितियां देखने को मिलती हैं, जहां कठिन रास्तों ने लोगों की उम्मीदों को पहाड़ों की तरह खड़ा कर दिया है। जो लोग रोज़मर्रा की इन राहों पर चलते हैं, उनकी आवाज़ की यही पुकार है कि इन मार्गों को स्थाई और मजबूत बनाया जाए, ताकि जीवन की कठिनाइयां कम हों और वे अपने सपनों की ओर बिना किसी अतिरिक्त बोझ के बढ़ सकें।

## संत रविदास के वचन और इतिहास

संतों महात्माओं का जीवन चरित्र अक्सर रहस्यमय बनकर रह जाता है। संत रविदास के बारे में भी यही बात लागू होती है। रविदास जी के जीवन के संबंध में जो भी थोड़ी सी जानकारी प्राप्त होती है, उसके अग्रसारित तीन प्रकार हैं। 1-रविदास जी की अपनी वाणी, जिसमें जगह-जगह प्रसंगवश उनके जीवन से संबंधित कुछ घटनाओं का संकेत है। 2- उनके समकालीन संतों व भक्तों की रचनाएं, जिनमें रविदास जी के बारे में थोड़ा बहुत उल्लेख पाया जाता है। 3- कुछ प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्ति, जिनसे रविदास जी का संबंध माना जाता है।

रविदास जी की वाणी का प्राचीनतम संग्रह आदि ग्रंथ में मिलता है, जिसमें अनेक जाति व धर्म के संतों की बातें संकलित हैं। इसका संकलन गुरु अर्जुन देव महाराज ने किया था। यह ग्रंथ 1640 ईस्वी में संपूर्ण हुआ था। इसमें रविदास जी के 40 पद हैं। इनमें से 22 पद कुछ परिवर्तन के साथ रविदास वाणी की अन्य पांडुलिपियों में भी मिलते हैं। इन पांडुलिपियों के आधार पर संत गुरु रविदास वाणी नामक पुस्तक डॉ. बीडी प्रसाद शर्मा ने संवत 2035 में प्रकाशित की है, जिसमें 177 पद और 41 सखियां संग्रित हैं। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद द्वारा लिखित पुस्तक रविदास दर्शन 1973 ईस्वी में प्रकाशित है। इसी प्रकार रविदास जी के समकालीन संत कबीर और गुरु नानक को बोलियों का प्रमाण रविदास जी का जीवन काल निर्धारण करने में विशेष महत्व रखता है।



करन सिंह मौर्य
वरिष्ठ पत्रकार

जहां तक ऐतिहासिक प्रमाणों का संबंध है, संत रविदास और संत कबीर दोनों ही अपनी-अपनी वाणी में एक-दूसरे का वर्णन करते हैं। एक अन्य घटना जो रविदास जी के जन्म और मृत्यु काल को निश्चित करने में सहायक हो सकती है, वह मीरा बाई का उनसे दीक्षा लेना। आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद के अनुसार, रविदास जी का जन्म विक्रमी संवत 1433 (1373 ईस्वी) में माघ शुक्ल पूर्णिमा दिन रविवार को हुआ। गुरु रविदास जी के जन्म के संबंध में संत करम सिंह लिखित एक दोहा प्रचलित है-चौदह सौ तैंतीस की माघ सुदी पंदरास। दुखियों के कल्याण हित प्रगति स्री रविदास।

रविदास जी की मृत्यु के बारे में एक अन्य दोहा प्रचलित है, जिससे यह सिद्ध होता है कि रविदास जी की मृत्यु 1527 ईस्वी में चित्तौड़ में हुई थी। पंद्रह सौ चउअसी भई चित्तौड़ मंह भीर। जर-जर देह कंचन भई, रवि-रवि मिल्यो शरीर। इस आधार पर रविदास जी की उम्र 151 वर्ष बनती है। इस पर आचार्य पृथ्वी सिंह आजाद का कहना है कि रविदास जैसे परम योगी आचार्य वन सात्विक वृत्ति वाले सद्गृहस्थ के लिए इतनी लंबी आयु भोगना कोई असंभव बात नहीं है।

बेणी प्रसाद शर्मा और धर्मपाल मैनी ने रविदास की मृत्यु को उक्त तिथि को स्वीकार करते हुए जन्म काल 1399 ई. मानकर उनका जीवन काल 128 वर्ष माना है। महात्मा चरण दास कुरील ने रविदास का जन्म काल 1414 ई. माना है। उन्होंने यह दिखाया है कि माघ शुक्ल पूर्णमा तिथि को रविवार पड़ता है, इसी कारण रविदास नाम दिया जाना संभव प्रतीत होता है। ज्ञानी बरकत सिंह आनंद तथा दर्शन सिंह ने भी इसका समर्थन किया है।

## बजट: ट्रंप टैरिफ के काउंटर की उम्मीदें

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बजट में आर्थिक विकास की गति बनाए रखने की चुनौती होगी, क्योंकि यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है। ऐसे में टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी, जिसमें मुख्य रूप से विनिर्माण, तकनीकी-नवाचार, रोजगार सृजन, ढांचागत अवसंरचना, युवा-महिला कल्याण, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का विस्तार के साथ ही गांव-किसान का कल्याण शामिल है।

भारत के आर्थिक सुधारों के अभियान को बीती 27 जनवरी, को भारत और यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते से बड़ी गति मिलने की उम्मीद है। यह न सिर्फ व्यापारिक बल्कि रणनीतिक दृष्टि से भी एक बहुत बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए के लिए बातचीत का सिलसिला 20 वर्ष पुराना है। 2007 में शुरू हुई यह बातचीत 2026 के जनवरी माह में अंजाम पर पहुंची। भारत के लिए यह समझौता हर दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

> यह ट्रंप टैरिफ के प्रभावी होने के बाद का पहला बजट है, ऐसे में बजट में एक और टैरिफ को काउंटर करने की नीति और दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति जारी रखने वाले कदमों के मद्देनजर लिए गए सुधारों की गति बरकरार रखने की आवश्यकता होगी।

यूरोपीय संघ और भारत मिलकर विश्व की जीडीपी का लगभग एक चौथाई हिस्सा हैं और वैश्विक व्यापार में इनकी भागीदारी एक तिहाई के करीब है। इनकी जनसंख्या का आकार लगभग दो अरब के आसपास है। इस समझौते के बाद भारत यूरोप के विश्व बाजार तक अपने उत्पादों को पहुंचाने में सफल होगा, जिसमें मुख्य रूप से कपड़ा, चमड़ा, आभूषण व रत्न आदि लगभग शून्य शुल्क के साथ निर्यात किए जा सकेंगे। वहीं यूरोपीय संघ के 27 देशों से तकनीकी उपकरण, ऑटोमोबाइल उत्पाद, मशीनरी, रसायन इत्यादि सस्ते दामों पर भारत मेंउपलब्ध होंगे।



प्रो. एचसी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

ट्रंप टैरिफ के बाद भारत ने पिछले वर्ष आर्थिक सुधार व ढांचागत विकास को गति देने की दिशा में कई कदम उठाए। यही कारण है कि औद्योगिक उत्पादन दर बीते दिसंबर माह में पिछले दो वर्षों के शीर्षतम स्तर पर रहा, इसका कारण ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस एवं प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव सहित दर्जनों सुधार के कदमों को समझा जा सकता है। यूरोपियन संघ के साथ यह व्यापार समझौता रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करेगा, जिससे घरेलू अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी।

इस व्यापार समझौते से एमएसएमई क्षेत्र के लिए नए अवसर खुलेंगे और महिलाओं, युवाओं व पेशेवरों के लिए रोजगार उत्पन्न होगा, सेवाओं के क्षेत्र में बाजार तक पहुंच बढ़ेगी, जिसमें मुख्यतः डिजिटल सेवाओं के विस्तार को अवसर मिलेगा, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञ व प्रशिक्षकों को यूरोप के देशों में कार्य करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस संदर्भ में मूडीज़ रेटिंग्स का भी मानना है कि यह समझौता मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के साथ रोजगारपरक केंद्रों के निर्माण में सहायक होगा।

इस बजट में आवश्यकता है कि विनिर्माण की गति तेज करने के लिए भारत को लॉजिस्टिक और नीतिगत सुधारों की रफ्तार तेज रखने के प्रावधान करने होंगे। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना से विनिर्माण क्षेत्र को काफी गति मिली है, इसको जारी रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपूर्ति श्रृंखला का सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए श्रम शक्ति का कौशल व नवाचार क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण का प्रावधान तथा शोध व विकास कार्य को प्राथमिकता देना होगा।

महिला सशक्तिकरण, एआई, रोबोटिक्स, नवाचार के लिए अनुसंधान केंद्रों को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। टैरिफ वार के बीच एफटीए के माध्यम से उभरते नए बाजार-केंद्रित योजनाओं का प्रोत्साहन, डिजिटल इंडिया को केंद्र में रखते हुए डिजिटलीकरण के विस्तार पर विशेष बल देना होगा। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के अमल में आने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि, पशुपालन, औद्यानिकी, वानिकी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, हस्तशिल्प और डेयरी व्यवसाय इत्यादि क्षेत्रों को गति मिलेगी।

विकसित भारत व ग्रामीण विकास की इस योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए बजट में विशेष ध्यान देना होगा तभी ग्राम स्वराज की स्थापना हो सकेगी और गांव में रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। कुल मिलाकर इस बजट पर आम और खास सभी वर्गों की नजर होगी, यह बजट विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

## सुनो नहरों की पुकार: जब आस्था पर्यावरण से संवाद करती है

जब हम पूजा, परंपरा और श्रद्धा की बात करते हैं, तो अक्सर भूल जाते हैं कि धर्म का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा है- विनाश नहीं। जल, जो जीवन का आधार है, वही यदि हमारी आस्था के नाम पर अपवित्र हो जाए, तो यह आत्ममंथन का विषय बनता है। 'सुनो नहरों की पुकार' ऐसा ही एक जनजागरण अभियान है, जो हमें हमारी ही भूलों से रूबरू कराता है और बताता है सच्ची पूजा क्या है!



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

नहरें सिर्फ़ पानी का बहाव नहीं हैं। वे खेतों की हरियाली, पशुओं की प्यास, गांवों की संस्कृति और सभ्यता की धमनियां हैं। इन्हीं नहरों के सहारे किसान अपने खेतों में सोना उगाता है। पशु जीवन पाते हैं और ग्रामीण समाज की अर्थव्यवस्था चलती है। परंतु आज यही जीवन रेखाएं हमारी असावधानी और अंधी परंपराओं के कारण कराह रही हैं।

पूजा के बाद की सामग्री— मूर्तियाँ, फूल, कपड़े, प्लास्टिक, सिंदूर, अगरबत्ती, नारियल, यहां तक कि मृत पालतू पशु नहरों में प्रवाहित कर दिए जाते हैं। जो कर्म श्रद्धा के नाम पर किए जाते हैं, वे दरअसल प्रकृति के विरुद्ध अपराध बन चुके हैं।

इसी पीड़ा और चिंता से जन्मा 'सुनो नहरों की पुकार' अभियान। इसकी शुरुआत रोहतक में डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा (संयोजक) और हिसार में माननीय भूपेंद्र सिंह गोदारा के प्रयासों से हुई। यह कोई एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि वर्षों की तपस्या और निरंतर जागरूकता का परिणाम है।

यह अभियान न किसी राजनीतिक लाभ के लिए है, न किसी संगठनात्मक प्रसिद्धि के लिए। इसका उद्देश्य केवल एक है- नहरों को प्रदूषण से मुक्त करना और समाज की सोच में बदलाव लाना। गुरेरा गांव की मिट्टी से उठे मास्टर भूपेंद्र गोदारा ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले अनेक जागरूक साथी।

यह संकट केवल कृषि तक सीमित नहीं है। नहरों का पानी पीने वाले पशु, पक्षी और अन्य जीव रोगग्रस्त हो जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि जल प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए एक मौन आपदा बन चुका है। यदि नहरें बचेंगी तो खेत हरे-भरे रहेंगे, पशु-पक्षी सुरक्षित रहेंगे और आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ जल का उपहार पाएंगी।

## नासिक की पहचान बदल रहा है वाइन उद्योग

प्याज, लहसुन और फूलों समेत सब्जियों के लिए ख्यात नासिक अब वाइन उद्योग को बढ़ावा देने में लगा है, लेकिन क्या यह बाजार के अलावा व्यापक समाज के लिए भी मुनासिब होगा? अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देशों ने यही गलती तंबाकू के साथ की थी, जहां आम लोग एक किलो खाद्यान्न पर एक सिगरेट को प्राथमिकता देने लगे थे। क्या वाइन उद्योग भी नासिक इलाके में यही करेंगे?



महाराष्ट्र के नासिक ज़िले की सह्याद्रि पहाड़ियों में फैले 'वाइन यार्ड' आज एक ऐसे पर्यटन मॉडल का प्रतीक बन चुके हैं, जिसे आकर्षक शब्दों में 'वाइन टूरिज़्म' कहा जाता है। चमकदार ब्रांडिंग, दूर-दूर तक फैले अंगूर के बागान, टेस्टिंग रूम, कैफे, संगीत, खुले लॉन और फ़ोटो-स्पॉट। यह पूरा परिदृश्य किसी सामान्य पारिवारिक सैरगाह जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इस आकर्षक दृश्य के पीछे एक चिंताजनक सामाजिक-सांस्कृतिक तथा पर्यावरणीय कहानी छिपी है, जिसे पर्यटन के उत्साह में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दिनों हमें ऐसे ही एक यार्ड का भ्रमण करने का अवसर मिला, जिसे 'वाइन पर्यटन' का अग्रदूत माना जाता है। यहां आने वाले पर्यटक वाइन बनाने की प्रक्रिया देखने के साथ-साथ उसे चखते हैं। स्वाद लेते हैं। बोतलें खरीदते हैं और तथाकथित 'लाइफ़ स्टाइल अनुभव' का हिस्सा बनते हैं। यही मॉडल अब नासिक और आसपास के क्षेत्रों में अन्य वाइन ब्रांड्स द्वारा भी अपनाया जा रहा है। इन सभी परिसरों में शराब को केवल एक उत्पाद के रूप में नहीं, बल्कि आधुनिकता, आनंद और सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

यूं तो पर्यटन का उद्देश्य किसी स्थान की संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और वहां के लोगों से जुड़ना होता है, लेकिन 'वाइन पर्यटन' का मौजूदा स्वरूप इससे अलग दिशा में जाता दिखता है। यहां स्थानीय ग्रामीण जीवन, किसानों की वास्तविक परिस्थितियां और क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति हाशिये पर चली जाती है। केंद्र में रहता है ब्रांड, बाज़ार और प्रदर्शन। यह ऐसा पर्यटन है, जिसमें आनंद उपभोग से तय होता है। भारतीय समाज की सामूहिकता, सादगी और संयम की परंपरा इस मॉडल से सीधे टकराती है।

नासिक को भारत की 'वाइन कैपिटल' कहा जाता है। अनुमान है कि भारत में लगभग 70–80 वाइनरी हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक महाराष्ट्र में हैं और इनका बड़ा हिस्सा नासिक क्षेत्र में केंद्रित है। नासिक, सांगली, सोलापुर (आकलूज) और पुणे जैसे इलाकों को मिलाकर लगभग 45–50 वाइनरी सक्रिय या अर्ध-सक्रिय मानी जाती हैं। सरकारी नीतियां, निर्यात की संभावनाएं और पर्यटन इस विस्तार को लगातार गति दे रहे हैं, लेकिन यह विस्तार केवल आर्थिक अवसर नहीं लाता; इसके साथ सामाजिक और पर्यावरणीय दबाव भी बढ़ते हैं।

भारत विश्व के प्रमुख अंगूर उत्पादक देशों में शामिल है। देश में हर वर्ष लगभग 30–32 लाख टन अंगूर का उत्पादन होता है, जिसमें 55–60 प्रतिशत हिस्सेदारी महाराष्ट्र की है। नासिक अकेले भारत के कुल अंगूर उत्पादन का लगभग एक तिहाई करीब 9–11 लाख टन पैदा करता है। यह उत्पादन लगभग 1.4–1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैली खेती से आता है।

वाइन परिसरों में सबसे चिंताजनक दृश्य बच्चों की निर्बाध मौजूदगी है। छोटे बच्चे अपने माता-पिता और अन्य वयस्कों को वाइन-टेस्टिंग करते, बोतलें खरीदते और शराब को उत्सव से जोड़ते देखते हैं। बचपन में देखे गए अनुभव ही मूल्यबोध की नींव रखते हैं। इस तरह शराब एक प्रकार के सांस्कृतिक प्रशिक्षण का हिस्सा बन जाती है, जिसका प्रभाव आने वाले दशकों में दिखाई देगा। यह केवल नैतिक प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का मुद्दा है। असल सवाल यह है कि हम किस तरह का समाज गढ़ रहे हैं? क्या हम अपनी अगली पीढ़ी को यह सिखाना चाहते हैं कि आनंद, आधुनिकता और सामाजिक स्वीकृति का रास्ता मद्यपान से होकर गुजरता है?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## ब्रह्मोस का उन्नयन निरंतर चलने वाली परियोजना

**मॉस्को।** ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का उन्नयन और आधुनिकीकरण एक निरंतर चलने वाली परियोजना है, जिसका उद्देश्य हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ना है। रूसी संयुक्त उद्यम साझेदार एनपीओ माशिनोस्ट्रोयेनिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और मुख्य डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने उन्नत मार्गदर्शन और नियंत्रण प्रणालियों से लैस ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है, जिसे पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों या जमीन से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 1 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## एयरबस को मिला पहला एच175 हेलीकॉप्टर का ऑर्डर

**हैदराबाद।** फ्रांस की कंपनी एयरबस कॉर्पोरेट हेलीकॉप्टर्स को एक निजी भारतीय ग्राहक से तीन हेलीकॉप्टरों के लिए ऑर्डर मिले हैं। कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसे भारत से एच175 हेलीकॉप्टर के लिए पहला ऑर्डर मिला है। साथ ही दो ओसीएच160 हेलीकॉप्टर के ऑर्डर मिले हैं। उक्त ऑपरेटर के बेड़े में एसीएच160 हेलीकॉप्टर के पहले से शामिल हैं। एच175 दो इंजन वाला सुपर-मीडियम हेलीकॉप्टर है, जिसमें कुल 16 सीटें होंगी। इसकी डिलिवरी इसी साल होने की संभावना है। दो एसीएच160 हेलीकॉप्टरों को ग्राहक विशेष जरूरत के हिसाब से तैयार किया जायेगा और उनकी डिलिवरी अगले साल होगी।

## सेल-ई-ब्रेशन रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत सरकार के डिजिटल नागरिक सहभागिता मंच माईगव के सहयोग से सेल-ई-ब्रेशन नामक रचनात्मक प्रतियोगिता शुरू की है। सेल ने कहा कि इस पहल का मकसद नए भारत के निर्माण में इस्पात की भूमिका को डिजिटल कहानी से आम जन तक पहुंचाना है। इस्पात से राष्ट्र निर्माण, सेल है मजबूत भरोसे की पहचान थीम पर आधारित प्रतियोगिता में देश के डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स को रील, चलचित्र और डिजिटल विज्ञापनों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का लाभ 48% बढ़ा

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का दिसंबर 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 48% की वृद्धि के साथ 503 करोड़ रुपये रहा। निजी क्षेत्र के इस ऋणदाता ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 339 करोड़ का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आलोच्य तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 12,542 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 11,123 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय भी पिछले वर्ष की समान तिमाही के 9,343 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,417 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) बढ़कर 5,492 करोड़ रुपये रही।

# बैंक जमा, निवेश पर समान कर हो लागू

## एसबीआई प्रमुख शेट्टी बोले- वित्तीय बचत साधनों के लिए एक समान अवसर होने चाहिए

**मुंबई, एजेंसी**



- केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने की मांग

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने शनिवार को शेयर (इक्विटी) निवेश और बैंक जमा से होने वाली कमाई पर एक समान कर व्यवस्था लागू करने की वकालत की। केंद्रीय बजट से एक दिन पहले शेट्टी ने कहा कि दुनिया में अन्य कहीं भी कराधान में इस तरह की असमानता नहीं है और अब समय आ गया है कि भारत भी अन्य बाजारों के अनुरूप चले। उन्होंने बैंकिंग कार्यक्रम के इतर कहा कि वित्तीय बचत साधनों के लिए समान अवसर होने चाहिए।

शेट्टी ने बताया कि हालांकि वह बजट के प्रावधानों के बारे में नहीं जानते और इस तरह के कदम से राजकोषीय चुनौतियां भी हो सकती हैं, लेकिन इक्विटी के लिए किसी विशेष व्यवहार की आवश्यकता नहीं है। एक समय में आसान कराधान के माध्यम से इक्विटी निवेश को प्रोत्साहित करना सही रहा होगा, लेकिन आज जिस तरह से जोखिम भरे इक्विटी बाजार में लोगों की रुचि बढ़ रही है, वहां अब ऐसी विशेष रियायत की जरूरत नहीं है। वर्तमान में बैंक जमा पर रिटर्न करदाता के टैक्स स्लैब के अनुसार लगता है, जो 30 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके विपरीत, सूचीबद्ध इक्विटी पर रिटर्न पर रियायती दरें लागू हैं, जिसमें 1.25 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) पर 12.5 प्रतिशत और अल्पकालिक पूंजीगत लाभ (एसटीसीजी) पर 15-20 प्रतिशत कर लगता है।

### बचतकर्ता खातों में रख रहे केवल न्यूनतम शेष राशि

बैंकर पिछले कुछ समय से इन दोनों वित्तीय साधनों के बीच समानता की मांग कर रहे हैं और जमा राशि जुटाने में आ रही चुनौतियों के कारण अब यह मांग और तेज हो गई है। कई बैंकरों का कहना है कि बचतकर्ता अब काफी समझदार हो गए हैं और वे बैंक खातों में केवल न्यूनतम शेष राशि ही रख रहे हैं। वे बेहतर रिटर्न पाने के लिए अतिरिक्त धन को इक्विटी में लगाना पसंद कर रहे हैं। इससे बैंकों के पास ऋण देने के लिए उपलब्ध संसाधनों में कमी आती है और अक्सर उन्हें कर्ज की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी बॉन्ड में निवेश का सहारा लेना पड़ता है या मुद्रा बाजारों से उधार लेना पड़ता है।

### आठ नए क्षेत्रों को बढ़ाव देगा स्टेट बैंक का 'चक्र'

**मुंबई।** सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने आठ नवोदित क्षेत्रों को वित्त पोषण देने के लिए शनिवार को उत्कृष्टता केंद्र चक्र की शुरुआत की। उत्कृष्टता केंद्र जिन आठ क्षेत्रों पर फोकस करेगा उनमें नवीकरणीय ऊर्जा, एडवांस्ड सेल केमिस्ट्री एवं बैटरी स्टोरेज, इलेक्ट्रिक परिवहन, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर, डी-कार्बनाइजेशन, स्मार्ट बुनियादी ढांचा और डाटा सेंटर अवसंरचना शामिल हैं। बैंक ने बताया कि ये क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक भविष्य के मुख्य चालक के रूप में उभर रहे हैं। 2030 तक इन सेक्टरों में 100 लाख करोड़ के पूंजी निवेश की संभावना है। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू ने एसबीआई के चेयरमैन चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की उपस्थिति में चक्र का उद्घाटन किया। बैंक के प्रबंध निदेशक, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों एवं वैश्विक बैंकों के प्रतिनिधि, प्रमुख कॉरपोरेट समूह, वित्तीय संस्थान, उद्योग निकाय तथा पारितंत्र से जुड़े अन्य प्रमुख हितधारक भी उपस्थित थे।

## अरब देशों से व्यापार और निवेश को प्रगाढ़ बनाएगा भारत : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अरब देशों के साथ व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया है। उन्होंने शनिवार को अरब देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की, जिन्होंने पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में अरब लीग भूमिका की सराहना की।

भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक के लिए अरब देशों के विदेश मंत्री नई दिल्ली में हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, मोदी ने भारत और अरब जगत के बीच प्रगाढ़ और ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंधों को प्रेरित और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने आने वाले वर्षों में भारत-अरब साझेदारी को लेकर अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया और पारस्परिक लाभ को व्यापार और निवेश, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग और गहरा करने में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026

## ग्रीन एनर्जी आधारित इको-सिस्टम से सशक्त बनेगा प. उप्र



**संवाददाता, मेरठ**

- ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रेत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर रहे मुख्य अतिथि
- आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में 21, 22 एवं 23 फरवरी को होगा आयोजन

**अमृत विचार:** विक्टोरिया पार्क क्रिकेट ग्राउंड में इंडिया सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का अनावरण/सॉफ्ट लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा एवं नवीन ऊर्जा स्रोत विभाग के राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो ग्रीन एनर्जी और इलेक्ट्रिक व्हीकल क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

आयोजकों ने बताया कि आईआईए मेरठ चैप्टर की ओर से पहली बार मेरठ में इंडियन सोलर एंड ईवी एक्सपो-2026 का आयोजन होगा। यह 21, 22 एवं 23 फरवरी 2026 को आईआईए भवन, मोहकमपुर औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित होगा। आईआईए का लक्ष्य एक्सपो के माध्यम से 500 करोड़ से अधिक का व्यवसाय करना है। इसका उद्देश्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त और प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे उत्पादों और सेवाओं को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में कार्बन न्यूट्रैलिटी, सस्टेनेबिलिटी तथा ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में उद्यमिता के विकास जैसे विषयों पर सेमिनार होंगे। साथ ही प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग से जुड़ी सरकारी योजनाओं और प्रोत्साहनों पर भी प्रकाश डाला जाएगा। पीएम सूर्य घर और पीएम-कुसुम योजना एक्सपो के आकर्षण होंगे। आयोजकों को आशा है कि यह पहल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ग्रीन एनर्जी आधारित स्टार्टअप इको सिस्टम को सशक्त बनाएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं गति देगी।

# देश का चीनी उत्पादन 18.35% बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- उद्योग निकाय इस्मा के अनुसार 2025-26 में 31 जनवरी तक 1.95 करोड़ टन पहुंचा

देश में चीनी उत्पादन चालू सत्र 2025-26 में 31 जनवरी तक 18.35 प्रतिशत बढ़कर 1.95 करोड़ टन पर पहुंच गया है। उद्योग निकाय इस्मा ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य उत्पादक राज्यों में उत्पादन बढ़ने से यह वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले सत्र की समान अवधि में चीनी का उत्पादन 1.64 करोड़ टन रहा था। चीनी सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, वर्तमान में देशभर में 515 चीनी मिलें चालू हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 501 मिलें चल रही थीं। देश के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 31 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 42 प्रतिशत बढ़कर 78.7 लाख टन रहा। राज्य में अभी 206 मिलों का परिचालन हो रहा है, जबकि एक साल पहले इनकी संख्या 190 थी। दूसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में उत्पादन अब तक 55.1 लाख टन तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक है। इस्मा ने कहा कि तीसरे सबसे बड़े उत्पादक राज्य कर्नाटक में भी पेराई की गति तेज रही और वहां उत्पादन पिछले सत्र की इसी अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़ा है। इस्मा ने अनुमान जताया है कि 2025-26 के पूरे सत्र के लिए शुद्ध चीनी उत्पादन 18.6 प्रतिशत बढ़कर 3.09 करोड़ टन रह सकता है, जो पिछले सत्र में 2.61 करोड़ टन था।

## चावल सस्ता व गेहूं महंगा, खाद्य तेल और दालों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव गिर गए जबकि गेहूं में तेजी रही। वहीं, चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 31 रुपये घटकर 3,810 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं चार रुपये चढ़कर 2,866 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। दाल-दलहनों में उड़द दाल की कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मसूर दाल 59 और चना दाल 24 रुपये सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 20 और तुअर दाल की 11 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मूंगफली तेल की कीमत 118 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

## अडाणी अमेरिकी एसईसी से नोटिस लेने के लिए तैयार, 90 दिनों में देंगे जवाब

- रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह करने का आरोप

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली।** अरबपति गौतम अडाणी और उनके भतीजे सागर अडाणी अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) से दीवानी धोखाधड़ी के मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने को तैयार हैं। अदालती दस्तावेज से यह जानकारी मिली। इन पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वत देने की योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया।

न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में संघीय अदालत में दायर दस्तावेज के अनुसार एसईसी और गौतम तथा सागर अडाणी के अमेरिका स्थित वकीलों ने कहा कि वकील नियामक के कानूनी कागजात स्वीकार करने को सहमत हो गए हैं। इससे न्यायाधीश को अब फैसला देने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे तामिल कराया जाए। यह संयुक्त आवेदन संबंधित अदालत के समक्ष मंजूरी को प्रस्तुत किया गया है। यह कानूनी कार्यवाही में मानक प्रक्रियात्मक कदम है, जो मामलों के समाधान की अनुमति देता है।

### अनुपालन बोझ कम करने पर आईबीबीआई का जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के चेयरपर्सन रवि मित्तल ने शनिवार को कहा कि नियमों की प्रभावशीलता को बनाए रखते हुए अनुपालन आवश्यकताओं को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने मजबूत कॉरपोरेट शासन के महत्व पर भी बल दिया। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित वर्ल्ड फोरम ऑफ अकाउंटेंट्स के सत्र में मित्तल के साथ सेबी के प्रमुख तुहिन कांत पांडेय और एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने भी विचार साझा किए। मित्तल ने कहा कि कानूनों के बेहतर कार्यान्वयन और कम अनुपालन की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि आईबीबीआई ने आईआईएम अहमदाबाद से अपने नियमों की समीक्षा करने और अनुपालन आवश्यकताओं को सरल बनाने के लिए कहा है।



# टीएमसी से ज्यादा भ्रष्ट कोई सरकार नहीं : शाह

## सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय गृह मंत्री ने किया संबोधित

- सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ के लिए जमीन न देने का लगाया आरोप

**कोलकाता/सिलीगुड़ी, एजेंसी**



कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सुवेंदु अधिकारी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार जितनी भ्रष्ट कोई और सरकार देश में नहीं है। सिलीगुड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने राज्य सरकार पर सीमा सुरक्षा उपायों में बाधा डालने और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन उपलब्ध न कराने का भी आरोप लगाया।

शाह ने कहा कि मैंने संसद में कहा था कि बीएसएफ को बाड़ लगाने के लिए जमीन की जरूरत है। मैंने ममता बनर्जी को सात बार पत्र लिखा। मैं खुद भी उनके कार्यालय गया, लेकिन फिर भी जमीन नहीं दी गई। गृह मंत्री ने आरोप लगाया कि टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में समुदायों के बीच तनाव को बढ़ावा दे रही है। ममता बनर्जी ने यह सुनिश्चित किया है कि बंगाल में हर समुदाय एक-दूसरे से लड़े, जिससे राज्य की एकता के लिए खतरा पैदा हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर अमित शाह ने कहा कि भाजपा उत्तर बंगाल की सभी सीट पर जीत हासिल करेगी, क्योंकि लोग टीएमसी के सिंडिकेट राज और भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं।

### घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही टीएमसी

शाह ने आरोप लगाया कि राज्य के अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने में निर्वाचन का सहयोग नहीं कर रहे। इससे पहले, उत्तर 24 परगना के बैरकपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी बैठक में शाह ने टीएमसी सरकार पर घुसपैठियों को बचाने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने और चुनावी फायदे के लिए सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार का गठन अब सिर्फ राजनीतिक मकसद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस सत्ता से बाहर हो जाएगी।

### सरकार बनते ही 45 दिनों में सीमा पर लगेगी बाड़

शाह ने कहा कि जिस तरह से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन गया है। अदालत के आदेश के बाद भी टीएमसी बीएसएफ को सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन नहीं दे रही है, क्योंकि घुसपैठिए उसके वोट बैंक हैं। राज्य में प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही है, जिन्हें जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके पूरे देश में भेजा जा रहा है। शाह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वीकार किया कि मुख्यमंत्री बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने को भूमि देने में सहयोग नहीं कर रही हैं। चाहे ममता हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक भूमि दें या नहीं, अप्रैल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। असम से तुलना करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद वहां घुसपैठ रुक गई, जबकि कांग्रेस शासन के दौरान ऐसा नहीं था। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर शाह ने कहा, ममता जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन यह प्रक्रिया घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए जारी रहेगी।

## नीट अभ्यर्थी की मौत की सीबीआई जांच कराने की सिफारिश

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार ने पटना में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय छात्रा की हाल ही में हुई मौत की सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की है। इससे पहले, बिहार पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) इसकी जांच कर रहा था।

जहानाबाद की छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर में हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी और कई दिन तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न होने और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। चौधरी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत सरकार से पटना में नीट छात्रा की हत्या के मामले (केस नंबर- 14/26) की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया है।

## राकांपा ने विलय पर साधी चुप्पी गोयल बोले- ऐसी उम्मीद नहीं

**मुंबई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- राकांपा (शप) का दावा- अजित दोनों गुटों के विलय की रखते थे इच्छा, शरद पवार ने भी स्वीकारा

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुटों के विलय की संभावनाओं पर सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधे रखी, जबकि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उन्हें निकट भविष्य में ऐसा होने की कोई उम्मीद नहीं है। दूसरी ओर, राकांपा (शप) के नेताओं ने दावा किया कि अजित पवार दोनों गुटों के विलय की इच्छा रखते थे लेकिन पार्टी प्रमुख शरद पवार ने स्वीकार किया कि अब इस प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

राकांपा के एक गुट का नेतृत्व अजित पवार कर रहे थे और दूसरे की कमान उनके चाचा शरद पवार के पास है। अजित पवार का दो दिन पहले विमान दुर्घटना में निधन हो गया था। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति सरकार के हिस्से के रूप में राकांपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। गोयल ने राकांपा के दोनों गुटों के विलय की चर्चा पर कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। राकांपा का नेतृत्व पहले अजित पवार के पास था और अब सुनेत्रा पवार के पास है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल को राकांपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुझे नहीं लगता कि शरद पवार को राकांपा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है। मुंबई में राकांपा नेताओं प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया।

## बंगाल : एनआईए ने बेलडांगा हिंसा की जांच की शुरू

**कोलकाता।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में भड़की हिंसा की जांच शनिवार को शुरू की। यह हिंसा झारखंड में इस महीने की शुरुआत में एक प्रवासी मजदूर की मौत की खबर के बाद भड़की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए की टीम सुबह बेलडांगा पुलिस थाना पहुंची और जांच में पहले से शामिल अधिकारियों से बात की और उनसे दस्तावेज मांगे। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन करते हुए संघीय एजेंसी ने नए सिरे से प्राथमिकी दर्ज की है। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या हिंसा किसी संगठित साजिश, भ्रामक जानकारी के प्रसार या सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के लिए की गई उकसावे की कार्रवाई का परिणाम थी। बेलडांगा और आसपास के इलाकों में 16 जनवरी को उस समय तनाव फैल गया जब खबर आई कि इलाके के प्रवासी मजदूर की झारखंड के आश्रय स्थल पर मौत हो गई है। बिहार में इसी क्षेत्र के एक प्रवासी मजदूर पर हुए हमले की खबर आने के बाद लगभग दो दिनों तक स्थिति अस्थिर बनी रही और इलाके में अशांति की घटनाएं सामने आईं।

# फरवरी में तापमान होगा सामान्य से अधिक, बारिश भी होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएमडी के अनुसार, गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की हो सकती है समस्या, पैदावार होगी कमजोर

देश में फरवरी में मौसम सामान्य से अधिक गर्म रहने और बारिश कम हो सकती है, हिमालयी क्षेत्र में जहां सर्दियों के शुष्क होने को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जोड़ा जा सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि पूरे देश में फरवरी में होने वाली बारिश सामान्य से कम होगी और न्यूनतम और अधिकतम तापमान, दोनों सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है। गेहूं और जौ जैसी फसलों में समय से पहले पकने की समस्या हो सकती है, जिससे बाली में दाने नहीं बनेंगे और दाने हल्के हो जायेंगे तथा पैदावार कम हो जायेगी। महापात्र ने कहा कि उत्तर-पश्चिमी भारत (जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख शामिल हैं) में फरवरी में मासिक वर्षा सामान्य से कम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी के ज्यादातर भागों में पश्चिमी विक्षोभ की गैर मौजूदगी के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में सर्दियों में मौसम शुष्क बना रहा, जहां 20 जनवरी के बाद ही हिमपात हुआ। समय के साथ पश्चिमी हिमालय में वर्षा में कमी का रुझान देखा गया है, जिससे आईएमडी और अन्य संस्थानों द्वारा किए अध्ययनों में जलवायु परिवर्तन को बताया गया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का कौन सा विशेष पहलू पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश में कमी का कारण है।

## मोदी के जालंधर दौरे से पहले डेरा बल्लां और दो स्कूलों को बम की धमकी

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को संप्रदाय और दो स्कूलों को बम विस्फोट की धमकियां मिलीं। धमकी भरे ईमेल विद्यालयों को भेजे गए हैं और संदेश के पाठ में डेरा बल्लां को सीधे धमकी दी गई है।

पुलिस प्राधिकारियों ने दोनों स्कूल के परिसर में सुरक्षा जांच शुरू कर दी है और बम निरोधक दस्तों को बुलाया गया है। अवकाश होने के कारण विद्यालयों में छात्र नहीं थे। प्रधानमंत्री का गुरु रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को डेरा बल्लां जाने का कार्यक्रम है। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले बुधवार को चंडीगढ़ के कई विद्यालयों को धमकियां मिली थीं।

# साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र बनाने की जरूरत

**जयपुर, एजेंसी**



- साइबर अपराधों पर हाईकोर्ट सख्त, दो अपराधियों की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

राजस्थान हाईकोर्ट ने बढ़ते साइबर अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि कुछ वर्षों में देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि हुई है, जिससे हजारों लोग अपनी मेहनत की कमाई खो रहे हैं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढंढ ने शनिवार को दो साइबर अपराधियों की जमानत याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से नागरिकों को बचाने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र तैयार किया जाना आवश्यक है।

ऑनलाइन बैंकिंग या किसी भी डिजिटल लेन-देन से पहले लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, टेलीविजन और एफएम रेडियो के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए, ताकि लोग डिजिटल धोखाधड़ी का शिकार होने से बच सकें। हाईकोर्ट ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया को सरल और तेज करने पर भी ज़ोर दिया। न्यायालय के अनुसार, शिकायत प्रणाली जटिल होने के कारण कई पीड़ित समय रहते मदद नहीं ले पाते, जिससे उनका पैसा वापस पाना कठिन हो जाता है।

अदालत ने केंद्र और राज्य सरकारों के वित्त एवं गृह मंत्रालयों, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक और रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिये हैं कि वे मिलकर ऐसा तंत्र विकसित करें, जिससे ग्राहकों की मेहनत की कमाई अनधिकृत लेन-देन से सुरक्षित रहे। साथ ही, न्यायालय ने ग्राहकों का डेटा बेचकर अपराधियों को फायदा पहुंचाने वाली सोशल मीडिया कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिये। अदालत ने कहा कि साइबर अपराध केवल तकनीकी चुनौती नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का गंभीर मुद्दा बन चुके हैं।

# अमेरिका अपने सहयोगी देशों सऊदी अरब और इजराइल को देगा हथियार

● राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 15 अरब डॉलर के रक्षा सौदे को दी मंजूरी

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस ने ईरान में अशांति को लेकर तनाव के बीच पश्चिमी एशिया में अमेरिका के दो बड़े सहयोगी देशों, इज़राइल और सऊदी अरब को कुल 15.67 अरब अमेरिकी डॉलर की बड़ी नई हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सौदे को मंजूरी दे दी है। इज़राइल को 6.67 अरब डॉलर की नई बिक्री में चार अलग-अलग पैकेज शामिल हैं, जिसमें रॉकेट लॉन्चर और आधुनिक टारगेटिंग गियर से लैस 30 अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर शामिल हैं। इसके अलावा इज़राइली सेना के लिए संचार लाइनें बढ़ाने के मकसद से 3,250 हल्के टेक्टिकल वाहन शामिल हैं। कहा गया है कि सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर की बिक्री में 730 पैट्रियट मिसाइलें और संबंधित उपकरण शामिल हैं। इसका मकसद एक प्रमुख क्षेत्रीय गैर-नाटो सहयोगी का समर्थन करना है। विदेश विभाग ने पहले ही कांग्रेस को इन बिक्री की मंजूरी के बारे में सूचित कर दिया था।

### इजराइली राजनयिक को देश से निकाला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने इज़राइल के राजनयिक चार्ज डी अफेयर्स एरियल सेडमैन को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित करते हुए उन्हें 72 घंटे के भीतर देश छोड़ने का आदेश दिया। इसके जवाब में इज़राइल ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ समान कूटनीतिक कदम उठाने की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं सहयोग विभाग ने कहा कि यह निर्णय सेडमैन द्वारा कूटनीतिक मानदंडों के उल्लंघनों की शृंखला के बाद लिया गया है।

## डिजिटल दीवानगी का खूनी खेल

# रील एडिक्शन



आज के डिजिटल युग में रील शब्द किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर चंद सेकंड के वीडियो (रील्स) लोगों के मनोरंजन का सबसे बड़ा साधन बन चुके हैं। लेकिन, मनोरंजन की यह सीमा कब मौत के स्टंट में तब्दील हो गई, इसका अंदाजा शायद उन युवाओं को भी नहीं रहा जो कैमरे के सामने खड़े होते हैं। सोशल मीडिया पर लाइक्स, शेयर और रातों-रात वायरल होने की सनक ने एक ऐसा खतरनाक माहौल पैदा कर दिया है, जहां लोग अपनी और दूसरों की जान को दांव पर लगाने से भी नहीं कतरा रहे हैं। आंकड़े गवाह हैं कि सेल्फी और रील बनाने के चक्कर में होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। ट्रेन की पटरियों पर दौड़ते हुए वीडियो बनाना, ऊंची इमारतों की छतों पर स्टंट करना खतराए जान बन चुकी है।

### सुरक्षा के साथ मनोवैज्ञानिक संकट

● यह न केवल एक सुरक्षा संबंधी मुद्दा है, बल्कि बड़ा मनोवैज्ञानिक संकट भी है। युवा पीढ़ी के लिए सोशल मीडिया पर मिलने वाली डिजिटल अटेंशन एक तरह के डोपामाइन रश की तरह काम करती है, जो उन्हें अधिक जोखिम लेने के लिए उकसाती है। सरकार और प्रशासन समय-समय पर इसके खिलाफ एडवाइजरी जारी करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता के बिना इन हादसों को रोकना एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। इस समस्या की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल उत्तराखंड में ही पिछले दो वर्षों में रेलवे ट्रैक पर होने वाली मौतों में 63% की वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण रील और सेल्फी का शौक बताया गया है।

### बचाव के कुछ उपाय

● तकनीकी हस्तक्षेप : सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे एल्गोरिदम विकसित करने चाहिए जो खतरनाक स्टंट वाले वीडियो को प्रमोट करने के बजाय उन्हें सेंसर करें।

● प्रशासनिक सख्ती : पर्यटन स्थलों, झरनों और ऊँची चोटियों पर नो रील/नो सेल्फी जोन चिन्हित किए जाने चाहिए।

● शैक्षणिक जागरूकता : स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और सोशल मीडिया के मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में वर्कशॉप आयोजित की जानी चाहिए।

● कानूनी कार्रवाई : खतरनाक रील बनाने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने और भारी जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार रील बनाने की सनक डिजिटल वैनिटी का हिस्सा है। लोग असली जिंदगी से भागकर एक आभासी दुनिया में आदर्श छवि बनाना चाहते हैं, जिससे वे खतरनाक परिस्थितियों को भांप नहीं पाते हैं।

### सरकार के निर्देश और नियम

● आईटी नियम 2025-26 : केंद्र सरकार ने आईटी एमेंडमेंट रूल्स 2025 के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को हानिकारक और अश्लील सामग्री पर रोक के सख्त निर्देश दिए हैं।

● पुलिस की कार्रवाई : कई राज्यों की पुलिस (जैसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तर प्रदेश) ने खतरनाक सड़कों और रेलवे पटरियों पर रील बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शुरू कर दिया है।

● बीएनएस की धाराएं : भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत सार्वजनिक स्थानों पर जान जोखिम में डालने वाले कृत्यों पर दंड का प्रावधान है। उदाहरण के लिए, वंदे भारत ट्रेन के ट्रैक पर अवरोध उत्पन्न कर रील बनाने वालों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान में एक इमारत में धमाका, चार की मौत

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुज़ेस्तान में शनिवार को एक रिहायशी इमारत में गैस धमाके में चार लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख बावक रबीई के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांतीय राजधानी अहवाज़ में स्थित चार यूनिट वाली इमारत में गैस लीक होने के कारण हुई। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है।

### बैलेस्टेरास की तांबे की प्रतिमा के टुकड़े मिले

**मैड्रिड।** स्पेन के दिग्गज गोल्फ खिलाड़ी सेवे बैलेस्टेरोस की उनके गृहनगर पेट्रेना से चोरी हुई तांबे की आदमकद प्रतिमा को पुलिस ने एक स्टोर से कई टुकड़ों में बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि करीब 30 हजार यूरो (लगभग 27 लाख रुपये) मूल्य की इस प्रतिमा को चोरों ने टुकड़ों में काट दिया था और वे इसे कौड़ियों के भाव बेचने की तैयारी में थे। स्पेन के कैंटाब्रिया क्षेत्र स्थित सेंटेंडर के एक स्टोर रूम से बरामद इस प्रतिमा का कमर से कटा आधा हिस्सा मिला। इसका धड़ और सिर सुरक्षित हैं, लेकिन इसके हाथ कई टुकड़ों में टूट हुए पाए गए। पुलिस ने इस मामले में तांबा चोरी के पुराने अपराधी एक 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

### वेनेजुएला में रिहा होंगे राजनैतिक बंदी

**काराकस।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को एक ऐसे विधेयक की घोषणा की, जिसके जरिए सैकड़ों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुल सकता है। इनमें राजनीतिक कारणों से हिरासत में लिए गए विपक्षी नेता, पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता भी शामिल हैं। अमेरिका समर्थित विपक्ष लंबे समय से ऐसे कदम की मांग करता रहा है। यह तीन जनवरी को देश की बागडोर संभालने के बाद रोड्रिगेज द्वारा दी गई नई रियायत मानी जा रही है।

### झड़पों में 37 बलूच लड़ाकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों और बलूच लड़ाकू के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 सुरक्षा अधिकारी मारे गए और 37 बलूच लड़ाकों की मौत हो गई। सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रतिबंधित बलूचिस्तान मुक्ति सेना (बीएलए) ने शनिवार सुबह-सुबह क्वेटा, नोशकी और ग्वादर जिलों सहित 12 से ज़्यादा जगहों पर एक साथ हमले किये। पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 37 लड़ाके मारे गए।

# अमेरिकी जंगी बेड़े के करीब ईरान करेगा युद्धाभ्यास, एलान से तनाव

## अमेरिकी रक्षा मंत्रालय की चेतावनी, हरमुज में सुरक्षित रूप से अभ्यास करे ईरान

● युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान को बर्दाश्त नहीं करेगा अमेरिका

फ्लोरिडा/दुबई, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान की तरफ अपना सबसे बड़ा सैन्य बेड़ा भेजा है, जिससे पश्चिम एशिया में मौजूदा तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। वहीं ईरान ने भी मोर्चा संभालते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में दो दिवसीय नौसैनिक अभ्यास की घोषणा की है। इस पर अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने ईरानी सेना को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि वह अमेरिकी युद्धपोतों के ऊपर से उड़ान भरने जैसे असुरक्षित युद्धाभ्यास को बर्दाश्त नहीं करेगा।

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाली केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने ईरान की इस्लामी रेवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) से कहा है कि वह रविवार से हरमुज़ की खाड़ी में शुरू होने वाला अपना नौसैनिक अभ्यास सुरक्षित तरीके से करे और किसी भी अनावश्यक जोखिम को जन्म न दे। सेंटकॉम ने कहा कि आईआरजीसी नौसैनिक अभ्यास को इस तरह से करे जो सुरक्षित, पेशेवर हो और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए नौपरिवहन की आज़ादी को अनावश्यक जोखिम से बचाए। हरमुज़ खाड़ी एक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग है और एक ज़रूरी व्यापार गलियारा है, जो क्षेत्रीय आर्थिक समृद्धि में मदद करता है।

ईरान ने गुरुवार को एलान किया था कि वह हरमुज़ की खाड़ी में रविवार से नौसैनिक अभियान शुरू करेगा। ईरानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की नौसेना एक और दो फरवरी को हरमुज खाड़ी में गोलीबारी के साथ अभ्यास करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने पश्चिमी एशिया में अपना विमान वाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन भी तैनात किया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका हवाला देते हुए ईरान से अपनी शर्तें मानने के लिए भी कहा है।



### पुतिन से मिले ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह एक अघोषित उच्च स्तरीय बैठक थी। ईरान के शीर्ष नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार लारीजानी को पिछले साल अगस्त में इस पद पर नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद मॉस्को आए थे। क्रेमलिन ने कहा कि राष्ट्राध्यक्ष ने क्रेमलिन में रूस की यात्रा पर आए ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी का स्वागत किया। यह नहीं बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

### ईरान बातचीत के लिए तैयार : ट्रंप

**वाशिंगटन।** पश्चिमी एशिया में बढ़ती अमेरिका की सैन्य उपस्थिति के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के लिए एक अंतिम तारीख तय की गई है, हालांकि उन्होंने सही समय नहीं बताया। ईरान के पास एक अमेरिकी नौसैनिक पोत की तैनाती का ज़िक्र करते हुए कहा, उम्मीद है, हम एक समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो देखेंगे क्या होता है। अमेरिका ने जहां बातचीत के लिए तैयारी दिखाई, वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरान का रुख दोहराया। उन्होंने कहा कि ईरान आपसी हितों और सम्मान के आधार पर बातचीत को तैयार है।

## भारत में निपाह वायरस के मामलों से न घबराएं

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत में जानलेवा निपाह वायरस के दो मामले सामने आने के बाद कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है और देश के लिए फिलहाल कोई तात्कालिक खतरा नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि वह राष्ट्रीय संक्रामक रोग संस्थान (एनआईसीडी) के साथ मिलकर काम कर रहा है, जो स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में, राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) से मिली जानकारी का हवाला देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल दिसंबर से अब तक पश्चिम बंगाल में निपाह वायरस रोग के केवल दो मामले सामने आए हैं।

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि निपाह वायरस से संक्रमित दोनों नर्सों की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हुआ है और दोनों की जांच रिपोर्ट में अब संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है। निपाह वायरस पशुओं से फैलने वाला एक वायरस है, जो आमतौर पर चमगादड़ों से मनुष्यों में फैलता है।

# हमने सिर झुकाया, किया आत्मसम्मान से समझौता

● विदेशी ऋण पाने में अपमान पर बोले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मित्र देशों से वित्तीय सहायता मांगने में अपमानजनक स्थिति का जिक्र करते हुए इस बात को खुलकर स्वीकारा कि विदेशी ऋण लेने की मजबूरी में पाकिस्तान को अपना सिर झुकाना पड़ा है और आत्मसम्मान की कीमत पर समझौता करना पड़ा। इस्लामाबाद में शुक्रवार को देश के प्रख्यात व्यापारियों और निर्यातकों के सम्मान में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए शरीफ ने उस कठिन दौर को याद किया जब पाकिस्तान को दिवालियापन के डर का सामना करना पड़ा था और कुछ लोग इसे (पाकिस्तान को) तकनीकी रूप से विफल होने के कगार पर बता रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब हमने पदभार संभाला, तब आर्थिक स्थिति बेहद नाजुक थी और आम आदमी को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानमंत्री ने 2023 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रबंध निदेशक के साथ अपनी मुलाकात का जिक्र किया जिसके बाद वैश्विक ऋणदाता ने एक आर्थिक कार्यक्रम को मंजूरी दी जिससे देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने में मदद मिली। शरीफ ने कहा कि मित्र देशों ने मुश्किल समय में पाकिस्तान का पूरा समर्थन किया है और उन्होंने सेना प्रमुख एवं रक्षा बलों के प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर कई देशों के नेताओं से अरबों डॉलर के ऋण मांगने के लिए मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैं कैसे बताऊं कि हमने मित्र देशों से ऋण के लिए किस तरह अनुरोध किया? मित्र देशों ने हमें निराश नहीं किया।



### चुकानी पड़ती है ऋण की कीमत

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऋण से दायित्व भी उत्पन्न होते हैं जिन्हें पूरा करना होता है। उन्होंने कहा कि जब आप ऋण लेने जाते हैं तो आपको अपने आत्मसम्मान की कीमत चुकानी पड़ती है। आपको समझौता करना पड़ता है। कभी अनुचित मांगें सामने आ सकती हैं, उन्हें पूरा करना पड़ सकता है।

## हवाई अड्डे से 9.5 करोड़ रुपये का गांजा पकड़ा गया

**हैदराबाद।** तेलंगाना में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 9.5 करोड़ रुपये का 27.15 किलो गांजा जब्त किया और सात संदिग्धों को गिरफ्तार किया। हैदराबाद क्षेत्रीय इकाई के डीआरआई अधिकारियों ने 30 जनवरी को सुबह करीब 1.15 बजे थाई एयरवेज की उड़ान टीजी-329 से बैंकॉक से आ रहे चार भारतीय अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को उनके तीन साथियों के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे प्रतिबंधित सामान का लेन-देन कर रहे थे। जांच में ट्रॉली बैग से कई पैकेट बरामद किए। उसका 27.15 किलो वजन वाले इस पदार्थ का मादक पदार्थों का पता लगाने वाली किट से परीक्षण किया गया।

## पूर्वी कांगो में खदान ढहने से 200 लोगों की चली गई जान

● बारिश के चलते भूस्खलन से हुआ हादसा, कई लोग अभी फंसे

गोमा (कांगो), एजेंसी

पूर्वी कांगो में एक प्रमुख कोल्टन (कोलंबाइट-टैंटलाइट) खनन स्थल पर भूस्खलन के कारण कई खदानें ढह जाने से कम से कम 200 लोग मारे गए। विद्रोहियों की इकाई ने यह जानकारी दी। विद्रोहियों की इकाई द्वारा नियुक्त उत्तरी किवू प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता लुमुम्बा कंबेरे मुयिसा ने बताया कि यह भूस्खलन बुधवार को रुबाया खदानों में हुआ जो विद्रोहियों के नियंत्रण में हैं। उन्होंने कहा कि भूस्खलन भारी बारिश के कारण हुआ।

मुयिसा ने कहा कि फिलहाल 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से कुछ अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं और उन्हें निकाला नहीं जा सका है। उन्होंने बताया कि घटना में कई अन्य लोग घायल हुए हैं और उन्हें रुबाया कस्बे के तीन स्वास्थ्य केंद्रों में ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि शनिवार को घायलों को एंबुलेंस से निकटतम शहर गोमा ले जाया जाएगा। मुयिसा ने बताया कि उत्तरी किवू की विद्रोही इकाई द्वारा नियुक्त गवर्नर ने अस्थायी रूप से खनन कार्य पर रोक लगा दी और खदान के पास आश्रय बनाने वाले निवासियों को हटाने का आदेश दिया है। रुबाया पूर्वी कांगो के मध्य में है जो मध्य अफ्रीकी राष्ट्र का खनिज-समृद्ध हिस्सा है और दशकों से सरकारी बलों तथा रवांडा समर्थित एम23 सहित विभिन्न सशस्त्र समूहों की हिंसा से त्रस्त है।

## केंद्र ने आईजी पद पर तैनाती के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस के अधिकारियों की केन्द्र में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर तैनाती के नियमों में बदलाव करते हुए कहा है कि इसके लिए केन्द्र में एसपी या डीआईजी पद पर दो वर्ष तक कार्य का अनुभव अनिवार्य है। यह नियम वर्ष 2011 के बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों पर लागू होगा। इसका उद्देश्य नेतृत्व वाले वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति से पहले अधिकारियों के लिए केंद्रीय स्तर पर पर्याप्त अनुभव सुनिश्चित करना है। आदेश में कहा गया है कि वर्ष 2011 बैच और उसके बाद के आईपीएस अधिकारियों के लिए केन्द्र में आईजी के लिए एसपी या डीआईजी स्तर पर दो वर्ष की केंद्रीय प्रतिनियुक्ति अनिवार्य है।

# गाजा में इजराइली हमलों में बच्चों सहित 23 फिलिस्तीनियों की मौत

● मृतकों में दो परिवारों की दो महिलाएं व छह बच्चे भी शामिल

गाजा पट्टी, एजेंसी

गाजा में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए हमलों में कम से कम 23 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अक्टूबर में संघर्ष रोकने के लिए हुए समझौते के बाद इजराइली हमले में मारे गए लोगों की संख्या सबसे अधिक है।

अस्पतालों के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल द्वारा हमास पर संघर्ष विराम उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद गाजा में कई स्थानों पर हमले हुए, जिनमें एक इमारत और खान यूनिस में तम्बू वाले एक शिविर पर घातक हमले शामिल हैं। इन हमलों में जान गंवाने वाले लोगों में दो अलग-अलग परिवारों की दो महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि गाजा शहर में एक थाने पर भी हवाई हमला हुआ, जिसमें 11 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए। गाजा के सबसे दक्षिणी शहर में मिस्र की सीमा पर राफा क्रॉसिंग खुलने से एक दिन पहले ये हमले हुए। क्षेत्र की सभी सीमाएं बंद कर दी गई हैं। नासिर अस्पताल ने कहा कि तम्बू वाले शिविर पर हमले में आग लग गई, जिसमें एक व्यक्ति, उसके परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोग मारे गए। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी अपार्टमेंट इमारत पर हमले में तीन बच्चों, उनकी चाची और दादी की मौत हो गई।

### हमले संघर्ष विराम का खुला उल्लंघन


हमास ने शनिवार के हमलों को नए सिरे से खुला उल्लंघन कहा तथा अमेरिका और अन्य मध्यस्थ देशों से आग्रह किया कि वे इजराइल पर हमले रोकने के लिए दबाव डालें। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि एक दिन पहले संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने के जवाब में इजराइल ने शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के तक हमले किए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम शुरू होने के बाद से इजराइली गोलीबारी में 509 के मारे जाने का दावा किया।

## आज का भविष्यफल

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा 2 फरवरी 03.38 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- शिशिर।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 23.58 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज दूसरों के भरोसे अपने जरूरी काम न छोड़ें। हालांकि पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। परिजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में कुछ नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़ी परेशानी रहेगी।

**वृष** — आज मन में अज्ञात भय का प्रभाव रहने वाला है। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यवसाय में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहेगा। आप अपनी जॉब को बदलने का विचार बना सकते हैं। आपके आदर्शों और व्यवहार की प्रशंसा होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। बड़े भाई-बहनों के साथ व्यवहार में कड़वाहट हो सकती है।

**कर्क** — आज अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बुजुर्ग आपसे नाराज हो सकते हैं। धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर मिल सकता है। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। रुके हुए निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं।

**सिंह** — आज घर में मांगलिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। नए लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा। बच्चों से व्यवहार अच्छा रखें। आपका मन किसी कारण खराब हो सकता है।

**कन्या** — आज अपना मनोबल और आत्मविश्वास बनाए रखें। दोपहर के बाद आपको शुभ समाचार मिलेंगे। संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा। जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। व्यस्तता के बावजूद परिवार के लिए समय निकालेंगे।

**तुला** — आज शाम के समय मित्रों के साथ भोजन का आनंद ले सकते हैं। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं, तो आपको काफी अच्छे परिणाम मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज विरोधी आपकी आलोचना कर सकते हैं। कर्मचारियों की गतिविधियों की जानकारी रखें। आप में सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें। उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा। लोग आपके कार्यों की आलोचना कर सकते हैं। जीवन में आपको बड़े परिवर्तन करने से बचना चाहिए।

**मकर** — आज व्यापार में बिक्री बढ़ सकती है। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें। आप अपने परिजनों को पूरा समय देंगे। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। आप जिन अवसरों को तलाश रहे थे, वे आपको प्राप्त हो सकते हैं। नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों को परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं।

**मीन** — आज सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्तम परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। करियर को लेकर किसी से सलाह लेना उचित नहीं है। प्रेमीजन के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

## सुडोकू-48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 9 | | 1 | | | |
| 9 | | 3 | | 2 | | | 5 | |
| | | | | 7 | | 3 | | |
| 5 | | | 8 | | | 7 | | |
| | | 4 | | | | | | 1 |
| | | 2 | | | 6 | | | 5 |
| | | | | 6 | | | | 9 |
| | 1 | | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 4 | | 7 | | 1 | |

### सुडोकू - 47 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 |
| 9 | 7 | 5 | 4 | 6 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 |





# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, रविवार, 1 फरवरी 2026

## हाईलाइट

### कपिल ने टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने पर जोर दिया

**नई दिल्ली।** भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव का मानना है कि विश्व कप के लिए उतरने से पहले राष्ट्रीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनी हुई है लेकिन उन्होंने जोर दिया कि टेस्ट क्रिकेट को इस खेल की नींव बनाए रखना चाहिए। भारत की तैयारी पर बात करते हुए कपिल ने कहा कि जहां सबसे छोटा प्रारूप लोकप्रिय हुआ है तो वहीं खेल की बेहतर सेहत सुनिश्चित करने के लिए लंबे प्रारूप पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए। विश्व कप 1983 में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के कप्तान रहे कपिल ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा उन्होंने कहा एकदिवसीय क्रिकेट को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। मैं समझता हूं कि टी20 क्रिकेट रोमांचक है लेकिन खेल का आधार टेस्ट क्रिकेट है और हमें इसके साथ एकदिवसीय क्रिकेट में भी अधिक समय निवेश करना चाहिए।

### गुकेश की खिताब की उम्मीदें खत्म

**विक आन जी।** डी गुकेश ने हमवतन अराविंद चिदंबरम से ड्रॉ खेला जिससे टाटा स्टील मास्टर्स 2026 में इस मौजूदा विश्व चैम्पियन की खिताब की उम्मीदें खत्म हो गई। आर प्रज्ञानानंदा भी विंसेंट केमेर के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सके। साल के पहले सुपर टूर्नामेंट में दो दौर ही बाकी हैं और उजबेकिस्तान के सिंदारोव तथा अब्दुसत्तोरोव सात सात अंक लेकर शीर्ष पर हैं। हाल ही में विश्व शतरंज कप जीतने वाले सिंदारोव ने अर्जुन एरिगेसी को हराया। गुकेश का सामना अब नीमैन और फिर केमेर से होगा।

### सैम करन ने टी20 हैट्रिक ली

**पल्लेकेले।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन अपने देश के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने टी 20 हैट्रिक ली है। इंग्लैंड ने शुक्रवार को पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में श्रीलंका को 11 रन (डीएलएस मेथड) से हराया। करन ने श्रीलंका के निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, उन्होंने लगातार गेंदों पर दासुन शनाका, महेश थीक्षाना और मथीशा पथिराना को आउट किया। इस तरह क्रिस जॉर्डन के टी20 इंटरनेशनल में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद करन ऐसा करने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं।



आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल खिताब के साथ एलेना रिबाकिना व उपविजेता दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका।

# इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच और अल्काराज

**मेलबर्न, एजेंसी**

थकान और खुशी के पल में नोवाक जोकोविच ने भीड़ में मार्गरेट कोर्ट को पहचान लिया और उन्हें इतनी देर तक जागकर उन्हें अब तक के सबसे सफल टेनिस खिलाड़ी बनने से सिर्फ एक जीत दूर पहुंचते हुए देखने के लिए धन्यवाद दिया। रोड लेवर एरिना में 83 साल की कोर्ट दो बार के गत ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर पर जोकोविच की पांच सेट की जीत के दौरान वीआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। यह मुकाबला शनिवार सुबह डेढ़ बजे खत्म हुआ।

ये दोनों 24 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब का सर्वकालिक रिकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन रविवार को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने शीर्ष रैंकिंग वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मुकाबला तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है। अल्काराज और सिनर मिलकर अब तक जोकोविच को 25वां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से रोकने में सफल रहे हैं। दोनों ने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम खिताब बराबर संख्या में जीते हैं। सेमीफाइनल में जीत के बाद जोकोविच ने कोर्ट को धन्यवाद दिया।

### मर्टेन्स और झेंग, हैरिसन और स्कुप्स्की ने युगल खिताब जीता

मेलबर्न। एलिस मर्टेन्स ने शनिवार को चीन की झेंग शुआई के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतकर महिला युगल में नंबर एक रैंकिंग पर वापसी की जबकि अमेरिका के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की ने पुरुष युगल खिताब जीता। चार साल बाद एक टीम के तौर पर वापसी करने वाली मर्टेन्स और झेंग पहले सेट में 0-3 और 1-4 से पीछे थीं लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए कजाखस्तान की एना डैनिलिना और सर्बिया की एलेक्जेंड्रा क्रूनिक को 7-6, 6-4 से हराया। पुरुष युगल के फाइनल में हैरिसन ने मैच प्वाइंट पर ऐस लगाकर स्कुप्स्की के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के जेसन कुबलर और मार्क पोलमैन्स की जोड़ी को 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। कुबलर का अपने घरेलू ग्रैंडस्लैम फाइनल में उतरने से पहले जीत-हार का रिकॉर्ड 14-3 था।



यूएस के क्रिश्चियन हैरिसन और ब्रिटेन के नील स्कुप्स्की।

# भारत ने टी-20 सीरीज पर 4-1 से कब्जा किया

## न्यूजीलैंड को पांचवें व अंतिम मैच में 46 रनों से हराया

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईशान किशन के शानदार शतक के बाद अर्शदीप सिंह के पांच विकेट की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड को पांचवें और आखिरी टी20 मैच में 46 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 271 रन बनाए थे। जवाब में न्यजीलैंड की टीम 225 रनों पर सिमट गई।

भारतीय बल्लेबाज ईशान ने 43 गेंद में 103 रन बनाये जिसमें छह चौके और दस छक्के शामिल थे। यह टी20 प्रारूप में उनका पहला शतक है। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 30 गेंद में चार चौकों और छह छक्कों की मदद से 63 रन की पारी खेली। दोनों ने करीब दस ओवर में 137 रन की साझेदारी की। इस श्रृंखला में लगातार पांचवीं बार नाकाम रहे सैमसन (छह) की टी20 विश्व कप की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। वह लॉकी फर्ग्युसन की गेंद पर आउट हुए। अभिषेक शर्मा (16 गेंद में 30 रन) ने शुरूआत तो अच्छी की लेकिन फर्ग्युसन की तेज रफ्तार गेंद पर विकेट गंवा बैठे। भारत का स्कोर पावरप्ले के बाद दो विकेट पर 54 रन था। इसके बाद सूर्यकुमार और ईशान ने मोर्चा संभाला। चोट के कारण चौथे टी20 से बाहर रहे ईशान ने मैदान के चारों ओर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने फर्ग्युसन को एक्स्ट्रा कवर पर छक्का और चौका लगाकर दबाव बना दिया। ईशान ने ईश सोढी को चौका लगाकर अपना अर्धशतक 28 गेंदों में पूरा किया। वहीं टी20 क्रिकेट में तीन हजार रन पूरे करने वाले सूर्यकुमार ने जैकब डफी को छक्का लगाकर 26 गेंद में पचासा पूरा किया। ईशान ने भी टी20 क्रिकेट में एक हजार रन पूरे कर लिए। उन्होंने सोढी को 12वें ओवर में चार चौके और दो छक्के लगाकर 29 रन दिए। इस बीच सूर्यकुमार को बायें हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनेर की गेंद पर टिम सीफर्ट ने स्टम्प आउट किया। ईशान ने 42 गेंदों में शतक पूरा किया।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाते अक्षर पटेल व अर्शदीप सिंह। एजेंसी



ईशान किशन।

**103** रन
**43** गेंद
**6** चौके
**10** छक्के

**42** गेंदों पर शतक पूरा किया ईशान ने

### भारत

**271/5 (20 ओवर)**

| | |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा बो फर्ग्युसन | 30 |
| सैमसन का जैकब्स बो फर्ग्युसन | 06 |
| ईशान किशन का फिलिप्स बो डफी | 103 |
| सूर्यकुमार स्ट सीफर्ट बो सेंटनेर | 63 |
| हार्दिक का जैकब्स बो जैमीसन | 42 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 07 |

गेंदबाजी :डफी 4-0-53-1, जैमीसन 4-0-59-1, फर्ग्युसन 4-0-41-2, सोढी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सेंटनेर 4-0-60-1

# पाक से एशिया कप का बदला लेने उतरेगा भारत

**बुलावायो, एजेंसी**

पांच बार का चैंपियन भारत रविवार को यहां आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली शर्मनाक हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन से हार गया था जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 90 रन से जीता था।

भारतीय अंडर-19 टीम ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पाकिस्तान के साथ मैच के बाद हाथ मिलाने से परहेज किया। उस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण मैच के दौरान भी भारत ने ऐसा ही किया था। रविवार को आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी।

किसी भी मैच से पहले सचिन तेंदुलकर से वर्चुअल हौसलाअफजाई मिलना सपनों के सच होने जैसा होता है और भारतीय खिलाड़ियों को इस महान खिलाड़ी से कुछ कीमती सलाह मिली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने लिखा मौजूदा अंडर-19 विश्व कप में खेल रही भारत की अंडर-19 टीम ने विश्व क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की। बीसीसीआई ने लिखा यह एक बहुत बहुमूल्य अनुभव था जिसमें अगली पीढ़ी को लगातार बदलते खेल में सफलता और लंबे समय तक बने रहने के लिए जरूरी चीजों के बारे में जानकारी और नजरिया मिला, जो सिर्फ तकनीकी कौशल और फिट रहने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि एकाग्रता, अनुशासन, विनम्रता और सफलता से जुड़े रहने की अहमियत भी है।

अंडर-19 विश्व कप में अब तक भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। टीम ने अमेरिका पर छह विकेट की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और फिर ग्रुप चरण में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराया। पाकिस्तान के रूप में भारत का अगला मैच एक मजबूत विरोधी के खिलाफ होगा और एशिया कप फाइनल में बड़ी हार म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को परेशान कर सकती है।

**अंडर-19 विश्व कप**



- सचिन तेंदुलकर ने वर्चुअल बातचीत कर बढ़ाया हौसला



रणजी में विदर्भ के खिलाफ शॉट लगाते उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा। एजेंसी

# उत्तर प्रदेश को जीत के लिए छह विकेट की दरकार

**नागपुर, एजेंसी**

गत चैंपियन विदर्भ को रणजी ट्रॉफी नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अपने मुख्य बल्लेबाज अमन मोखाडे से काफी उम्मीद हैं क्योंकि रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के आखिरी दिन उसे उत्तर प्रदेश के खिलाफ 110 रन और बनाने हैं जबकि उसके छह विकेट बाकी हैं।

उत्तर प्रदेश के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विदर्भ ने चार विकेट 91 रन रन बना लिए हैं। दोनों टीम ने पहली पारी में समान 237 रन बनाए थे जिसके बाद उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में 200 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने तक मोखाडे छह चौकों की मदद से 50 रन बना चुके हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

उत्तर प्रदेश के लिए बांए हाथ के स्पिनर शिवम शर्मा तीन विकेट ले चुके हैं और टूटती हुई पिच पर अंतिम दिन 110 रन बनाना आसान नहीं होगा। अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा आंध्र प्रदेश पहली पारी में 170 रन की बड़ी बढ़त लेकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है। टीम की नजरें सोविमा में अपने आखिरी ग्रुप मैच में नागालैंड के खिलाफ बोनस अंक हासिल करने पर हैं।नागालैंड के पहली पारी के 366 रन के जवाब में आंध्र ने अपनी पारी नौ विकेट पर 536 रन पर घोषित कर दी। चेंगलपेट राजन ज्ञानेश्वर (नाबाद 227) ने आंध्र के लिए दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने केवी शशिकांत (60) के साथ छठे विकेट के लिए 142 रन और त्रिपुराना विजय (54) के साथ आठवें विकेट के लिए 119 रन जोड़े। नगालैंड ने दूसरी पारी में 85 रन तक चार विकेट गंवा दिए और उसे पारी की हार से बचने के लिए 85 रन और चाहिए।जमशेदपुर में पहली पारी में 19 रन से पिछड़ने के बाद झारखंड को नॉकआउट में क्वालीफाई करने के लिए आखिरी दिन ओडिशा को हराने की मुश्किल चुनौती का सामना करना है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक ओडिशा ने आठ विकेट पर 202 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 221 रन हो गई है। ओडिशा ने पहली पारी में 282 रन बनाए थे जिसके जवाब में झारखंड टीम 263 रन पर सिमट गई थी। सलेम में तमिलनाडु ने सलामी बल्लेबाज आर विमल कुमार के 182 रन की मदद से बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। बड़ौदा के पहली पारी के 375 रन के जवाब में तमिलनाडु ने तीसरे दिन का खेल सात विकेट पर 411 रन पर खत्म किया।





- मोखाडे के अर्धशतक से विदर्भ नॉकआउट की दौड़ में बरकरार

### मिलर को खेलने की मंजूरी मिली

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर बल्लेबाज डेविड मिलर को टी20 विश्व कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई।

मिलर को एसए 20 के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा वह दक्षिण अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। सीएसए ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा बल्लेबाज डेविड मिलर को भारत और श्रीलंका में आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप 2026 खेलने के लिये मेडिकल मंजूरी मिल गई है।

**गर्व की बात**

**जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए बोले-वह देखते थे नीली जर्सी पहनने का सपना**

# बुमराह के साथ खेलने वाले मोनांक कर रहे अमेरिका की अगुआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जब अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल डेढ़ दशक पहले गुजरात के एक शानदार अंडर-19 क्रिकेटर के तौर पर मशहूर वानखेड़े स्टेडियम के मैदान पर उतरे तो उनके साथ एक और तेजतर्रार तेज गेंदबाज था जिसका एक्शन बड़ा ही अनोखा था- जसप्रीत बुमराह। उस समय मोनांक को शायद ही पता था कि बुमराह आगे चलकर सभी प्रारूप में भारत के सबसे महान गेंदबाज बनेंगे। जूनियर क्रिकेट के पुराने अच्छे दिनों को याद करते हुए मोनांक को वे दिन याद आए जब वह भारत के लिए नीली जर्सी पहनने का सपना देखते थे।

भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने की तैयारी कर रहे मोनांक ने पीटीआई को बताया हां, अक्षर (पटेल) और जसप्रीत (बुमराह) के साथ खेलने की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं। मैंने गुजरात अंडर-19 का अपना पहला साल जसप्रीत के साथ खेला था और उससे पहले मैं अक्षर के साथ अंडर-16 खेला था। हम (बुमराह और वह) दो साल, दो सत्र तक साथ रहे। गुजरात टीम के लिए बहुत सारे मैच खेले। उन्हें याद है बुमराह तब भी बाकियों से बेहतर थे।

मोनांक ने याद करते हुए कहा हमने लाल और सफेद गेंद, दोनों तरह का क्रिकेट खेला और वह सच में बहुत खास समय था। यह मेरे क्रिकेट के सफर का शुरुआती दौर था और तब भी जिस तरह से हम खेल रहे थे, विशेषकर जिस तरह से जसप्रीत प्रदर्शन कर रहा था, हम जानते थे कि उसमें वह एक्स फैक्टर है और वह निश्चित रूप से कुछ बड़ा करेगा। लेकिन मोनांक के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने 2013 में जब हमेशा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया तो उन्होंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में सोचा था जबकि उन्हें 2010 में ही ग्रीन कार्ड मिल गया था।

मैं अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता था। लेकिन क्रिकेट अमेरिका में शीर्ष 10 खेल में भी नहीं है और मोनांक के लिए इससे पेशेवर तौर पर पूरी तरह से जुड़ना आसान फैसला नहीं था। उन्होंने कहा ''2018 में यह आसान नहीं था। हमारे लिए सिर्फ क्रिकेट खेलकर वित्तीय रूप से आगे बढ़ना आसान नहीं था। इसलिए जब हम 2018 या 2019 में खेलते थे तो पूरे साल हमारा कार्यक्रम व्यस्त नहीं होता था। लेकिन बाद में जैसे ही हमने अच्छा करना शुरू किया और हमें 2020 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का दर्जा मिला तो वित्तीय स्थिति और मौकों के हिसाब से भी सब कुछ बेहतर होता गया। इसलिए एक खिलाड़ी के तौर पर शुरुआती दो-तीन साल थोड़े मुश्किल थे लेकिन हम इससे बहुत अच्छे तरीके से निपटे। भारत और पाकिस्तान की टीम दोनों देशों के बीच कड़वाहट के बीच मोनांक पाकिस्तानी मूल के अली खान और शायन जहांगीर के साथ मैदान पर उतरते हैं तो उनका लक्ष्य सिर्फ अपने देश का प्रतिनिधित्व करना होता है।

**टी-20 विश्व कप**
**6 दिन शेष**



### गुजरात से रणजी में मौका नहीं मिला तो चले गए अमेरिका

उन्होंने कहा मेरे पास 2010 से ग्रीन कार्ड था और मैंने 2013 के बाद फैसला किया कि मैं अमेरिका जाना चाहता हूं। मेरा परिवार पहले से ही वहां बसने की योजना बना रहा था। मोनांक ने कहा मैंने वहां एक-दो महीने रहने की कोशिश की और फिर भारत वापस आ गया और रणजी ट्रॉफी में गुजरात के लिए खेलने की आखिरी कोशिश करने के बाद। जब मुझे वह मौका नहीं मिला तो मैंने अमेरिका वापस जाने और हमेशा के लिए वहीं बसने का फैसला किया। मोनांक ने रेस्टोरेंट व्यवसाय की तरफ रुख किया लेकिन क्रिकेट से हमेशा उनका जुड़ाव रहा। उन्होंने कहा जब मैं अमेरिका गया तो मेरा विजन और लक्ष्य सिर्फ क्रिकेट खेलना नहीं था।

# दिल्ली को एलिमिनेटर में जगह बनाने से रोकने उतरेगा यूपी

**वडोदरा, एजेंसी**

कुछ शीर्ष बल्लेबाजों की खराब फॉर्म की समस्या से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां वुमेंस प्रीमियर लीग मैच के आखिरी लीग मैच में यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की तलाश में होगी। दिल्ली की जीत उन्हें सीधे गुजरात जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में जगह दिला देगी। टीम ऐसी स्थिति में आठ अंक के साथ लीग में तीसरे स्थान पर रहेगी और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स की टीम बाहर हो जाएगी। दूसरी ओर निचले पायदान पर मौजूद यूपी वारियर्स की जीत मुंबई की टीम के लिए रास्ता खोल सकती है।

उस स्थिति में तीन टीम – मुंबई, दिल्ली कैपिटल्स और वारियर्स तीनों के समान छह अंक रहेंगे और नेट रन रेट (एनआरआर) तय करेगा कि फाइनल में जगह बनाने के लिए एलिमिनेटर में गुजरात जाइंट्स का सामना कौन सी टीम करेगी।इन तीन टीम में से माइनस 1.146 के साथ वारियर्स का नेट रन रेट सबसे खराब है। दिल्ली का माइनस 0.164 जबकि मुंबई का प्लस 0.059 है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तालिका में शीर्ष पर रहते हुए पहले ही सीधे फाइनल में जगह बना चुकी है।

**महिला प्रीमियर लीग**



यूपी की विकेट कीपर एमी जोन्स।

- आखिरी लीग मुकाबला आज शाम 7:30 बजे से

**यूपी वारियर्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, शिप्रा गिरी, एमी जोन्स, किरण नवगिरे, प्रतिका रावल, सिमरन शेख, गोंगाडी त्रिशा, डिएंड्रा डॉटिन, चार्ली नॉट, शिखा पांडे, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, क्लो ट्रायोन, सोफी एकलेस्टोन, क्रांति गौड़, सुमन मीणा।

**दिल्ली कैपिटल्स :** जेमिमा रोड्रिग्स (कप्तान), तानिया भाटिया, चिनेल हेनरी, लिजेल ली, निकी प्रसाद, शेफाली वर्मा, लॉरा वोल्वार्ट, लूसी हैमिल्टन, मारिजेन कैप, एलेना किंग, स्नेह राणा, प्रगति सिंह, मीनू मणि, नंदिनी शर्मा, श्री चरणी और एडला श्रुजाना।